आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 18°C |

इनसाइड न्यूज

बिजनेसमैन से रिश्वत मांगने पर आईएएस अभिषेक प्रकाश सस्पेंड

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 21 मार्च, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 156 | www.janexpresslive.com/epaper

पीएम मोदी ने भरवाड़ समाज के समारोह... 12

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी बर्दाश्त नहीं: सीएम

## सीएम योगी ने देवीपाटन मंडल के 1,423 युवा उद्यमियों को बांटे 55 करोड़ रुपये के ऋण

**जन एक्सप्रेस। गोण्डा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवीपाटन मंडल के 1,423 युवा उद्यमियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत 55 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत शिल्पकारों को टूलकिट भी वितरित किया। साथ ही सीएम योगी ने युवा उद्यमियों द्वारा लगाई गई स्टार्टअप प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अगर युवा ऊर्जा को सही दिशा में अवसर मिले, तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति से ही उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा।

- डबल इंजन सरकार युवा उद्यमियों के आर्थिक स्वावलंबन में सहभागी बन रही है: सीएम
- महाकुंभ ने बनाए आस्था और आजीविका के नए कॉरिडोर: योगी
- पहले बीमारू राज्य कहलाने वाला यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है: योगी
- महिलाओं को नौकरी में दी जा रही प्राथमिकता, सरकारी नौकरी में बढ़ी महिलाओं की संख्या
- कनेक्टिविटी से लेकर स्वच्छता तक अब गोंडा में दिख रहा विकास: मुख्यमंत्री

### महाकुंभ ने बनाए आस्था और आजीविका के नए कॉरिडोर: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश में आयोजित महाकुंभ ने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में हुए इस सदी के सबसे बड़े सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन ने मानवता का अद्भुत समागम प्रस्तुत किया। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महाकुंभ ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की नई आधारशिला रखी। इसने साबित किया कि आस्था का सम्मान आजीविका का आधार बन सकता है और संस्कृति को सुरक्षा देने से समृद्धि आती है। महाकुंभ के कारण उत्तर प्रदेश में आस्था और आजीविका के नए कॉरिडोर बने, जैसे प्रयागराज से विंध्यवासिनी धाम, काशी, अयोध्या, देवीपाटन, गोरखपुर, चित्रकूट, नैमिषारण्य, मथुरा, वृंदावन तक। इन कॉरिडोर ने आर्थिक उन्नयन को बढ़ावा दिया और युवाओं को स्वावलंबन के नए अवसर दिए।

### कनेक्टिविटी से लेकर स्वच्छता तक अब गोंडा में दिख रहा विकास- मुख्यमंत्री

गोंडा के विकास पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले गोंडा से लखनऊ की दूरी तय करने में 3.5 घंटे लगते थे, जो अब घटकर 1.75 घंटे हो गई है। गोंडा से देवीपाटन मंदिर की यात्रा पहले 2 से 3.5 घंटे में होती थी, जो अब 45 मिनट में पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह कनेक्टिविटी सरकार की प्राथमिकता है। गोंडा के लिए बाईपास स्वीकृत हो चुका है, और मेडिकल कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज और गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे संस्थान स्थापित किए गए हैं। 2016-17 में देश के सबसे गंदे शहरों में शुमार गोंडा आज स्वच्छता की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि गोंडा अब एक सुंदर शहर बन रहा है। उन्होंने पर्यटन नीति के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में एक स्थल के सौंदर्यीकरण की योजना का भी जिक्र किया।

### 25-27 मार्च को होने वाले मेले में अन्य युवाओं को भी लाभान्वित करने का भरोसा दिलाया

सीएम योगी ने कहा कि युवा शक्ति के स्वावलंबन से उत्तर प्रदेश और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने 1,423 युवाओं को ऋण वितरण पर बधाई दी और 25-27 मार्च को होने वाले मेले में अन्य युवाओं को भी लाभान्वित करने का भरोसा दिलाया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को अमृत महोत्सव वर्ष में आप युवा ही साकार करेंगे। उन्होंने युवाओं से धैर्य और इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया, ताकि वे उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बना सकें।

### डबल इंजन सरकार युवा उद्यमियों के आर्थिक स्वावलंबन में सहभागी बन रही है: सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार युवा उद्यमियों के आर्थिक स्वावलंबन में सहभागी बन रही है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की ताकत उसकी युवा प्रतिभा, ऊर्जा और अनुशासन से मापी जाती है। जहां युवाओं को अवसर मिलते हैं, वहां कोई ताकत उस देश का बाल भी बांका नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के तहत 3 लाख से अधिक युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें से 32,700 से अधिक युवा उद्यमियों को ऋण स्वीकृत हो चुका है। सीएम योगी ने बताया कि आने वाले 25, 26 और 27 मार्च को हर जनपद में होने वाले तीन दिवसीय मेले में और अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे लोन के कार्य की ट्रेनिंग लें, ताकि वे सफल उद्यमी बन सकें। पहली बार 5 लाख तक का लोन मिलने के बाद अगली बार 10 लाख तक की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो युवा कल तक रोजगार के लिए भटकता था, वह अब उद्यमी बनकर जनपद और प्रदेश को आगे बढ़ाएगा।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई बनेगी नजीर: मुख्यमंत्री

भ्रष्टाचार पर सख्त रुख अपनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने युवाओं को आगाह किया कि अगर कोई लोन दिलाने के नाम पर पैसे मांगता है, तो उसकी शिकायत करें। सरकार सिंगल विंडो सिस्टम और निवेश सारथी के जरिए मदद करेगी। योगी ने चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार करने वालों पर ऐसी कार्रवाई होगी कि वे नजीर बन जाएंगे और भविष्य में सरकारी सेवा में जगह नहीं पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार घुन की तरह व्यवस्था को खोखला करता है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए समाज को सरकार के साथ मिलकर लड़ना होगा। यह युवाओं और आने वाली पीढ़ी के विकास के लिए जरूरी है।

### सरकारी नौकरी में बढ़ी महिलाओं की संख्या: योगी

महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस में केवल 10,000 महिलाएं थीं। हाल ही में 60,244 की भर्ती में 12,000 बेटियां शामिल हुईं। उन्होंने घोषणा की कि अब हर भर्ती में कम से कम 20त्न पद बेटियों के लिए आरक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि अब तक 1,56,000 भर्तियों में 25,000 से अधिक बेटियों को नौकरी दी जा चुकी है। इसके अलावा, 7.5 लाख सरकारी कर्मचारियों की भर्ती पहले ही हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, और सरकार उनके लिए हर संभव अवसर सुनिश्चित कर रही है।

### यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर गर्व जताते हुए कहा कि पहले बीमारू राज्य कहलाने वाला यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम इसे नंबर एक बनाएंगे। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक खाद्यान्न, गन्ना और एथेनॉल उत्पादन करने वाला राज्य है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (स्न्स्न्श्व) की सर्वाधिक इकाइयां यूपी में हैं, और हर इकाई को 5 लाख की सुरक्षा बीमा दी गई है। योगी ने कहा कि वन जिला वन प्रोडक्ट और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के जरिए हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मान दिया गया। जो देश अपने युवाओं और अन्नदाताओं को सम्मान देता है वही समृद्धि के शिखर पर पहुंचता है।

---

## अनामिका शुक्ला फर्जी शिक्षक प्रकरण मामले ने फिर पकड़ा तूल

# एसआईटी-एसटीएफ जांच के सरकारी दावे की आरटीआई में खुली पोल

### गृह मंत्रालय से प्राप्त जन सूचना में जांच कराए जाने का जिक्र ही नहीं

- गोण्डा के आरटीआई एक्टिविस्ट सुनील त्रिपाठी ने गृह मंत्रालय से आरटीआई के तहत मांगा था जवाब
- सरकारी विभागों के अधिकारियों की सांठगांठ से किया गया करोड़ों रुपए का घोटाला

**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

कोरोना काल में सुर्खियों में रहे अनामिका शुक्ला फर्जी शिक्षक मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ा है। अनामिका के दस्तावेजों पर 25 से ज्यादा लोगों के नौकरी के मामले पर विधानसभा में खूब हंगामा बरपा था। जिसके बाद योगी सरकार ने एसआईटी, एसटीएफ और विजिलेंस जांच करवाने का दावा किया था। लेकिन गोण्डा एक्टिविस्ट सुनील त्रिपाठी ने गृह मंत्रालय से प्राप्त एक जन सूचना का हवाला देकर योगी सरकार के दावे की पोल खोल दी है। इसमें बताया है कि उत्तर प्रदेश में अनामिका शुक्ला फर्जी शिक्षक प्रकरण की जांच न तो एसआइटी ने की है और न ही विजिलेंस या एसटीएफ से कराई गई है।

### देशभर में चर्चित हुआ था मामला

अनामिका शुक्ला फर्जी शिक्षक प्रकरण ने पांच साल पहले देशभर में सुर्खियां बटोरीं थी। इस मामले की वजह से सरकार की खूब किरकिरी हुई थी और योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति पर भी सवाल उठाए गए थे। विपक्ष ने जमकर बवाल काटा था, लेकिन हैरानी इस बात की है कि करोड़ों रुपए के इस चर्चित शिक्षक घोटाले की अब तक जांच ही नहीं कराई गई है। हालिया घटनाक्रम से तो मामले में उच्च स्तरीय अधिकारियों की संलिप्तता होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

> उक्त मामले की जांच की चल रही है शिक्षिका अनामिका शुक्ला का वेतन रोक दिया गया है 25 मार्च को सुनवाई में डेट लगी है।
>
> -अतुल कुमार तिवारी
> बेसिक शिक्षा अधिकारी गोण्डा

### इस साल 1.64 लाख का भुगतान

आरटीआई से पता चला है कि इसी साल 9 जनवरी 2025 को अनामिका शुक्ला के नाम से 1,64,418 रुपए का भुगतान किया गया है। मगर हैरान करने वाली बात ये है कि जिस स्कूल से इतनी राशि का भुगतान किया गया है, उस स्कूल (भैया चंद्रभान दत्त स्मारक लघु माध्यमिक विद्यालय रामपुर टेंगरहा, थाना तरबगंज जिला गोंडा) ने अनामिका शुक्ला नाम की किसी भी शिक्षिका के होने से इन्कार कर दिया है।

### मामले में जांच के आदेश, 25 को सुनवाई

अनामिका शुक्ला को हाल ही में भुगतान किए गए मामले को लेकर राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश ने आयोग ने बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक और आर्थिक अपराध शाखा लखनऊ को जांच का आदेश दिया है। कहा कि जांच करें कि कैसे एक ही नाम से 25 से ज्यादा लोगों को सरकारी स्कूलों में वेतन जारी हो रहा है। वित्त एवं लेखा अधिकारी (बेसिक शिक्षा) गोंडा को निर्देश दिया गया है कि इस पूरे घोटाले की जांच कर रिपोर्ट पेश करें। बेलसर और तरबगंज के खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अनामिका शुक्ला नाम से कार्यरत शिक्षकों की लिस्ट तैयार करने को कहा है। सभी अधिकारियों को 25 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई में रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए गए हैं।

### अनामिका ने खुद को बताया था बेरोजगार, मगर हो रहा भुगतान

अनामिक शुक्ला प्रकरण जब साल 2020 में चर्चा में आया तो मूलरूप से गोंडा की रहने वाली असली अनामिका शुक्ला ने अपने अभिलेखों का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध नगर कोतवाली गोंडा में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद कई लोगों की गिरफ्तारी हुई और वे जेल में हैं। उस दौरान अनामिका शुक्ला ने खुद को बेरोजगार बताया था। जबकि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी से पता चला कि अनामिका शुक्ला गोंडा के ही एक वित्त पोषित विद्यालय में साल 2016 से नौकरी कर रही हैं और बेसिक शिक्षा विभाग से उन्हें भुगतान भी किया जा रहा है।

### सरकारी धन का हो रहा गबन, बिना काम के भुगतान

अनामिका शुक्ला खुद को बेरोजगार बता रहीं हैं जबकि उनके खाते में शिक्षा विभाग से पैसे आ रहे हैं। स्कूल उनके शिक्षिका होने से इन्कार कर रहा है। फिर सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर अनामिका शुक्ला को घर बैठे का भुगतान शिक्षा विभाग क्यों कर रहा है। सरकारी धन का गबन करने के पीछे की मंशा क्या है? ऐसे बहुत से सवाल हैं जिनका जवाब जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

---

## राजधानी की आबो हवा खराब कर रहा सोनी का सोना ब्यूटी सैलून

### काले कारोबार की सरगना सोनी के आशिक अनुज शेट्टी की बिल्डिंग में ही हो रहा

# जिस्मफरोशी का कारोबार

### अपराध की जड़ तलाशने में नाकाम लखनऊ पुलिस को शिकायत का इंतजार

- मुस्कान कॉम्प्लेक्स के मालिक अनुज शेट्टी की सरपरस्ती में हो रहा देह व्यापार
- वीआईपी रोड़ स्थित सोना ब्यूटी सैलून में मसाज की आड़ में परोसा जा रहा जिस्म

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

कभी अपनी मेहमान नवाजी और तहजीब के लिए सुमार लखनऊ अब बेअदबी के लिए भी सुर्खियों में रहने लगा है। जो शहर अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहर को समेत कर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करता था वहीं शहर आज अय्याशियों का अड्डा बनता जा रहा है। नेचुरल और हर्बल थेरेपी के नाम पर लाइसेंस लेकर चंद अय्याश लोगों ने स्पा सेंटरों का नाम इस कदर बदनाम किया कि स्पा सेंटर में जाने वाले हर व्यक्ति के चरित्र को सामान्य तौर पर शक की निगाह से देखा जाने लगा है। वहीं अमन और शांति का संदेश देने वाली लखनऊ पुलिस के चंद लालची अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिस्म के सौदागरों से ही हाथ मिला लिया है। मामला कृष्णा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीआईपी रोड़ पर स्थित मुस्कान कॉम्प्लेक्स में चल रहे सोना ब्यूटी सैलून का है। जहां खुलेआम जिस्मफरोशी का काला कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इस काले कारोबार में मुस्कान कॉम्प्लेक्स के मालिक अनुज शेट्टी की बहुमंजिला इमारत का इस्तेमाल लंबे अरसे से होता चला आ रहा है। जिस्मफरोशी के धंधे की सरगना सोनी अपने आशिक अनुज शेट्टी के साथ पहली मंजिल का सेंटर संभालती है, उसकी मैनेजर शिवानी तिवारी दूसरी मंजिल पर तमाम युवाओं की जिंदगियां तबाह कर उन्हें गलत रास्ते पर ले जाने के कारोबार को बाहरी लड़कियों के साथ मिलकर अंजाम देती है।

सेंटर के अंदर साथ बैठा अनुज शेट्टी और स्पा संचालक सोनी



सेंटर के अंदर मौजूद नाबालिग लड़कियां

### स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध!

जन एक्सप्रेस की पड़ताल में स्पा सेंटर के संचालन में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सबसे बड़े सवाल खड़े हुए। पुलिस के कुछ कर्मियों द्वारा स्पा सेंटरों के संचालन का मासिक सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं ऐसे पुलिसकर्मी सुविधा शुल्क लेने के बाद स्पा सेंटर संचालकों से पूरी ईमानदारी निभाते हैं और उच्च अधिकारियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की गोपनीय सूचना भी स्पा सेंटर संचालक तक पहुंचाई जाती है।

### मामले पर लखनऊ पुलिस की प्रतिक्रिया!

> उक्त प्रकरण के संबंध में एसीपी कृष्णानगर के सीयूजी नंबर 9454401490 पर संपर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ, जबकि कृष्णानगर थाना प्रभारी ने शिकायत मिलने के बाद ही कार्यवाही करने की बात कही।
>
> अभी कोई शिकायत नहीं मिली है शिकायत मिलेगी तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।
>
> -थाना प्रभारी, कृष्णानगर।

### गंदे काम के लिए लड़कियों को किया जाता है ब्लैकमेल!

नाम न लिखने की शर्त पर सोना ब्यूटी सैलून की एक महिलाकर्मी ने बताया कि इस केंद्र पर तकरीबन 60 लड़कियों को मैनेज किया जाता है, हर रोज़ बदल बदल कर लड़कियों को रखा जाता है।, ताकि रोजाना आने वाले ग्राहकों का मूड चेंज किया जा सके। महिलाकर्मी ने आगे बताया कि यहां पूर्व में कई लड़कियों को सोनी द्वारा बंधक भी बनाया जा चुका है, उनकी आईडी छीन ली गई, उन्हें मारा पीटा गया, जिनमें से बाद में कुछ लड़कियां काम करने के लिए तैयार हो गई और कुछ को वापस भेज दिया गया। कभी कभी नाबालिग बच्चियों को भी बहला फुसला कर काम पर लगा दिया जाता है, जिनमें से अभी भी कुछ मौजूद हैं।

### कॉलिंग और सोशल मीडिया के जरिए बुलाए जाते हैं ग्राहक!

सोशलमीडिया के जरिए स्पा सेंटर संचालक के पास एक डेटा बेस तैयार किया जाता है, जिससे बाद विजीटर्स को आने के लिए वहां काम करने वाली लड़कियों से मनमोहक अंदाज में बात करवाकर बुलाया जाता है। फोन कर नए कस्टमर को सेंटर पर बुलाया जाता है और उन्हें लड़कियां दिखाई जाती हैं और इस तरह अधिकतर युवाओं को इसकी लत लगाई जा रही है, जिसमें कामकाजी से लेकर स्कूली बच्चों तक का आना जाना लगा रहता है।

### देह व्यापार की आय में लगता है स्थानीय पुलिस का हिस्सा

जानकारों की मानें तो ऐसे मसाज सेंटर की आड़ में जिस्मफरोशी का यह धंधा थाना व चौकी पुलिस की साठ-गांठ के बिना नहीं किया जा सकता। विश्वस्त सूत्रों की जानकारी के अनुसार सोना ब्यूटी सैलून से कृष्णानगर थाने के नाम पर दस हजार रुपए प्रति माह व पुरननगर चौकी इंचार्ज के लिए दस हजार रुपए प्रति माह के हिसाब से पार्लर की मालकिन सोनी की ओर से पुलिस को सुविधा शुल्क के तौर पर भेजी जाती है। इन मसाज सेंटर माफियाओं द्वारा पहले महीने के हिसाब से स्थानीय पुलिस से पैसा तय कर पुलिस को पहुंचाया जाता है, इसके बाद यह लोग मसाज पार्लर के नाम पर संचालित कर रहे सेंटर्स में धड़ल्ले से जिस्मफरोशी का धंधा करते हैं। जानकारों का मानना है कि इस काम में रुपए के दम पर स्थानीय पुलिस भी पूरा संरक्षण देती है।



**अगले अंक में पढ़िए.... कैमरे में कैद स्पा सेंटर के अंदर का काला सच....**

### राजधानी में स्पा के नाम पर होने वाले देह व्यापार की रोकथाम के लिए एक्सपर्ट की राय

राजधानी में स्पा सेंटरों में देहव्यापार की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर पुलिस और प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। यह समस्या न केवल नैतिक और सामाजिक रूप से गलत है, बल्कि यह महिलाओं के शोषण का भी एक रूप है।

### इस समस्या को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन को निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए

**नियमित छापेमारी**

पुलिस को नियमित रूप से स्पा सेंटरों पर छापेमारी करनी चाहिए और देहव्यापार में शामिल लोगों को गिरफ्तार करना चाहिए।

**सख्त सजा**

देहव्यापार में शामिल लोगों को सख्त सजा देनी चाहिए, जिससे अन्य लोगों को यह अपराध करने से रोका जा सके।

**जागरूकता अभियान**

पुलिस और प्रशासन को जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, जिससे लोगों को देहव्यापार के बारे में जानकारी मिल सके और वे इसके खिलाफ आवाज उठा सकें।

**स्पा सेंटरों की निगरानी**

पुलिस और प्रशासन को स्पा सेंटरों की निगरानी करनी चाहिए

## ग्राम पंचायतों में प्रन्येक शुक्रवार को लगेगी चौपाल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चैपाल 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' का आयोजन कराए जाने के लिए दिए गए निर्देशों के क्रम में आगामी 4 अप्रैल से 26 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चैपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसका विकासखंड वार तथा ग्राम पंचायत वार रोस्टर बनाया गया है। बताया कि ग्राम चैपाल आयोजन के लिए जिला स्तरीय अधिकारी भी नामित किए गए है। कहा कि ग्राम चैपाल आयोजन किए जाने सम्बन्धी निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक सप्ताह की शुक्रवार को रोस्टर के अनुसार दो ग्रामों में ग्राम चैपाल का ससमय सफल आयोजन करते हुए सूचना प्रेषण की कार्यवाही ससमय करना सुनिश्चित करें।

# गांव बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा: पद्मश्री उमाशंकर पांडेय

## अंतिम पायदान के व्यक्ति की प्रसन्नता ही जीवन का आधार: गोपाल भाई

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गांव के विकास के ही शहर का और देश का विकास होगा। अगर गांव में पानी है तो जीवन बचेगा, गांव में पानी नही है तो किसी का भी जीवन सुरक्षित नहीं रहेगा। यह बाते सृजन कार्यक्रम के द्वारा आयोजित की क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर आये पदमश्री उमाशंकर पांडेय ने कहीं।

उन्होंने सृजन संस्था को धन्यवाद देते हुये कहा कि वास्तव में यह कार्य एफडीएफसी के सहयोग से हो रहा है, इसलिये वित्तपोषण के लिए उन्हें धन्यवाद है, लेकिन इस कार्य में बड़ी भूमिका सृजन के कार्यकर्ताओं की रही जिन्होंने लगभग 1500 परिवारों के जीवन को बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में , हर मेड पर पेड हर गांव में उजियारा, बेटा पढे और बेटी पढे यह हमारा काम है, जिसे हम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तौर पर फैलाने का काम कर रहे है।

इस दौरान सृजन की बरगढ इकाई के पंकज शर्मा ने पिछले तीन साल व चार माह में कराये गये कार्यों की जानकारी देते हुये बताया कि 12 तालाब, 6 नये चैकडैम , 29 चैकडैम की मरम्मत , 5 नये कूपों का निर्माण, 41 कुओं की मरम्मत, 33 गैबियन, 562 दोहा, 249 एकड़ मेड बंधान, 14 सोलर एरीगेशन पम्प, 277 स्प्रिगलर सेट, 1456 किचन गार्डेन, 22 एग्री टूल बैंक, बायो इनपुट बैंक, 35 प्राकृतिक कृषि केंद्र, 165 मचान विधि खेती, 2 तपोवन , 275 बगीचा, 389 ट्री प्लांटेशन कार्य कराया गया। इसका फायदा 5412 किसानों का जीवन स्तर बदल रहा है। उन्हें प्रतिदिन की आमदनी मिलने लगी है।

एचडीएफसी के सीएसआर मैनेजर अभिषेक समाधिया ने कहा कि उन्होंने वित्तपोषण किया, देश भर में हजार जगहों पर हम काम कर रहे हैं, लेकिन बुंदेलखंड के इस इलाके पर जो काम हुआ है वह अद्वितीय है। गांव में जाकर देखने पर पता लगता है कि काम बहुत उच्चकोटि का है। हम अगले आने सालों में सृजन के साथ और भी अच्छे काम करेंगे।

इस दौरान अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने पाठा की प्यास को बताते हुये कहा कि इन इलाकों में और भी ज्यादा सघनता के साथ काम करने की जरूरत है। इस दौरान कोल गायक सुखराम की टीम ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया तो बांदा से आये जादूगर राज शक्ति ने लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन मोनी मिश्रा ने किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार संदीप रिछारिया, केवीके के आर ए नेगी, झांसी से सुशांत सौरभ, शिवपुरी से लक्ष्मण जेठानी, झांसी अनिल शर्मा, बरगढ पंकज शर्मा, राधवेंद्र कुमार, मोनी मिश्रा, पवन यादव, वैशाली आचार्या, अजय पटेल, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार के साथ गांवों से आई सैकडों लाभान्वित महिला किसान मौजूद रहीं।

## नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्री-प्राइमरी एजुकेशन को सशक्त बनाने के लिए वंडर बाक्स एवं अन्य सामग्रियों के प्रयोग पर आधारित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं संबंधित विद्यालय के नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। जिसमें प्री-प्राइमरी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण बीआरसी रामनगर पर बीती 17 मार्च को आयोजित किया गया था। जिसमें 50-50 प्रतिभागियों ने दो बैच में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रथम बैच के प्रतिभागियों का प्रशिक्षण 17 व 18 मार्च तथा द्वितीय बैच के प्रतिभागियों का प्रशिक्षण 19 व 20 मार्च तक संचालित हुआ। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं नोडल शिक्षकों को वंडर बॉक्स के अंतर्गत सामग्रियों का प्रयोग करते हुए प्री-प्राइमरी स्तर के बच्चों की कक्षा को रुचिकर बनाने, शिक्षण कार्य में क्राफ्ट का प्रयोग करने, बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करने, बच्चों में नई चीजे सीखने की जिज्ञासा उत्पन्न करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्रबुद्धजन सभा का माही पैलेस में हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/उरई।** प्रबुद्धजन सभा का आयोजन कोच बस स्टैंड स्थित माही पैलेस में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना एवं अतिविशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश श्रीवास्तव प्रभारी प्रकोष्ठ एवं विभाग भाजपा एवं विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत घनश्याम अनुरागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उदेश्य प्रत्येक समाज हर वर्ग के प्रबुद्धजनो के साथ समाजिक समस्याओं के सम्बन्ध में वार्ता व सुझाव लिए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दिलीप सेठ प्रदेश महामन्त्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट महेन्द्र कुमार निगम द्वारा मुख्य अतिथि मंत्री को चाँदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अथितियो में अशोक राठौर, महेन्द्र कुमार अग्रवाल, अरूण छिरोरिया, अरविन्द्र नगाइच, राजेन्द्र निगम, सुनील शर्मा, पुरोषत्तम सक्सेना, गणेश गोस्वामी, सचिन गौस्वामी, अजय राजपुत, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, भगवान सिंह निरंजन आदि लोग उपस्थित रहे।

### मुहाना के जंगल में भीषण आग से ग्रामीणों में खौफ

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के मुहाना के जंगल में अचानक आग लग गई। इस आग पर ग्रामीणों ने काबू करने का प्रयास किया, लेकिन लपटें कम होने की जगह और तेज होती चली गई। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद ग्रामीणों ने डकोर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग और दमकल कर्मियों को घटना के बारे में अवगत कराया। जिसके बाद वन विभाग की टीम तो मुहाना पहुंच गई, लेकिन रास्ता ठीक न होने के कारण दमकल की गाड़ियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जिससे एक गाड़ी पहुंच सकी और आग को बुझाने में जुटी है। धुआं और लपटों को देख ग्रामीणों के चेहरों पर भी खौफ नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल इसी तरह जंगल मे आग लगती हैं। फिलहाल जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। डकोर एसआई प्रेमपाल ने बताया कि दमकल की झ्यादा से झ्यादा गाड़ियों को जल्द पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा हैं। फिलहाल जान माल का कोई नुकसान नहीं है।

### पन्नी गई मायके पति ने केरोसिन डालकर लगाई आग, उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के मगरौल में पत्नी के मायके जाने से क्षुब्द पति ने केरोसिन डालकर आग लगा ली। जिसकी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगरौल निवासी छुन्ना प्रजापति का 30 वर्षीय पुत्र सोनू लप्जरी बस का चालक था। परिजनों ने बताया कि उसकी पत्नी किसी बात को लेकर हुए झगडे के बाद होली के त्यौहार के पहले मायके चली गई थी। जिससे वह अवसाद में रहता था और इसी बात से कुंठित होकर 13 मार्च को ठीक होली के दिन घर में ही उसने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया था और परिजनो ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। लेकिन हालत ख़राब होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। हालत सुधरने के बजाए दिनो दिन बिगड रही थी। जिससे उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। जहां पर वुधवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसका शव गुरुवार सुबह घर लाया गया और उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है।फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डीएम ने जनसुनवाई में आम नागरिकों की सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतो का मौके पर ही समाधान किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से दूरभाष से सम्पर्क कर जिलाधिकारी ने शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अपने कार्यालय में जनसुनवाई करें और जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनसुनवाई व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर समाधान करें और उसकी आख्या समय पर प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है।

### युवक ने गांव की ही किशोरी के साथ दिया दुष्कर्म की वारदात को अंजाम

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गांव की ही किशोरी के साथ जबरन खींचकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। पीड़ित किशोरी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

आटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी बुधवार को मानसिक रूप अर्द्ध विक्षिप्त मां के साथ खेत में काम कर रहे पिता को खाना देने जा रही थी। बताया गया कि जैसे ही किशोरी गांव से बाहर खेत के पास पहुंची। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे अनुज ने उसे पकड़ लिया। जब उसने विरोध किया तो वह उसे घसीटता हुए खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी व उसकी मां के चिल्लाने पर जब आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर आने लगे तो आरोपित युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। इसके बाद किशोरी पिता के पास पहुंची और आपबीती बताई। देर शाम पिता पुत्री को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया और साथ ही जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने किशोरी की डाक्टरी कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध मामला दर्जकर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द से जल्द उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## 125 ग्राम चौकीदारों एवं अंश कालिक सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के तत्वाधान में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी परिसर में क्षेत्र के ग्राम चौकीदार एवं अंश कालिक सफाई कर्मचारियों के साथ सुरक्षा एवं स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 125 ग्राम चौकीदारों एवं अंश कालिक सफाई कर्मचारियों को कम्बल, मोजे एवं प्रेसर कुकर का वितरण किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस विभाग में सबसे निचले पायदान पर कार्यरत ग्राम चौकीदार व अंश कालिक सफाई कर्मचारी शामिल है। जिन्हें सम्मानित करने एवं पुलिस विभाग को एक साथ जोड़ने के लिए इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कहा कि इस राष्ट्र के निर्माण में ग्राम चैकीदार एवं सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य ग्राम चैकीदार एवं सफाई कर्मचारियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। यह पहल पुलिस और ग्राम चैकीदारों एवं सफाई कर्मचारियों को एक साथ जोड़ने के लिए है। बताया कि उनकी संस्था लगातार 26 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद लोगों की विभिन्न क्षेत्रों में हर तरह की सहायता करती है।

इस मौके अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, चैकी प्रभारी मण्डी समिति श्यामदेव सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी व चैकीदार तथा अंशकालिक सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## फार्मासिस्ट के भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारकुंडी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का दावा भले ही सरकार करे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कहीं चिकित्सक तो कहीं चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को इलाज के लिए कोसो दूर भटकना पड़ता है। मानिकपुर विकास खण्ड के मारकुंडी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के हाल बेहाल हैं। डॉक्टर के न होने से यह अस्पताल फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारकुंडी पर 20000 आबादी के इलाज का जिम्मा है। लेकिन नियमित डाक्टर के न आने से अस्पताल फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा है। उमेश पुत्र शिवफूल ने बताया यहां डाक्टर के न होने से हम लोग फार्मासिस्ट से इलाज करवाने को मजबूर हो रहे हैं। या फिर मानिकपुर जाना पड़ता है। वरिष्ठ भाजपा नेता रवि द्विवेदी ने बताया इस पूरे मामले को उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर नियमित रूप से अस्पताल में डॉक्टर के तैनाती की मांग की है।

## जिलाधिकारी के अचानक सरकारी अस्पताल पहुंचने पर मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुधार के लिए सीएचसी अधीक्षक व स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी अधीक्षक डॉ उदय प्रताप सिंह व स्वास्थ्य कर्मी मौके पर उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने सीएचसी का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में साफ-सफाई के साथ शौचालय में भी साफ-सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए। कहा कि नियमित रूप से बेडशीट प्रतिदिन बदले जाए। डीएम ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से वार्ता करते हुए उपस्थित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए। सीएचसी अधीक्षक व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। साथ ही तीमारदारों द्वारा भी इससे सम्बन्धित किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर सीएचसी के चिकित्सक सहित स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद रहे।

## मध्यस्थता केन्द्र में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया गया वाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में मध्यस्थता केन्द्र में एक सिविल वाद का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। जिला विधिक विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि मध्यस्थता केन्द्र में सिविल जज (जूडि) ने बैनामा मनसूखी से सम्बन्धित एक सिविल वाद का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया। सचिव ने बताया कि वर्तमान समय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत जनपद न्यायालय चित्रकूट में मध्यस्थता केन्द्र संचालित है। जिसमें सात मध्यस्थ अधिवक्ता तथा दो न्यायाधीश कार्यरत हैं। विभिन्न न्यायालयों द्वारा सुलह-समझौते के लिए सन्दर्भित किये जाने वाले वादों को अधिवक्ता मध्यस्थ तथा न्यायाधीश मध्यस्थ को आवंटित किया जाता है। जिसमें सम्बन्धित अधिवक्ता मध्यस्थगण एवं न्यायाधीश मध्यस्थगणों द्वारा पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता कराते हुए वाद निस्तारित करते है। निस्तारित किए गए सिविल वाद की पत्रावली मध्यस्थ अधिवक्ता चुनकुराम पाल एडवोकेट को सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित करवाने के लिए आवंटित की गयी। जिस पर मध्यस्थ द्वारा दोनों पक्षों की उचित रूप से सन्धि वार्ता करायी गई। जिसके परिणाम स्वरूप लगभग दो वर्ष से चल रहे विवाद को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराते हुए दोनों पक्षों द्वारा सुलहनामा दाखिल किया गया।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के 235 किलोमीटर पर एक तेंदुए की अज्ञात वाहन से टक्कर में मौत हो गई। बुधवार देर रात जंगल से निकला तेंदुआ एक्सप्रेसवे को पार कर रहा था। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई। रात के समय वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने सड़क पर तेंदुए का शव देखा। उन्होंने तुरंत एक्सप्रेसवे की टीम और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग को जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए की जांच की। डॉक्टर से चेकअप कराया गया, जिन्होंने तेंदुए को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वन विभाग की टीम शव को जंगल ले गई और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## जानलेवा हमला करने वालों में एक को दस वर्ष, पांच को हुई तीन-तीन वर्ष की सजा

### किसान पर हमला करने का था आरोप, 13 वर्ष चले ट्रायल के बाद सुनाया गया फैसला

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय में करीब 13 वर्ष चले ट्रायल के बाद किसान पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों में एक को 10 वर्ष के कारावास व शेष आरोपियों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही न्यायाधीश ने सभी पर 13-13 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

मामले की पैरवी करने वाले अपर शासकीय अधिवक्ता महेंद्र विक्रम ने बताया कि 4 फरवरी 2012 को देर शाम उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगरायां के रहने वाले शिवकुमार द्विवेदी पुत्र संतराम द्विवेदी पर गांव के ही रहने वाले रामसिया चतुर्वेदी, रामस्वरूप चतुर्वेदी, उदयभान, संतोष पुत्रगण गोधन प्रसाद, राजीव चतुर्वेदी पुत्र रामस्वरूप, आनंद कुमार पुत्र संतोष कुमार व राम गोरे पुत्र नथू ने एकजुट होकर धारदार हथियार से हमला करते हुए मरणासन्न कर दिया था। मामले में कोतवाली में सभी लोगों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें 13 जून 2012 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल हुए थे। इसके बाद 10 जुलाई 2013 को सभी पर आरोप तय हुए थे। करीब 13 साल तक चली सुनवाई के बाद गुरुवार को सुनवाई पूरी हुई। जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, स्पेशल एससी/एसटी कोर्ट के न्यायाधीश अपर जिला जज प्रमोद कुमार गुप्ता ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर रामसिया, रामस्वरूप, उदयभान, संतोष, राजीव, आनंद कुमार को दोषी पाया। जबकि बाद विचारण के दौरान एक अन्य अभियुक्त राम गोरे पुत्र नथू की मौत हो गई थी। इस मामले में उदयभान चतुर्वेदी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 13 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। रामसिया चतुर्वेदी, रामस्वरूप, संतोष, राजीव, आनंद को दोषी पाया गया, इन्हें 3-3 वर्ष के कारावास के साथ 13-13 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मनाया रंग पंचमी का न्यौहार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने रंग पंचमी के अवसर पर पुलिस अधीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और भाजपा जिलाध्यक्ष से मुलाकात की। साथ ही अबीर लगाकर पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक समस्याओं से अवगत कराया। महासंघ के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परम्पराओं में प्रकृति को अनेकों प्रकार से सम्मिलित करते हुए त्योहारों का संवर्धन किया गया है। जिसमें होली का त्योहार वर्षान्त का प्रमुख सांस्कृतिक विविधतापूर्ण उत्सव है। कहा कि ऐसी पौराणिक मान्यता है कि होली के बाद 'सर्वप्रथम आज ही के दिन रंगपंचमी को योगेश्वर श्रीकृष्ण नें माता राधारानी के साथ पहली बार होली खेली थी और तब से रंगपंचमी एक प्रमुख उत्सव के रूप में मनाया जाने लगा।' इसी क्रम में पदाधिकारियों ने नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा व खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर गुलाल लगाकर रंगपर्व की शुभकामनायें दीं। साथ ही शिक्षक समस्याओं से भी अवगत कराया।

इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी लवकुश द्विवेदी, ललक पांडेय, सोमनाथ, लवकुश मिश्र, हरिहरनाथ सिंह, सर्वजीत सिंह, रामभद्र त्रिपाठी, विनोद अवस्थी, अनिल अनिवार्य, सत्यम शुक्ल, प्रदीप मिश्र, हेमराज गर्ग, युगुल किशोर त्रिपाठी, दिनेश दीक्षित, रविशंकर गुप्ता, कुलदीप द्विवेदी, संजय शुक्ला, धर्मेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, लवलेश कुमार, मनोज कुमार, द्रौपदी अग्रवाल, अनुरंजना, मिथलेश आदि मौजूद रहे।

## शांती देवी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शिक्षण क्षेत्र में बनाया दबदबा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड के 5400 से अधिक विद्यालयों मे भारतीय प्रतिभा परीक्षा कराई गई ,जिसमें 3.65 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें शान्ती देवी इण्टर कॉलेज पहाड़ी-चित्रकूट का दबदबा रहा।

जिले में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 36 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थी शान्ती देवी इंटर कॉलेज के है। इस परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 3100, 2100 और 1100 रुपए एवं राज्य स्तर पर टॉप करने वाले तीन विद्यार्थियों को 6100, 5100 एवं 4100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही टॉपर छात्रों को परफॉर्मेंस रिपोर्ट एवं सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10 विद्यार्थियों को कार? जीतने का भी अवसर लकी ड्रा के माध्यम से प्राप्त होगा। इसी प्रकार 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लकी ड्रा के माध्यम से स्कूटर प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त होगा। जनपद में आयोजित इस परीक्षा में शान्ती देवी इण्टर कॉलेज की कक्षा 12 विज्ञान की छात्रा प्राची त्रिपाठी ने जिले में प्रथम, शिवाकान्त मिश्रा ने जिले में द्वितीय, अंजली देवी का जिले तृतीय स्थान रहा। इसी प्रकार कक्षा 11 वाणिज्य के छात्र अम्बुज तिवारी का जिले में प्रथम, रमन तिवारी का जिले में द्वितीय व महेन्द्र पाण्डेय का तृतीय स्थान रहा। कक्षा 12 मानविकी वर्ग में छात्र अनुज कुमार का प्रथम, छात्रा जिया सिंह का द्वितीय स्थान तथा कक्षा 10 की छात्रा गुंजन देवी का जिले प्रथम व प्रिया पाल का जिले में तृतीय स्थान रहा। कक्षा 9 में छात्रा संजना देवी का जिले में प्रथम स्थान व छात्र आदर्श सिंह का तृतीय स्थान रहा। छात्रा रोशनी कक्षा 12 मानविकी का प्रथम व छात्र शिवम द्विवेदी का जिले में द्वितीय स्थान रहा। शान्ती देवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी जिले में अपना परचम लहराया जिसमे कक्षा 4 के छात्र गोविंद सिंह कुशवाहा का जिले में प्रथम स्थान , छात्र को 75:अंक प्राप्त होने से यह छात्र लकी ड्रा में सम्मिलित होगा। कक्षा 5 के छात्र अक्षत शुक्ला का जिले में प्रथम स्थान तथा छात्रा छवि सिंह का जिले में तृतीय स्थान रहा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र एवं छात्राओं में जहां आत्म बल एवं आत्मविश्वास की वृद्धि होती है, वहीं उनके मन में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने का विश्वास भी पैदा होता है। अभिभावकों में अपने पाल्य की सफलता पर बहुत ही खुशी है। सभी सफल छात्र एवं छात्राओं को कॉलेज के संरक्षक चुनकूराम पटेल, प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी व पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद एवं मनोज कुमार त्रिपाठी तथा सम्पूर्ण विद्यालय परिवार ने प्रसन्नतापूर्वक बधाई दी है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025






### छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़ 30 नक्सली ढेर

छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे... पढ़ें पेज 12 पर...

# बिजनेसमैन से रिश्वत मांगने पर आईएएस अभिषेक प्रकाश सस्पेंड

## लखनऊ में करीबी बाबू गिरफ्तार, 5 प्रतिशत कमीशन के लिए सोलर प्रोजेक्ट की फाइल रोकी थी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी के सीनियर आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को सस्पेंड कर दिया गया है। गुरुवार को उनके करीबी बाबू निकांत जैन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अभिषेक प्रकाश और निकांत जैन के खिलाफ लखनऊ के गोमती नगर थाने में केस दर्ज हुआ है। आईएएस अभिषेक प्रकाश ने सोलर इंडस्ट्री प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए बिजनेसमैन से 5 फीसदी कमीशन मांगा था। कमीशन न मिलने पर प्रोजेक्ट की फाइल रोक दी। अभिषेक प्रकाश ने कमीशन निकांत जैन के जरिए बिजनेसमैन से डिमांड की थी। बिजनेसमैन ने इसकी शिकायत योगी से की। मुख्यमंत्री ने मामले की एसटीएफ से जांच कराई। बिजनेसमैन की शिकायत पर एसटीएफ ने केस दर्ज करते हुए निकांत जैन को गिरफ्तार किया।

### लखनऊ डीएम रहते आईएएस अभिषेक प्रकाश पर 20 करोड़ के घोटाले का आरोप

आईएएस अभिषेक प्रकाश डिफेंस कॉरिडोर के लिए लखनऊ के भटगांव में जमीन अधिग्रहण घोटाले के आरोपों से भी घिरे हैं। लखनऊ के सरोजनीनगर तहसील के भटगांव गांव के पास डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण 2020-22 के दौरान हुआ था। यहां ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट सहित रक्षा संबंधी यूनिट स्थापित की जानी थीं। उस समय अभिषेक प्रकाश दुबे लखनऊ के जिलाधिकारी थे। अधिग्रहण की प्रक्रिया 2021 से शुरू हुई थी। इस अधिग्रहण में फर्जी तरीके से दस्तावेजों में हेरफेर कर कई फर्जी आवंटियों के नाम जोड़े गए और लगभग 20 करोड़ मुआवजा राशि का बंदरबांट किया गया।

### आईएएस अभिषेक अंडरग्राउंड

पुलिस पूछताछ में निकांत जैन ने कबूला कि वह आईएएस अभिषेक के कहने पर 5 फीसदी रिश्वत मांग रहा था। एसटीएफने इसकी जानकारी योगी को दी। इसके बाद अभिषेक को सस्पेंड कर दिया गया। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। आईएएस अभिषेक प्रकाश औद्योगिक विकास विभाग के सचिव और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ थे। कार्रवाई के बाद से अभिषेक प्रकाश किसी के संपर्क में नहीं है। वह अंडरग्राउंड हो गए हैं।

### फर्जी दस्तावेज और ओवरराइटिंग

जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेजों में हेरफेर की गई। पुरानी फाइलों (जैसे 1985 के पट्टे) में ओवरराइटिंग कर फर्जी आवंटियों के नाम जोड़े गए। ग्राम समाज की जमीन और अनुसूचित जाति को दी गई असंक्रमणीय जमीन (ऐसी जमीन जिसे बेची या ट्रांसफर नहीं की जा सकती) को गैरकानूनी रूप से संक्रमणीय बनाकर बेचा गया। जिन लोगों का जमीन पर वास्तविक कब्जा नहीं था और न ही कभी फसल बोई गई थी, उन्हें मालिक दिखाकर मुआवजा दिलवाया गया।

### मुआवजे में हेराफेरी

बिना मालिकाना हक की जांच किए फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर मुआवजा वितरित किया गया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने नीचे से ऊपर तक मिलीभगत कर यह बंदरबांट किया गया। जांच रिपोर्ट्स के अनुसार, भटगांव की 35.6677 हेक्टेयर जमीन के लिए 45.18 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, इसमें लगभग 20 करोड़ रुपए की गड़बड़ी किए जाने की बात आई थी।

### प्रशासनिक लापरवाही

तत्कालीन डीएम अभिषेक प्रकाश पर आरोप है कि उन्होंने अधिग्रहण प्रक्रिया में उचित जांच नहीं की और गड़बड़ी होने दिया। यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) और राजस्व विभाग के बीच समन्वय की कमी ने घोटाले को छिपाने में मदद की।

### 6 लाख देकर घपलेबाजों ने 71 लाख का लिया मुआवजा

इस घपले को एक उदाहरण से समझा जा सकता है। पट्टाधारी बद्री की पत्नी रामकली ने खतौनी में अपना नाम दर्ज कराने के लिए बिना तारीख का एक प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर एसडीएम ने 13 अक्टूबर 2020 को तहसीलदार से जांच रिपोर्ट मांगी। प्रस्तुत रिपोर्ट पर एसडीएम ने पट्टा स्वीकृति का दिनांक 22 जून 1984 दर्ज किया, जिसे बाद में ओवरराइट करके 28 जनवरी 1985 कर दिया गया। कथित आवंटी बद्री के स्थान पर 20 फरवरी 2021 को उसकी पत्नी रामकली का नाम दर्ज किया गया। हैरानी की बात ये है कि महज दो दिन बाद 22 फरवरी 2021 को रामकली के स्थान पर कलावती पत्नी बद्री को संक्रमणीय घोषित कर दिया गया। फिर 10 मार्च 2021 को रामकली उर्फ कलावती ने राम सजीवन नाम के व्यक्ति को यह जमीन बेच दी। राम सजीवन ने ये जमीन यूपीडा को बेची। जिसके एवज में उसे 71.28 लाख रुपए मुआवजा मिला। जबकि रामकली को सिर्फ 6 लाख रुपए मिले। इसी तरह का खेल दूसरे पट्टों में भी किया गया। यही नहीं यूपीडा को जमीन बेचने वाले फर्जी लागों ने मुआवजे की राशि भी 10 दिन के अंदर नकद निकाल ली। यह पूरा फर्जीवाड़ा 1985 की फर्जी आवंटन पत्रावली के आधार पर किया गया। कुछ कथित आवंटियों ने झूठा बयान दिया कि असंक्रमणीय और संक्रमणीय घोषित होने से पूर्व उन्होंने किसी से उस भूखंड का सौदा नहीं किया। जबकि अभिलेख से साफ है कि असंक्रमणीय व संक्रमणीय घोषित होने से पूर्व ही बेचने का अनुबंध किया जा चुका था। यह सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत के संभव नहीं था।

# हम सबकी कुछ गलतियों की वजह से नन्ही गौरैया चली गई दूर : महेश साहू

- कृत्रिम घोंसले वितरण के साथ दिलाई गई गौरैया संरक्षण की शपथ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति के अध्यक्ष महेश साहू (पंक्षी प्रेमी)द्वारा मोहान रोड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरोसा में गौरैया संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।? जिसमें उपस्थित जनो को नन्ही गौरैया के कृत्रिम घोंसले वितरण किया गया साथ ही सभी को गौरैया संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश उपाध्याय अधिवक्ता (स्टेट काउंसिल ) उपस्थित रहे। पक्षी प्रेमी महेश साहू ने मुख्य अतिथि राजेश उपाध्याय का पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। मुख्य अतिथि राजेश उपाध्याय ने कहा कि गौरैया हमारी फसलों को भी कीड़ों से बचाती है ।गौरैया को वापस बुलाने के लिए घर की छत पर दाना, पानी रखें और घर के आस-पास पेड़-पौधे लगाएं, क्योंकि यही गौरैया का प्राकृतिक परिवेश है शहर में नन्ही गौरैया को घोंसले बनानें का सुरक्षित स्थान मिलना मुश्किल है। इसलिए हम सबको नन्ही गौरैया को बचाने के लिए कृत्रिम घोंसले भी लगाने चाहिए। पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने कहा कि तेजी से बदलते शहर अब घरेलू गौरैया के लिए उपयुक्त आवास नहीं रह गए हैं , क्योंकि बुनियादी ढांचे के नए और आधुनिक डिजाइन में गौरैया के लिए घोंसला बनाने के लिए कोई जगह नहीं है मोबाइल टावरों और कीटनाशकों के कारण प्रदूषण; घरेलू गौरैया अपने चारागाह (प्राकृतिक) खो रही है। अभी समय रहते नन्ही गौरैया को बचाने के प्रयास हम सभी को करना चाहिए। साथ ही कहा कि नन्ही गौरैया हम सबकी घरेलू चिड़िया है हम सब बचपन में उसके साथ खेलते थे, लेकिन अब हम सबकी कुछ गलतियों की वजह से नन्ही गौरैया हम सब से दूर चली गई है इसलिए हम सबको नन्ही गौरैया को वापस बुलाने के प्रयास करने होंगे। नहीं वह दिन दूर नहीं जब नन्ही गौरैया केवल गूगल व किताबो में ही दिखाई देगी। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, सोहनलाल साहू, शिवकुमार यादव, अवनीश सिंह, वीना मिश्रा, अमिता गुप्ता, कंचन यादव, स्वेता शुक्ला ,सविती सिंह शिप्रा , मधु निशा, रामविकास शर्मा सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं व उपस्थित रहे।

### होली में ढकी गईं थीं प्रदेश में कई जगह पर मस्जिदें, मानवाधिकार आयोग ने डीजीपी को दिए कार्रवाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राज्य मानवाधिकार आयोग ने कई जिलों में मस्जिदों को तिरपाल से ढकने के मामले को गंभीरता से लिया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को चार हफ्ते में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस मामले में धार्मिक स्वतंत्रता के हनन को आधार बनाते हुए आयोग में याचिका दाखिल की गई थी। होली के समय संभल, अलीगढ़ और शाहजहांपुर जिले में मस्जिदों को तिरपाल से ढकने की घटनाएं हुई थीं। इसे अल्पसंख्यक समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता का हनन मानते हुए मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया था कि किसी विशेष पर्व के दौरान अगर धार्मिक स्थल को ढकने की आवश्यकता है तो धार्मिक सौहार्द के दावे खोखले हैं।

# बलरामपुर अस्पताल के मेन गेट पर नशेड़ी युवक ने किया हंगामा

- युवक ने बलरामपुर अस्पताल के गेट पर पुराने कपड़ों की पोटली में लगा दी आग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने बलरामपुर अस्पताल के मेन गेट के पास पुराने कपड़ों की पोटली में आग लगा दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आग को बुझाया। किसी प्रकार की कोई जान माल की हानि नहीं हुई। बता दें कि अस्पताल के आसपास खड़े लोगों से जानकारी की गई तो पता चला कि इस व्यक्ति नाम सलाउद्दीन है जो नशे का आदी है। यह किसी महिला के साथ बलरामपुर अस्पताल आया था और महिला को अस्पताल में छोड़कर अस्पताल परिसर से बाहर चला गया और कुछ समय बाद व्यक्ति ने पुराने कपड़ों की पोटली लेकर आया और अस्पताल के मेन गेट पर रखकर उसमे आग लगा दीं। आग लगने पर मौके पर एक दर्जन से ज्यादा की भीड़ इकट्ठा हो गई, युवक किसी बात को लेकर नाराजगी जाता रहा था।

# इंटरव्यू देकर लौट रही महिला की हन्या की घटना में आलमबाग इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मी हुए निलंबित

- पुलिस ऑटो चालकों की गहनता कर रहीं जांच-पड़ताल,जल्द ही घटना का किया जायेगा खुलासा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में एक महिला वाराणसी में एक प्राइवेट कंपनी में इंटरव्यू देकर रोडवेज बस से लखनऊ आई थी और रात में करीब ढाई बजे आलमबाग से ऑटो पर बैठकर भाई के घर चिनहट जा रही थी। वहीं इस बीच उसने घर वालों को अपने आने की सूचना देने के साथ अपनी लाइव लोकेशन भी भेज दी। अभी तक की जांच में सामने आया है कि ऑटो ड्राइवर ने महिला को आधीरात को मलिहाबाद की तरफ ले गया और सुनसान इलाके में उसके साथ लूट कर हत्या कर दी गई। वहीं पुलिस और फारेंसिक टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही रेप मौत की सही जानकारी मिल सकेंगी, घटना का खुलासा करने के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। वहीं डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का कहना है कि घर वालों ने रात 3 बजे महिला के किडनैप होने की सूचना 112 पर दी। इसके बाद आलमबाग और मलीहाबाद पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया,सुबह 5 बजे मोहम्मद नगर तालुकेदारी के पास आम के बाग में महिला का शव पेट के भल पड़ा था। वहीं पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम की मदद से सबूत इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी है और क्राइम ब्रांच के साथ थाना पुलिस की टीम को लगाया गया है, जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

होली के दिन दोपहर में रंग खेलने जा रही 14 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ-साथ दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को रहीमाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तिलन के मजरे गदिया खेड़ा में होली के दिन दोपहर लगभग 1ः00 बजे गांव में रंग खेलेने जा रही 14 वर्षीय बालिका को गांव के ही अभिषेक और पिंकू व सुमित ने जबरन पड़कर पड़ोस में भूसे की कोठी में ले गए जहां सुमित ने बालिका के कपड़े उतार कर बाहर चला गया और पिंकू ने उसके साथ दुराचार किया बालिका ने अपनी आप बीती परिजनों को बताई परिजनों ने रहीमाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी रहीमाबाद पुलिस को मुखबिरो की सूचना पर थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल वर्मा उप निरीक्षक संदीप सिंह सिपाही सुरेश गौतम पवन कुमार व सुमित कुमार ने मुखबिरों की निशादेही पर दोनों आरोपियों को जौरिया पुलिया के पास पकड़ लिया।

# बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- एमओयू का उद्देश्य टिकाऊ बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग को बढ़ावा देना-धर्मपाल

पशुधन,दुग्ध विकास विभाग कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में कल बुधवार को यहां विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलियन डॉलर पहल का हिस्सा है जिसे डेलॉइट कंसल्टिंग के द्वारा संचालित किया गया। यह साझेदारी उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग को बढ़ावा देने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं और ग्रामीण सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसकी गतिविधियों को कारगिल की वैश्विक पहल, हैचिंग होप के तहत हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस द्वारा लागू किया जाएगा।यह एमओयू पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, बादशाहबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश प्रथम पक्ष और हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस इंडिया, पंजीकृत कार्यालयः सीओ आईसीआरआईएसएटी, पटानचेरू, तेलंगाना द्वितीय पक्ष के बीच निष्पादित हुआ।एमओयू पर हस्ताक्षर समारोह में पशुधन एवं दुग्ध विभाग के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक, देवेंद्र पांडे, विशेष सचिव, पशुधन, डॉ. जयकेश पांडे निदेशक, पशुपालन इंदुजा लीड एशिया -रणनीतिक साझेदारी, हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस ज्योति झा सलाहकार प्रमुख, हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस विकास गुलिया सहायक निदेशक, डेलॉइट, देशक, डेलॉइट और श्री गोकुल एस सीनियर कंसल्टेंट, डेलॉइट सहित कई विशिष्ट अधिकारी उपस्थित थे

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पशुधन मंत्री ने बताया कि यह साझेदारी बुंदेलखंड क्षेत्र के सात जिलों में 40,000 से अधिक किसानों को बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग प्रथाओं में सुधार के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करके ग्रामीण आजीविका और पोषण सुरक्षा को मजबूत बनाने का लक्ष्य रखती है। यह हस्तक्षेप 1,50,000 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा। एमओयू का मुख्य उद्देश्य टिकाऊ बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग को बढ़ावा देना है, जिसमें महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जैसे सर्वश्रेष्ठ पालन प्रथाएँ, रोगों की रोकथाम और प्रबंधन, कुशल शेड निर्माण, फीड प्रबंधन, और पोल्ट्री फार्मिंग के माध्यम से आय सृजन रणनीतियाँ सम्मिलित हैं।श्री सिंह ने बताया कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, साझेदार एक संगठित प्रशिक्षण ढाँचा तैयार करेंगे, जिसमें प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण टीओटी कार्यक्रम, सामुदायिक स्तर पर क्षमता निर्माण सत्र, और किसानों को निरंतर सलाहकार सहायता शामिल है। यह पहल विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों, विशेष रूप से महिलाओं और छोटे किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और संसाधनों तक पहुँच प्रदान करके सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी, ताकि उनकी पोषण आवश्यकताएँ और आर्थिक कल्याण दोनों को बेहतर बनाया जा सके। यह पहल मौजूदा सरकारी योजनाओं के साथ गठजोड़ में होगी, जिसमें तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और संसाधन तक पहुँच शामिल है।

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत स्थायी समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्वाध आपूर्ति हो, विद्युत कार्मिक कस लें कमर-शर्मा
- जनप्रतिनिधियों के विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु सुझावों पर होगा अमल

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित हो और बिजली की मांग के अनुरूप लोगों को निर्वाध आपूर्ति मिले इसके लिए सभी विद्युत कार्मिक अभी से कमर कस लें। जहां कहीं पर भी विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने में कमियां दिख रही हैं। उसे शीघ्र ही सुधार लें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्युत कार्मिक अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क में रहेंगे और उपभोक्ताओं सहित उनके फोन कॉल को उठायेंगे। जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और निर्वाध आपूर्ति हेतु दिए गए उनके सुझावों को अमल में भी लाएंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा गुरूवार को शक्ति भवन में विद्युत स्थायी समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों द्वारा दिये सुझावों, शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए। इस वर्ष की गर्मी में निर्वाध विद्युत आपूर्ति, लोबोल्टेज, ट्रिपिंग, हाईबोल्टेज की समस्या पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने, ट्रांसफार्मर जलने, सॉट सर्किट को रोकने के लिए, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल और लाइन के पास साफ-सफाई रखें, लाइन को स्पर्श करती शाखाओं की छटनी करें, जर्जर व झुके पोल, जर्जर एवं ढीली लाइन को शीघ्र सही करें। ट्रांसफार्मर के आसपास पकी खड़ी फसल को किसान से कटवा दें, जिससे कि फसल में आग न लगने पाए। विद्युत कार्मिक अपने क्षेत्रों में राजस्व वसूली बढ़ाने और विद्युत चोरी रोकने के ठोस प्रयास करें। विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जहां कहीं पर भी लाइन लॉस ज्यादा है ऐसे फीडरों के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। सभी स्रोतों तापीय विद्युत, हाइड्रोपावर एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। गर्मी में पनकी, जवाहरपुर, ओबरा-सी की 660 मेगावॉट यूनिट बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा। गर्मियों में ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग से निपटने के लिए 16000 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि से आरडीएसएस योजना के तहत वितरण क्षेत्रों में कार्य हुए हैं। विजनेस प्लान के तहत भी ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ायी गई है। बांस-बल्ली में चल रही लाइन को हटाकर पोल लगाये गये हैं। जर्जर पोल व लाइन को हटाकर नये पोल व लाइन स्थापित किये गये हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को विद्युत व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया कि उनके सुझावों पर कार्य होगा कहीं से भी किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं दिया जायेगा।समिति की बैठक में राज्यमंत्री डॉ सोमेन्द्र तोमर, शाहजहांपुर विधायक चेतराम, कासगंज विधायक देवेन्द्र सिंह, एटा विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, उन्नाव विधायक बृजेश कुमार एवं आशुतोष शुक्ला, बहराइच विधायक आनन्द कुमार यादव, आजमगढ़ विधायक रमाकांत यादव, गाजीपुर विधायक जैकिशन साहू सहित अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, अध्यक्ष यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल, एमडी पंकज कुमार, विशेष सचिव प्रशांत शर्मा, निदेशक वित्त निधि कुमार नारंग एवं ज्ञानेन्द्र धर द्विवेदी, गिरीश कुमार सिंह, पीयूष गर्ग, एके त्रिपाठी, एसके दत्ता, एसके दास उपस्थित रहे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता वर्चुअल प्रतिभाग किए।

### धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा दे रहा मिश्रिख : नैमिषारण्य महोत्सव

- मिश्रिख-नैमिषारण्य महोन्सव उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए महन्वपूर्ण : जयवीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सीतापुर जिले में 18 से 20 मार्च तक आयोजित 'मिश्रिख-नैमिषारण्य महोत्सव ' का समापन हुआ। होली के ठीक बाद आयोजित महोत्सव में भव्यता, दिव्यता और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। यह महोत्सव विशेष रूप से 84 कोसी परिक्रमा के लिए प्रसिद्ध है, जो नैमिषारण्य से प्रारंभ होकर मिश्रिख में संपन्न होती है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, मिश्रिख-नैमिषारण्य महोत्सव प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देगा। नैमिषारण्य तीर्थ की 84 कोसीय परिक्रमा के बाद उप्र. पर्यटन विभाग, प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन सीतापुर द्वारा आयोजित मिश्रिख-नैमिषारण्य महोत्सव में सांस्कृतिक व पारंपरिक कार्यक्रमों की धूम रही। मिश्रिख-नैमिषारण्य महोत्सव ने धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को जीवंत किया। साथ ही, श्रद्धालुओं को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया। नैमिष महोत्सव की ख्याति ने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पर्यटन विभाग का प्रयास है कि आने वाले समय में महोत्सव का दायरा और बढ़ाया जाए।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस महोत्सव को राज्य के पर्यटन विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है। मिश्रिख-नैमिषारण्य महोत्सव जैसे आयोजन उत्तर प्रदेश को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने में सहायक सिद्ध हो रहा है, जिससे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है।

# नन्दी ने तीन वर्ष में 1700 से अधिक मरीजों को दिलाई 29 करोड़ की आर्थिक मदद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- जरूरतमंदों की मदद के लिए मंत्री नन्दी ने लगा रखी है युवाओं की टीम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम प्रथम कार्यकाल के बाद दूसरे कार्यकाल में लोगों की सेवा के साथ गम्भीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बेहतर ईलाज के लिए मुख्यमंत्री का खजाना खुला रहा। जिसका लाभ उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के प्रयास से प्रदेशवासियों के साथ प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को मिला। सैकड़ों लोगों को जीवनदान मिला। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर पिछले तीन वर्ष में 1700 से अधिक लोगों को गम्भीर बीमारियों का ईलाज कराने के लिए 29 करोड़ 59 लाख 90 हजार 817 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। मंत्री नन्दी द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय तक जैसे ही किसी पीड़ित को सहायता देने के जरूरत की सूचना भेजी गई, बिना समय गंवाए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जरूरतमंदों को आर्थिक मदद दी गई। संगम नगरी प्रयागराज में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ ही कई ऐसे लोग सामने आते हैं, जिन्हें बड़े अस्पतालों में उपचार की जरूरत होती है, जिस पर खर्च भी अधिक आता है। लेकिन हर किसी की स्थिति ऐसी नहीं होती है कि वह ईलाज का बोझ सह सके। ऐसे लोगों के मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष बड़ा सम्बल बन रहा है। मुख्यमंत्री ने गम्भीर बीमारियों से पीड़ित एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए खजाना खोल रखा है। जिसका लाभ उनके प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों, जरूरतमंदों एवं गंभीर बीमारियों के शिकार मरीजों को मिले, इसके लिए मंत्री नन्दी द्वारा हमेशा पूरा प्रयास किया जाता है।मंत्री नन्दी के आवास, कार्यालय या फिर लखनऊ आवास पर कोई जरूरतमंद ईलाज में आर्थिक मदद की मांग करता है तो मंत्री नन्दी द्वारा सरकारी प्रक्रियाओं को पूरा कराते हुए उसे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जाता है।यही नहीं शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के 84 सेक्टर्स में युवाओं और युवतियों की पूरी टीम लगा रखी है। जो क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों की समस्या सुनते हैं, प्रक्रिया पूरा कराते हुए आर्थिक मदद दिलाते हैं। मंत्री नन्दी के आवास पर कोई आता है तो उसकी मदद की जाती है।यही कारण है कि मंत्री नन्दी के पहल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व वाली सरकार के द्वितीय कार्यकाल में अब तक प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि अन्य जनपदों एवं अन्य क्षेत्रों के 1700 से अधिक लोगों को गम्भीर बीमारियों का ईलाज कराने के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 29 करोड़ से अधिक की धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# योग और प्राणायाम से बेहतर कोई दवा नहीं : प्रदीप पांडेय

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग शिविर प्रातः 6 बजे से 7~ 30 बजे तक राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में आयोजित होती है। मौन हमारा स्वाभाव है। ध्यान की भाषा मौन है। बोली तथा भाषाएं हमारी सीखी हुई है। भाषा ऊपर है। मौन आंतरिक है। उसे सीखना नहीं पड़ता है। मौन हृदय की बोली है तथा प्रेम की भाषा है। विश्व में करीब 500 भाषाएं तथा हजारों बोलियां हैं। मौन का अर्थ सिर्फ चुपचाप रहना नहीं। मौन अर्थात मन ही नहीं रहा, मिट गया। जब हम मौन होते है उस समय अंदर ही अंदर विचार संकल्प विकल्प में भाषाओ की बकवास चलती रहती हैं। मौन की भाषा समग्रता तथा स्वास्थ्य की भाषा है। मौन में हम शून्य हो जाते हैं। जनपदवासियों को प्रतिदिन योग शिविर में आने के लिए प्रेरित किया। लोगों के बैठने के लिए योग मैट, पानी, साउंड माइक बैनर, वृक्षों में पानी डालने के लिए बाल्टी खुरपी की व्यवस्था रहती हैं। योग के बाद पौधों में एक बाल्टी पानी डालने का अभियान चलाया जा रहा है।समय समय पर पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के लिए लीडरशिप कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उपरोक्त बाते योग शिविर में संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहीं। योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता द्वारा दौड़ योगिंग जॉगिंग ताड़ासन वृक्षासन सूक्ष्म क्रियाएं एवं 13 सूर्य नमस्कार का अभ्यास मंत्र सहित कराया गया। राधिका गुप्ता द्वारा त्रिकोण आसान का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य बृजमोहन द्वारा ओम का उच्चारण,प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी उद्गीत, उज्जयी और संगीतलय ध्यान कराया गया। बाद में सामूहिक रूप से वंदे मातरम गाया गया पूरा परिसर भारत माता की जय वंदे मातरम हर हर महादेव के उदघोष से गुंजायमान हुआ। उपस्थित योग साधक~ देवता दीन यादव, पवन कुमार यादव, प्रियल अग्रहरि, आकर्ष अग्रहरि, पिंकू सिंह, सौरभ गुप्ता, शिवम वैश्य, आदित्य मौर्या, अंकित सिंह, सत्येंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में निर्वाचन, निर्वाचक नामावली एवं अन्य बिंदुओं के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बचत भवन सभागार में बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम माह अक्टूबर से माह नवम्बर के मध्य होता है। मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन प्रत्येक वर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में किया जाता है। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का सम्पूर्ण कार्यक्रम समस्त राजनैतिक दलों को पुनरीक्षण पूर्व बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण के पूर्व समस्त राजनैतिक दलों को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेबिल एजेन्ट्स (बी0एल0ए0) नियुक्त कर लेना चाहिए। समस्त राजनैतिक दल बीएलए नियुक्त कर उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय एवं साथ ही सम्बन्धित तहसील को अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त पुनरीक्षण अवधि में प्रत्येक सप्ताह प्राप्त हुए दावे और आपत्तियों की सूची निर्धारित फार्म समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी गयी है। उक्त सूची जनपद की वेबसाइट के डी0ई0ओ0 पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है।

समस्त राजनैतिक दलों को मतदेय स्थलों की सूची भी पुनरीक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व प्राप्त करा दी गयी है। प्रत्येक वर्ष निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण पूर्व से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही की जाती है। पुनरीक्षण पूर्व मतदेय स्थलों का सम्भाजन/समायोजन किया जाता है। उक्त सम्भाजन/समायोजन की आलेख्य एवं अंतिम प्रकाशित सूची भी हार्ड एवं साफ्ट कापी में समस्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी जाती है।

बैठक में समस्त राजनैतिक दलों को यह भी अवगत कराया गया है कि पुनरीक्षण के पूर्व की सभी पूरक सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://ceout-tarpradesh.nic.in पर public domain में उपलब्ध है और किसी भी व्यक्ति द्वारा इनका अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपस्थित राजनैतिक दलों को यदि निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण या अन्य निर्वाचन के किसी विषय के सम्बन्ध में कोई शिकायत या सुझाव हो उपलब्ध करा सकता है।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, समस्त उपजिलाधिकारी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों ने होली पर किया धमाल : फाग, होली गीत, चुटकुलों की हुई बौछार

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति व भारत विकास परिषद के द्वारा ओम् पाली क्लीनिक पुलिस लाइन के परिसर में वरिष्ठों ने फाग, होली गीत व चुटकुलों के संग होली मिलन कार्यक्रम किया। होली मिलन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत रायबरेली के पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैर व दुश्मनी को त्याग कर भाईचारा व अमन के कायम रखना जरूरी है,यही इस पर्व का संदेश है। समारोह में अवधी गीतकार प्रमोद शंकर शुक्ल, शिव बहादुर सिंह दिलवर, युगुल तिवारी, अवधेश सिंह, शकुन पांडे, एमपी पाल, अशोक तिवारी, देवीशंकर शुक्ल ने होली गीत व चुटकुले सुनाए कर खूब धमाल मचाया। होली मिलन के अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गजानन खुबेले, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष युगुल किशोर तिवारी, भारत सेवक समाज के अध्यक्ष शिवनारायण सोनी, सभासद धर्मेंद्र द्विवेदी, सचिव गिरीश चंद्र मिश्र, शिव कुमार गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, डा. आरबी श्रीवास्तव, डा. राजेश शुक्ला, जयशंकर बाजपेई, अम्बरीष अग्रवाल, संरक्षक केएन मिश्रा, नवल किशोर बाजपेई, पूनम तिवारी, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, अनूप मिश्रा ने सभी को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी और अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घ जीवन की कामना की। होली के रंगारंग कार्यक्रम में ओम पाली क्लीनिक के निदेशक डॉ राजेश शुक्ला, डॉ एस सी द्विवेदी, उत्तम शुक्ला ने पूरे स्टाफ के साथ वरिष्ठों पर पुष्प बरसाकर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह को वरिष्ठों ने बरगद चौराहे पर कुम्भ मेला के अवसर पर लगायी गयी बैरीकेडिंग को हटाने का मांग पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि राजकीय कालोनी, कृष्णा नगर, तिलक नगर, केन्द्रीय विद्यालय, बीबीएस कालेज के बच्चों सहित कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील कर्मियों को सिविल लाइन होकर जाना पड़ता है, वरिष्ठों को उपचार हेतु इन्दिरा नगर के अस्पताल जाने में कठिनाइयां आती है परन्तु पुलिस की बैरीकेडिंग से सभी परेशान हैं। होली मिलन समारोह का सफ़ल संचालन संगठन सचिव शिव नारायण सोनी ने किया।

# कर उपायुक्त की मौत के बाद बढ़ा आक्रोश, प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

राज्य कर विभाग के उपायुक्त संजय सिंह की मौत के बाद जिले के कर अधिकारियों में भी आक्रोश बढ़ रहा है। बृहस्पतिवार को राज्य कर भवन के सामने अधिकारी, कर्मचारियों ने आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया और लिखित आदेश मिलने पर ही किसी तरह का कार्य करने का दावा किया है।

प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान मौखिक आदेश जारी करके अधिकारी व कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है। ऐसे लक्ष्य दिए जाते हैं, जिनकी पूर्ति आसान नहीं होते। बाद में उन्हीं के आधार पर तमाम तरह से कार्रवाई की धमकी दी जाती है। शासन की ओर से राजस्व लक्ष्य प्राप्त होने का शत-प्रतिशत प्रयास पूर्व की तरह किया जाएगा, लेकिन उच्चाधिकारियों की ओर से किसी तरह का शोषण बर्दाश्त नहीं होगा। इससे पूर्व अधिकारी व कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर प्रदर्शन किया। बताया कि प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

# आबकारी छापेमारी में 94 लीटर अवैध शराब बरामद, चार अभियोग पंजीकृत

जन एक्सप्रेस । अमेठी

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बृहस्पतिवार को जनपद अमेठी में गठित टीम द्वारा ग्राम भैंसिंहपुर, बाबूगंज व हारीमऊ में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना जगदीशपुर के अन्तर्गत ग्राम हारीमऊ से लगभग 94 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।तथा लगभग एक कुंतल पचास किलो लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही में चार अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए।साथ ही आबकारी दुकानो व भट्ठो का सघन निरीक्षण किया गया।ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।इस कार्यवाही में चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र व समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले के 37 बच्चे सफल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

अटल आवासीय विद्यालय अयोध्या में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश हेतु 16 फरवरी को प्रवेश परीक्षा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गौरीगंज में आयोजित की गयी थी।उप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों,अनाथ श्रेणी के बच्चों की गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छ में 140 छात्र, छात्राओं तथा कक्षा नौ में 140 छात्र,छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है।प्रवेश परीक्षा अयोध्या मण्डल के सभी जिलों में आयोजित की गयी।जिसमें अमेठी जनपद में प्रवेश परीक्षा में कक्षा छ में 79 बच्चे एवं कक्षा नौ में 84 छात्रों ने परीक्षा दी थी।इस प्रकार कुल 163 बच्चों ने अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भाग लिया।तथा मण्डल स्तरीय प्रवेश परीक्षा में सफल हुए कुल 280 बच्चों में अयोध्या के 155 बच्चे,अमेठी के 37 बच्चे, अम्बेडकर नगर के 41बच्चे, सुल्तानपुर के 26बच्चे एवं बाराबंकी के 21बच्चे शामिल हैं। तथा प्रवेश परीक्षा में अमेठी के कक्षा छ में 18 बच्चे एवं कक्षा नौ में 19 बच्चे चयनित हुए।मण्डल में कक्षा छ में प्रवेश के लिये 607 बच्चों एवं कक्षा नौ के लिये 502 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया।तथा इसमें बनी मेरिट के आधार पर बच्चों का चयन अटल आवासीय विद्यालय हेतु हुआ है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही प्रवेश हेतु तिथि कार्यक्रम जारी किया जायेगा।

# डीह में अवैध स्कूल सील : बिना मान्यता के चल रहा था, दस्तावेज जब्त

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली में शिक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। डीह कस्बे में स्थित गुरु महिमा स्कूल को सील कर दिया गया है। यह स्कूल बिना किसी मान्यता के कई वर्षों से चल रहा था।

स्कूल में कक्षा एक से हाई स्कूल तक की पढ़ाई कराई जा रही थी। जांच में पता चला कि स्कूल प्रबंधन मान्यता प्राप्त विद्यालयों से एप्लीकेशन लेकर छात्रों का रजिस्ट्रेशन करवाता था। इसके लिए अभिभावकों से अतिरिक्त फीस भी वसूली जाती थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह को इस मामले में कई शिकायतें मिली थीं। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार को जांच का आदेश दिया। जांच के बाद स्कूल को सील कर दिया गया। विद्यालय से संबंधित सभी दस्तावेजों को भी जब्त कर लिया गया है।

# जनपद में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थियों को उ0प्र0 पुलिस आरक्षी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थी आकाश सोनकर पुत्र राम मिलन सोनकर, राहुल कुमार पुत्र हरि लाल, रितिक शुक्ला पुत्र राजेश कुमार शुक्ल, अवनीश यादव पुत्र कौशल कुमार यादव, अमित वर्मा पुत्र सूरज लाल वर्मा द्वारा उ0प्र0 पुलिस आरक्षी परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त करने वाले समस्त सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# एसीसी से सीमेंट चोरी का हुआ खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अमेठी

थाना गौरीगंज पुलिस ने सीमेंट चोरी के बड़े मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 1004 बोरी एसीसी सीमेंट,एक लाख 80 हजार रुपए नकद और एक ट्रक बरामद किया है।बरामद सीमेंट की कीमत करीब 6.20 लाख रुपए आंकी गई है। गौरीगंज थाने के सब इंस्पेक्टर महेंद्र सरोज को गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति मिले।जिनकी पहचान सत्यम पाल और मजीबुल्ला के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि सत्यम पाल सीमेंट फैक्ट्री में सीडीएस कार्यालय का ऑपरेटर है।जबकि मजीबुल्ला आर के लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट का ट्रक चालक है।दोनों के पास से 40-40 हजार रुपए बरामद हुए।इनकी निशानदेही पर पुलिस ने संदीप और सलमान को गिरफ्तार किया।जिनके पास से 265 बोरी सीमेंट और एक लाख रुपए मिले। वहीं अयोध्या के बाबाबाजार थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में जीत ट्रेडर्स की दुकान से 739 बोरी सीमेंट भी बरामद की गई।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर ट्रकों में बिना वजन कराए सीमेंट बाहर निकालते थे। इसके बाद सुनसान जगह पर उतारकर ट्रक को वापस फैक्ट्री में लगा देते थे।चोरी के सीमेंट को बाजार में बेचकर पैसे आपस में बांट लेते थे।गौरीगंज पुलिस ने सत्यम पाल,मजीबुल्ला,संदीप और सलमान को गिरफ्तार कर लिया है।और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

# दो बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार का कटा पैर

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

कोतवाली रुदौली क्षेत्र के गोगांवा गांव के निकट दो बाइक की भिड़त में एक नव युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन सीएचसी रुदौली लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। बृहस्पतिवार देर शाम लगभग 5~30 बजे दलसराय चौराहा निवासी बाइक सवार देव गुप्ता (18) पुत्र अमब्रेश उर्फ पंकज गुप्ता का लड़का अपनी बाइक से रुदौली जा रहा था। गोगांवा गांव के पास दोनों बाइक आपस में टक्कर गई। जिसमें देव गुप्ता बाइक में दबकर रगड़ते हुए कुछ दूर चले गए। जिसका एक पैर का नीचे का हिस्सा कटकर लटक गया। टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से भाग निकला।

# अवध विवि में हैंडपंप व वाटर कूलर लगाने की प्रक्रिया शुरू

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शिक्षक कैबिनेट की पहली बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार हैंडपंप और वाटर कूलर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही पुराने हैंडपंपों की मरम्मत करवा दी गई है। शिक्षक कैबिनेट की दूसरी बैठक में पिछली बैठक में किए गए निर्णय को लेकर अमल की प्रक्रिया पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने फीडबैक लिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर विश्वविद्यालय में गठित हुई शिक्षक कैबिनेट की दूसरी बैठक हुई। सुबह 10~30 बजे से कौटिल्य प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो. गोयल की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक करीब एक घंटे तक चली। बैठक में सबसे पहले कुलपति ने शिक्षक कैबिनेट की पहली बैठक में किए गए निर्णय पर अमल किए जाने की प्रगति के बारे में पूछा। इस दौरान बताया गया कि विश्वविद्यालय परिसर के न्यू और ओल्ड कैंपस में छह नए हैंडपंप लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तीन पुराने हैंडपंपों की मरम्मत करवा दी गई है। इससे पेयजल की आपूर्ति भी शुरू हो गई है। दो वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। इसके बाद अन्य हैंडपंप और वाटर कूलर की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में वाटर कूलर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में विश्वविद्यालय परिसर के अन्य स्थानों पर वाटर कूलर और हैंडपंपों की स्थापना की जाएगी। कुलपति प्रो. गोयल ने विश्वविद्यालय की कार्य परिषद, विद्या परिषद समेत अन्य उच्च स्तरीय समितियों के सदस्यों और परीक्षकों के बिलों के भुगतान को लेकर जानकारी मांगी।

# गन्ना विकास समिति एक शीर्ष संस्था : बुद्धीलाल पासी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

गन्ना सहकारी समिति लिमिटेड रायबरेली की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन एवं नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष रवि सिंह चौधरी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी का स्वागत एवं अभिनन्दन गन्ना विकास समिति के द्वारा किया गया। स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री पासी ने कहा कि गन्ना विकास समिति एक शीर्ष संस्था है, गन्ना संघ अपनी सदस्य गन्ना समितियों के हितों की रक्षा करते हुए उनके उचित मांगों के प्रति सचेष्ट रहता है। समिति के अध्यक्ष श्री चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी एक अनुभवी एवं वरिष्ठ पार्टी के समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, जिन्हें पुनः रायबरेली की बागडोर सौंपकर जमीनी कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह, समिति के पूर्व अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, समिति के संचालक हरिभान सिंह पटेल, उमेश मिश्रा, राजबहादुर, सुनील यादव, हंसराज यादव, भाजपा नेता अविनाश शुक्ला, रामशंकर यादव, आनन्द सिंह, लवलेश चौधरी, कुलदीप चौधरी, अभिषेक चौधरी पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025

**अनाधिकृत बस संचालन पर एआरटीओ का...**

जिले में अनाधिकृत बस संचालन की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार तड़के विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान... ▶ शेष पेज 10 पर...

# बिठूर महोत्सव के कार्यक्रमों में दिखेंगी यूपी एवं महाराष्ट्र की झलकियां

■ सीएसजेएमयू फाइन आर्ट डिपार्टमेंट के बच्चों ने वृक्ष पर उकेरा नाना साहब का चित्र

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**बिठूर।** विधायक बिठूर अभिजीत सिंह सांगा व जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गुरुवार को नानाराव स्मारक पार्क, बिठूर में 21 से 23 मार्च 2025 को होने वाले ऐतिहासिक बिठूर महोत्सव के संबंध में अधिकारियों के साथ महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा व उसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए। इस दौरान महोत्सव व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आगमन के दृष्टिगत विधायक अभिजीत सिंह सांगा, जिलाधिकारी व पुलिस विभाग के आलाधिकारियों द्वारा सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। साथ ही साथ महोत्सव में आने वाले दर्शकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इन बातों पर भी घहनता से बात चीत हुई।

बिठूर महोत्सव में होने वाले आज कार्यक्रम

महोत्सव कल पूर्वाहन 11ः00 बजे से शुरू होगा। इसमें सर्वप्रथम स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, रंगोली, स्लोगन /कला प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया जायेगा। अपराह्न 4ः00 बजे से कानपुर कथक कला केंद्र द्वारा गणेश वंदना व गंगा अवतरण से सम्बंधित कार्यक्रम, प्रिंस डांस ग्रुप द्वारा भगवान कृष्ण से संबंधित व भारतीय तिरंगा से सम्बंधित प्रस्तुति, रमाक्षीर सागर, पुणे द्वारा गोदावरी से गंगा- जमुना तक पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया जाएगा। शाम 7ः00 बजे से विनोद कुमार द्विवेदी एवं आयुष द्विवेदी द्वारा ध्रुपद गायन व सबसे रोमांचक 8ः00 बजे से प्रारंभ होने वाली भजन संध्या होगी, जिसे पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

### सीएसजेएमयू के फाइन आर्ट विभाग के बच्चों ने वृक्ष पर उकेरी नाना साहब का चित्र

गुरुवार को सीएसजेएमयू के फाइन विभाग के बच्चों मृदुला, अल्का, कृषिका, अभिषेक, मानवी, मनीषा, रश्मिष आदित्य, के अलावा मोहिनी सिंह द्वारा बिठूर के नाना राव पार्क पहुंचकर बिठूर महोत्सव को भव्यता प्रदान करने को लेकर वृक्ष पर 1857 क्रांति के महानायक नाना साहब पेशवा के चित्र को ऐसी सुंदरता के साथ उकेरा की बैठक में पहुंचे जिलाधिकारी के साथ-साथ जिला प्रशासन के सभी अधिकारी वाह वाह कह उठे।

### उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के मिली- जुली संस्कृति व ऐतिहासिकता के आधारित होगा बिठूर महोत्सव

इस बार का बिठूर महोत्सव 1857 की स्वतंत्रता क्रांति में कानपुर के आसपास के क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले पेशवा नानाराव स्मारक पार्क के पराक्रम एवं शौर्य गाथा को महोत्सव के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिकता पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश के छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। बैठक में विधायक, जिलाधिकारी महोदय के अलावा अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार, एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव, एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना सिंह, एडीसीपी वेस्ट विजेंद्र द्विवेदी व एडीसीपी महिला अपराध अमिता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## ठग को ठगने वाला बना साइबर क्राइम का ब्रांड एंबेसडर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर में साइबर ठग को ही ठगने वाले भूपेंद्र सिंह को क्राइम का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। अब हुआ पुलिस के साथ मिलकर साइबर क्राइम को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। साइबर क्राइम टीम भूपेंद्र का एक वीडियो जारी करेगी जिसमें बताया जाएगा कि उन्होंने किस तरह से साइबर ठग को ठगा है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और एडिशनल सीपी हरीश चंदर गुरुवार को भूपेंद्र से मुलाकात की। इसके बाद उन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। भूपेंद्र को बीते दिन गुरुवार क्राइम ब्रांच के दफ्तर में ले जाकर एक वीडियो शूट किया गया। जल्दी कानपुर पुलिस साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता के लिए यह वीडियो जारी करेगी। कानपुर में प्राइवेट जॉब करने वाले भूपेंद्र ने साइबर ठग से ही 10 हजार ट्रांसफर करवा दिए थे। अब ठग गिड़गिड़ा रहा है कि मेरी नौकरी चली जाएगी मुझे मेरे पैसे वापस कर दो। ठग से ठगी का मामला सामने आने के बाद भूपेंद्र हर जगह चर्चा में है। सोशल मीडिया पर कानपुर वालों की स्मार्टनेस को लेकर मीमस बन रहे हैं। लोग कहानियां गढ़ रहे हैं।

### पहले 3 हजार रुपए ट्रांसफर कराए

8 मार्च को मैने साइबर ठग को बताया कि सुंदर मुझे चेन नहीं दे रहा। चेन के बदले में पहले 3 हजार रुपए मांग रहा है। मैं एक छात्र हूं मेरे पास इतने पैसे नहीं है। मेरी मदद करिए। मुझे 3 हजार रुपए दे दीजिए। चेन बेचने के बाद जो पैसा आएगा मैं आपको दे दूंगा। इस पर ठग ने मुझे 3 हजार रुपए भेज दिए। फिर मैने 500 रुपए और मंगवाए। इस दौरान मैंने उसे चेन की एक फोटो भेजी।

### ठग की हरकतों को भांप कर फंसाने का बनाया प्लान

भूपेंद्र सिंह बर्रा के रहने वाले हैं। उन्होंने ग्रेजुएशन तक पढ़ाई की है और प्राइवेट जॉब करते हैं। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को मेरे पास कॉल आई। कॉलर ने खुद को सीबीआई अफसर बताया कहा तुम अश्लील वीडियो देखते हो। फिर उसने मेरे 32 मार्फ वीडियो और 48 मार्फ फोटो व्हाट्सएप कर भेजे। कहा तुम्हारे खिलाफ लड़की ने एफआईआर दर्ज कराई है। सीबीआई और पुलिस तुम्हारे घर पहुंच रही है। लेकिन मैं उसकी हरकतों को भांप चुका था। फिर मैंने उसे ही फंसाने का प्लान बनाया।

### अंकल प्लीज मम्मी को मत बताना

मैंने उससे कहा कि अंकल प्लीज मम्मी को ना बताइएगा। नहीं तो बहुत समस्या हो जाएगी। हालांकि मेरी मां का निधन हो चुका है। ठग ने मुझसे कहा कि एफआईआर दर्ज हो चुकी है। केस को खत्म करने में 16 हजार रुपए का खर्च आएगा। फिर मैंने उससे कहा कि मैं पैसे का इंतजाम करके बताता हूं। 7 मार्च को मेरी एनिवर्सरी थी। उसी दिन फिर से ठग का फोन आया। उसने फिर से पैसे मांगे। फिर मैने कहानी बनानी शुरू कर दी। उससे कहा कि कुछ दिन पहले मैं घर से एक सोने की चेन चुराई थी। जो मैने अपने दोस्त के सुनार पिता को देरी थी। चेंज 40 हजार में बिक जाएगी। मैं वह रुपया आपको दे दूंगा।

### मैने ठग से 10 हजार रुपए ठग लिए

10 मार्च को साइबर ठग का फोन आया तो मैने चैन पर गोल्ड लोन लेने की कहानी रची। मै गोल्ड लोन वाली कंपनी में गया। वहां पर अपने दोस्त से ठग की बात कराई। इस पर दोस्त ने ठग को बताया कि चैन रखकर 1.10 लाख रुपए कल दिलवा देगा। प्रोसेसिंग फीस 3 हजार रुपए लगेगी। इस पर ठग ने मुझे 3 हजार रुपए और ट्रांसफर कर दिए। इस तरह से मैने उससे 10 हजार रुपए ठग लिए। साइबर ठग ने बातचीत के दौरान बताया कि वह सचेंडी क्षेत्र का रहने वाला है।

## चुन्नीगंज-कानपुर सेंट्रल तक पांच मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा मशीनें लगी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल के सभी पांच अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों पर अत्याधुनिक सुरक्षा मशीनें लगाने का कार्य गुरुवार को किया गया। ये मेट्रो स्टेशन चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज व कानपुर सेंट्रल हैं। इनमें सुरक्षा व्यवस्था को प्रायोरिटी कॉरिडोर आईआईटी - मोतीझील की तर्ज पर चाक-चौबंद किया गया है।

इन स्टेशनों पर एक्सरे, बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम (एक्सबीआईएस), डूर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी), हैंड हेल्ड स्कैनर आदि सुरक्षा उपकरण इंस्टॉल किए गए हैं। स्टेशनों पर गार्ड की भी तैनाती की गई है। सभी मेट्रो स्टेशनों पर वीडियो एनालिटिक्स तकनीक से लैस सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। कानपुर मेट्रो परिसर के सुरक्षा की जिम्मेदारी यूपीएसएसएफ व निजी सुरक्षा कंपनी के जवान मिलकर उठाते हैं।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम को इस प्रकार इंस्टॉल किया गया है कि कहीं कोई डार्क स्पॉट न रहे। स्टेशनों पर महिला सुरक्षाकर्मी और महिला हाउसकीपिंग स्टाफ की भी तैनाती होगी।

## चार युवक और तीन महिलाओं समेत सात ने दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर में अलग-अलग स्थानों पर चार युवकों व दो महिलाओं ने फंदा लगाकर जान दे दी। वहीं, एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। सात थाना क्षेत्रों से सात शव गुरुवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। किसी भी मामले में वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। सजेती के पाराचंद निवासी फैक्टरी कर्मी सौरभ वर्मा (30) चकेरी के अहिरवां में किराए पर रहते थे। छोटे भाई सचिन ने बताया कि गुरुवार सुबह किराएदार ने सौरभ का कमरा न खुलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो सौरभ का शव फंदे पर लटकता मिला। फजलगंज थानाक्षेत्र के दर्शनपुरवा निवासी सौरभ गुप्ता (29) ने बुधवार देर रात फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह चाट का ठेला लगाता था। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके। अनवरगंज थानाक्षेत्र के फूलवाली गली निवासी अनुराग अहिरवार (20) ने फंदा लगाकर जान दे दी। वहीं, नवाबगंज थानाक्षेत्र के ग्वालटोली निवासी परमाराम (40) ने कुंडे के सहारे फंदा लगा लिया। कल्याणपुर के आंबेडकरपुरम निवासी संदीप कुरील की पत्नी दिव्या भारती (30) ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। इसके अलावा राजकीय उन्नयन बस्ती निवासी टेंपो चालक आलोक की पत्नी साक्षी (33) ने फंदा लगाकर जान दे दी। ढाई साल पहले शादी हुई थी। उसके छह माह की एक बेटी है। नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम निवासी शैलेंद्र कुमार की पत्नी रजनी प्रजापति (40) का शव के फंदे पर लटकता मिला। रजनी के भाई नीरज ने ससुरालियों पर हत्या के बाद शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।

## उपभोक्ताओं को डरा धमका कर वसूली कर रहे बिजली विभाग के लाइनमैन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**परियर।** सफीपुर विद्युत उप खंड क्षेत्र के परियर गांव में बकाया बिल की लिस्ट दिखा कर विद्युत कर्मी उपभोक्ताओं को कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने व विद्युत कनेक्शन काटने आदि की धमकी के साथ डरा धमका कर वसूली कर रहे हैं। हालत यह है कि उपभोक्ताओं को एक दो घंटे का भी समय बिल जमा करने को नहीं दिया जा रहा है।जबकि अधिशाषी अभियंता राजनाथ व जे ई दिलीप कुमार ने बताया बिल जमा करने के लिए कुछ समय दिया जाता हैं। परियर गांव के एक हॉस्पिटल के मालिक मोहसिन ने बताया हमारे हॉस्पिटल का फरवरी माह का बिल 5 हजार 49 रुपए था।जो जमा नहीं है। सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर सफीपुर विद्युत विभाग की आधा दर्जन लोगों की टीम आई और बिल न जमा होने पर पुलिस में मुकदमा दर्ज कराने व विद्युत कनेक्शन काट देने की धमकी नर्सिंग स्टाफ को दी। जबकि मैने मोबाइल पर बताया कि बाहर हु ।कुछ देर में बिल जमा करा दूंगा।जब नहीं माने तो उसके बाद कुछ ही मिनटों में सीएचसी पर 12 बजकर 19 मिनट पर विद्युत बिल जमा करा कर रसीद दिखाई। किंतु तब तक विद्युत विभाग ने हॉस्पिटल का विद्युत कनेक्शन काट दिया और बताया बहुत काबिल हो तो अपना प्लांट खुद लगवा लो।

## ध्वजारोहण के साथ हटिया से शुरू हुआ गंगा मेला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर शहर का ऐतिहासिक गंगा मेला गुरुवार को ध्वजारोहण के साथ हटिया से शुरू हुआ। हर तरफ पिचकारी से रंग बरस रहा है और सड़कों पर होरियारे जश्न मना रहे हैं। शाम को सरसैया घाट पर मेला लगेगा। इसमें शामिल शहरवासी एक-दूसरे से गले मिलकर भाईचारे व आपसी सौहार्द्ध का परिचय देंगे।

बता दें कि शहर में होली का त्योहार आठ दिन तक मनाया जाता है। अनुराधा नक्षत्र में गंगा मेला के दिन इसका समापन होता है। गंगा मेला को लेकर शहरवासियों में उल्लास हैं। मुख्य आयोजन हटिया के रज्जन बाबू पार्क में हुआ। यहां पर छह घंटे तक जमकर रंग बरसेगा।

### झंडा लहराकर गंगा मेला का शुभारंभ

सुबह 10.30 बजे जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर झंडा लहराकर गंगा मेला का शुभारंभ किया है। पूरे शहर से लोग हटिया पहुंच रहे हैं। यहां करीब सात किलोमीटर के दायरे में 25 हजार से अधिक होरियारे नाचते-गाते होली का जश्न मनाएंगे। इसके बाद रंग ठेला निकला, पूरे क्षेत्र में घूमेगा।

### सरसैया घाट पर लगेगा मेला

इसके बाद वापस रज्जन बाबू पार्क आकर समाप्त होगा। इसमें सबसे आगे भैंसा ठेला, उसके पीछे हाथी, घोड़े और ऊंट की सवारियां हैं। शाम को सरसैया घाट पर मेला लगेगा। इसमें शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग पहुंचते हैं और मेले का आनंद उठाते हैं।

मेला में लगेंगे शिविर

सरसैया घाट पर मेला के लिए पुलिस-प्रशासन ने सभी तैयारियां कर ली हैं।

यहां पर विभिन्न राजनीतिक दलों, समाजसेवी संस्थाओं, संगठनों आदि के शिविर लगेंगे। इसमें शामिल लोग एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। मेले में खानपान, खिलौने की दुकानें और बच्चों के लिए झूले भी लगेंगे। स्टॉल लगाने के लिए सरसैया घाट पर बुधवार रात से तैयारियां होने लगी थीं।

## बाइक सवार की टक्कर से महिला लैब टेक्नीशियन की मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

काकादेव थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार ने भाई के साथ जा रही महिला लैब टेक्नीशियन की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार बाइक चला रहा युवक मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। विनायकपुर निवासी प्राइवेट कर्मी विश्वनाथ की पत्नी आशा सविता (40) बायोप्सी सेंटर में लैब टेक्नीशियन थीं। बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह भाई कपिल के साथ बाइक से सेंटर जा रही थीं। अभी वह शारदानगर में प्राइवेट अस्पताल के पास ही पहुंची थीं कि अचानक एक गली से निकले तेज रफ्तार बाइक सवार ने सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई-बहन उछलकर सड़क पर जा गिरे। लोगों ने उन्हें से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर के इलाज के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। उधर हादसे के बाद आरोपी बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। मां की मौत पर बेटे मनीष, अवनीश और बेटी मांशी अस्पताल पहुंचे और शव देखकर बिलख पड़े।

### कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

ग्वालटोली थानाक्षेत्र में सूटरगंज निवासी मोहम्मद इकबाल अहमद (50) की टेफ्को चौराहे पर कार की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया गया।

## साइबर क्राइम थाने की जमीन पर कब्जा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सचेंडी में साइबर पुलिस थाना बनाने के लिए आवंटित जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन पर लगे थाने के बोर्ड को दबाकर दबंगों ने बाउंड्री कर गेट में ताला लगा दिया। दरोगा ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आकाशदीप कोल्ड स्टोरेज के पास गाटा संख्या 706 में 0.350 हेक्टेयर जमीन राजस्व विभाग ने साइबर पुलिस थाने के प्रशासनिक भवन के लिए निशुल्क आवंटित की है। इसमें जल्द साइबर थाना बनाने की तैयारी है। दरोगा अजीत सिंह को गश्त के दौरान इस जमीन पर कब्जा मिला। आसपास के लोगों से पूछने पर पता चला कि नौबस्ता निवासी अभिषेक मिश्रा, राजेश दीक्षित, विपिन तिवारी, मनोज तोमर ने उस जमीन पर कब्जा किया है। जमीन पर लगे थाने के बोर्ड को भी गिरा दिया गया। दरोगा की तहरीर पर थाने में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी सतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इन लोगों की आसपास और जमीन है लेकिन इन्होंने गलत ढंग से सरकारी जमीन कब्जा करने की कोशिश की है। चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसकी जांच की जा रही है।

## चैंबर छोड़ने के एवज में मांगी 10 लाख की रंगदारी, विरोध पर पीटा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सीसामऊ में 10 लाख रुपये रंगदारी न देने पर अधिवक्ताओं के गुट ने साथी अधिवक्ता को पीट दिया। गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले में सीसामऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जवाहरनगर निवासी अधिवक्ता सुबोध चतुर्वेदी ने बताया कि उनके मित्र मनीष कुमार अग्रवाल का विक्की ठाकुर से चैंबर को लेकर विवाद चला आ रहा है। हाईकोर्ट के आदेश पर चैंबर सील कर दिया गया है। 17 मार्च की रात वह अपने आवास से दवा लेने के लिए निकले थे। तभी भदौरिया चौराहे पर मित्र आलोक कुमार पांडेय से मुलाकात हो गई। इस बीच विक्की ठाकुर व शोभित मिश्रा अपने 8 अन्य साथियों संग उनके पास पहुंचे। मनीष की मदद करने का हवाला देते हुए गालीगलौज कर धमकाया। चैंबर छोड़ने के एवज में 10 लाख रुपये की मांग की। विरोध पर मारपीट शुरू कर दी। थानाप्रभारी ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## भाजपा नेता के बेटे संग मारपीट में आठ नामजद समेत पचास पर रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** महाराजपुर के रहने वाले भाजपा नेता के बेटे संग मारपीट करने में आठ नामजद समेत 50 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। भाजपा नेता विनय प्रताप सिंह ने बताया कि बेटा चैतन्य प्रताप सिंह बुधवार शाम को बाइक से हाथीपुर गांव में अपने दोस्त के साथ घर जा रहा था। आरोप है कि हाथीपुर गांव के पास इस्लाम, फारुख, साहिल, शाहरुख, उमर खा, चमन खान समेत 50 लोगों ने मारपीट की है। भतीजे अभिनीत प्रताप सिंह तथा बेटे अक्षय प्रताप व विशाल सिंह पहुंचे तो आरोपियों ने उनसे भी मारपीट की। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Catering-2025-1 |
| कार्य का विवरण | Minor Catering Unit at various stations over Lucknow Division for a period of 5 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.03.2025 at 13:00 Hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.03.2025 till 14:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

868/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जन एक्सप्रेस

### सम्पादकीय

# चुलबुली गौरैया के लिए घर में बनाएं घोंसला

**जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे, लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता। देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है।**

*हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की छत या बालकनी में पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृत्रिम घोंसला लगाने लगे हैं। गौरैया हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर-आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है, यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु -पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी-खासी भूमिका निभाते हैं लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल की अपील कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को ट्वीटर पर खूब सराहा था और कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिले तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जो पशु-पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च का दिन गौरैया के नाम रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास रहना अधिक पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पायी जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी आफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी।**

# सुनहरा लम्हा : धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

-डॉ. सत्यवान सौरभ

**सुनीता की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई देते हुए उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।**

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक आईएसएस पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिससे सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया जा सका। वापसी के बाद दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स व उनके सहयोगी की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (आईएसआरओ) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

**इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं।**

भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों व युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती है और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई देते हुए उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 28:23 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 25:37 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सिद्धि, 18:32 |
| सूर्योदयः | 06:27 |
| सूर्यास्तः | 18:28 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 10:57-12:28 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:03-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### संकते हम रोटी !

*छोटी छोटी घटना पर ।*
*सेंकते हम रोटी ।।*
*करनी राजनीति है ।*
*बात नहीं ये छोटी ।।*
*कोशिश लगातार है ।*
*टूट न जाए क्रम ।।*
*रहना हमको ज़िंदा ।*
*ना इसमें हो भ्रम ।।*
*होंगे लाख जलील पर ।*
*ना लाना बदलाव ।।*
*जनता ने ठुकरा कर ।*
*दिया बराबर घाव ।।*
*मुद्दों की हम खोज में ।*
*है लाना हर हाल ।।*
*भले लाख हम पर ।*
*उठते हों सवाल ।।*

- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*तेरी हर आहट को हमने जान लिया*
*गम तेरी चाहत मुझसे पहचान लिया।*
*पास काफी मेहनत से किया हमने*
*जब भी तुमनें जो इम्तिहान लिया।*
*अब तक मर्जी कब चलाई हमने*
*तुमने जो जब कहा मान लिया।*

*वे रोज इस तरफ होकर गुजरते हैं*
*इसलिए इस राह में मकान लिया।*
*उसको हमने हमेशा पूरा ही किया*
*हमने जैसा भी दिल में ठान लिया।*
*आप चाहे जो माने दोस्ती को संजीव*
*हमने तो इस पर हमेशा गुमान किया।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*शिक्षा अचानक से प्राप्त नहीं की जा सकती, इसे उत्साह और परिश्रम के द्वारा प्राप्त किया जाना चाहिए*

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या सूरजमुखी का तेल हार्ट के लिए नुकसानदायक होता है?

आजकल बाजारों में कुकिंग के लिए कई अलग-अलग तरह के ऑयल बिकने लगे हैं। इन्हीं में से एक सूरजमुखी का तेल भी है। कई लोग अपनी हेल्थ का ख्याल रखने के लिए सूरजमुखी के तेल का इस्तेमाल करने लगे हैं। हालांकि, इस तेल के फायदे और नुकसान दोनों ही बहुत मशहूर हैं। कई लोगों का मानना है कि अगर आप सूरजमुखी के तेल का लंबे समय तक इस्तेमाल करते हैं, तो हार्ट हेल्थ पर बुरा असर हो सकता है। यही वजह है कि आज के इस आर्टिकल में हम सूरजमुखी तेल के हार्ट पर होने वाले असर के बारे में जानेंगे। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन के मुताबिक, सूरजमुखी के बीज का तेल सीरम कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए जाना जाता है। इससे हार्ट हेल्थ में थोड़ा सुधार हो सकता है। हालांकि, इसी स्टडी में आगे यह बात भी कही गई है कि सूरजमुखी का तेल हार्ट हेल्थ पर कैसा असर डालता है। इसकी अभी पुख्ता जानकारी नहीं है। इस सवाल का सटीक जवाब जानने के लिए अभी और शोध करने की जरूरत है।

**सूरजमुखी तेल पर न्यूट्रिशनिस्ट की क्या है राय?:** न्यूट्रिशनिस्ट दिव्या गांधी के मुताबिक, लंबे समय तक सूरजमुखी तेल का सेवन करने से हार्ट पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव पड़ सकते हैं। अगर पॉजिटिव पक्ष पर ध्यान दें, तो सूरजमुखी का तेल पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (पीयूएफए) और लिनोलिक एसिड में समृद्ध होता है, जो कोरोनरी हृदय रोग के जोखिम को कम करते हैं। वहीं, हाई-ओलिक एसिड होने की वजह से सूरजमुखी तेल कोलेस्ट्रॉल के लेवल में सुधार कर सकता है। इससे हृदय रोग के जोखिम कम करने में मदद मिलती है।

**नकारात्मक प्रभावों को कम कैसे करें?**

- हाई ओलिक एसिड सूरजमुखी तेल चुनें
- इस तेल का इस्तेमाल सीमित मात्रा में करें
- इस तेल को हाई तापमान पर गर्म करने से बचें
- अपने आहार को अन्य हेल्दी फैट और तेलों के साथ बैलेंस करें

क्रोनिक सूजन का जोखिम बढ़ जाता है- सूरजमुखी के तेल में हाई ओमेगा-6 फैटी एसिड पाया जाता है, जो क्रोनिक सूजन का कारण बन सकती है। इससे हार्ट से जुड़ी समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

**हानिकारक पदार्थ इकट्ठे होना:** जब सूरजमुखी के तेल को हाई तापमान पर गर्म किया जाता है, तो यह बासी हो सकता है। इसमें एल्डिहाइड और हाइड्रोपेरॉक्साइड जैसे विषाक्त यौगिक बनने लगते हैं, जो दिल से जुड़ी समस्याओं और कैंसर से जुड़े खतरे को कम कर देते हैं।

**ऑक्सीडेटिव तनाव और पोषक तत्वों की कमी:** सूरजमुखी के तेल में हाई होता है। इससे ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ता है और पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। यह स्थिति खासकर तब होती है, जब इस तेल को हाई तापमान पर गर्म किया जाता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# प्लेसमेंट और पैकेज की समस्या से जूझते आज के युवा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अध्ययन कर रिपोर्ट में तो यही खुलासा किया है। चौकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब करीब चार गुणा बढ़ गया है।**

**रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। हांलाकि हार्वर्ड, शिकागो आदि के संदर्भ शिक्षा के स्तर को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता पर तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि हार्वर्ड, शिकागो या इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं में अध्ययन करने वाले कितने युवा होते हैं।**

**युवाओं** के लिए रोजगार के अवसर केवल एक देश की समस्या ना होकर अब वैश्विक समस्या होती जा रही है। रोजगार को लेकर अब तो यह भी बेमानी हो गया है कि आपने कहां से अध्ययन किया है। हालात यह होते जा रहे हैं कि दुनिया के श्रेष्ठतक अध्ययन केन्द्रों के पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए दो चार हो रहे हैं। यह कल्पना या कपोल कल्पित नहीं बल्कि वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेन्सिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए करें युवाओं को पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अध्ययन कर रिपोर्ट में तो यही खुलासा किया है। चौकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थनों में कहीं कहीं तो छह गुणा तक की बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टेण्डर्ड निर्विवाद समूचे विश्व में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है उनकी ही यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिशयोक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सवाल केवल प्लेसमेंट तक ही सीमित नहीं हैं अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। कुछ चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गए हैं। यदि हम भारत की ही बात करें तो देश के शीर्ष प्रबध संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था तो वह 2024 आते आते 27 लाख पर आ गया है। यह सबतो देश दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य व मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी और घर बार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक और पिकोक कल्चर, हाईब्रीड सिस्टम और वर्क फ्राम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है तो दूसरी और कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। हांलाकि हार्वर्ड, शिकागो आदि के संदर्भ शिक्षा के स्तर को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता पर तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि हार्वर्ड, शिकागो या इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं में अध्ययन करने वाले कितने युवा होते हैं तो दूसरी और कितने लोगों के लिए इन संस्थाओं के अध्ययन का खर्च उठाने की क्षमता होती है। जब इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं से अध्ययन प्राप्त कर निकले युवाओं के सामने ही प्लेसमेंट या पैकेज का संकट आ रहा है तो अन्य संस्थानों से अध्ययन प्राप्त युवाओं की स्थिति क्या होगी यह अपने आपमें सोचनीय हो जाती है। जहां तक हमारे देश की बात की जाए तो यह साफ हो जाता है कि हमारे यहां एक तरह से अंधी दौड़ चलती है। एक समय था जब कुकुरमुत्ते की तरह प्रबंधन संस्थान खुले और आज हालात यह है कि निजी क्षेत्र में खुले इस तरह के संस्थानों को क्षमता के अनुसार विद्यार्थी ही नहीं मिल रहे हैं। लगभग यही स्थिति इंजीनियरिंग कालेजों की होती जा रही है। गली गली में फार्मेसी संस्थान खुलते जा रहे हैं। सौ टके का सवाल यह है कि अध्ययन संस्थान खोलने की अनुमति के साथ ही अध्ययन का स्तर भी बनाये रखने के लिए फेकेल्टी को लेकर भी मान्यता देते समय सरकार को गंभीर होना होगा। जब तक स्तरीय अध्ययन उपलब्ध नहीं होगा तब तक हम पास आउट तो करते रहेंगे पर प्लेसमेंट या अच्छे पैकेज की बात करना बेमानी होगा। सरकार को शिकागो, हार्वर्ड कोलंबिया, पेन्सिलवेनिया या इसी तरह की संस्थानों से पासआउट के साथ जो हालात बन रहे हैं।

# किशोरी मौत मामले में नया मोड़ पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में रेप की पुष्टि

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

कोतवाली निघासन क्षेत्र में लापता किशोरी की मौत के मामले में हुआ सनसनीखेज खुलासा बताते चलें मौत से पहले किशोरी से रेप किया गया था। जिसकी जानकारी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद हुई और मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है। इस मामले में पुलिस तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वहीं, किशोरी का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। गुरुवार को मृतक युवती का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। निघासन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन से लापता 15 वर्षीय दलित किशोरी का शव बुधवार को जमीन से महज़ तीन फुट ऊंची शहतूत की पतली डाल से लटका हुआ मिला था। शव पूरी तरह से जमीन के सहारे टिका हुआ था। मृतक किशोरी के पिता ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के छोड़ अलंग राज्य में मजदूरी करते हैं। होली से पहले घर आएं थे। उनके एक बेटा और चार बेटियां हैं। दूसरे नंबर की बेटी 17 मार्च को दोपहर दो बजे घर से बिना बताए कहीं गई थी लेकिन काफी देर तक घर नहीं लौटी।पुलिस को बिना सूचना दिए वे लोग तलाश करते रहे। बुधवार को उसका शव मिलने की सूचना मिली। उन्होंने दुष्कर्म के बाद बेटी की हत्या किए जाने की आशंका जताई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था लेकिन डॉक्टरों का पैनल न बन पाने की वजह से पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका था। गुरुवार को दोपहर पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है, वहीं मौत की वजह हैंगिंग आई। परिजनों ने बताया कि शहतूत की पतली टहनी में शव पुराने दुपट्टे से बंधा था। शव आधे से अधिक जमीन पर टिका था। दोनों पैरों में चप्पल थी। दाएं पैर की चप्पल टूटी थी। सवाल उठ रहा है कि जमीन से तीन फुट ऊंची टहनी से कोई कैसे फंदे से लटक सकता है।परिजनों ने आरोप लगाया था कि हत्या के बाद किशोरी के शव को टहनी से लटकाया गया। काफी पुराना दुपट्टा किशोरी के वजन से फटा क्यों नहीं इसकी भी जांच की जा रही है। मृतक किशोरी की मां को किसी ने लाही की मड़ाई करने के लिए फोन किया था। इसके बाद वह चली गई थी। किशोरी की मां और उसकी बहन मजदूरी आदि करके अपना पेट पालती हैं। उक्त घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी सी फ़ैल गई पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है।

## रेलवे पटरी पर आत्महत्या का प्रयास करने पहुंची युवती की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के अंतर्गत शाहजहांपुर से सीतापुर रेलवे ट्रैक पर बीती रात करीब 8 बजे एक युवती ने ट्रैक पर कूद के आत्महत्या करने की कोशिश की।कोतवाली मैगलगंज के ग्राम जमुनिया रना निवासी मुस्कान पुत्री विनोद उम्र लगभग 20 साल की युवती ने अपनी जीवनलीला समाप्त करने की कोशिश की। ट्रैक पर कूदने के बाद युवती का एक पैर कट गया व दूसरा टूट गया।युवती रहजनिया अंडर पास ट्रैक पर पड़ी थी ट्रैन चालक ने ट्रैन रोक कर युवती को ट्रेन में बिठा कर मैगलगंज स्टेशन पहुंचा।वहाँ मौके पर पुलिस पहुँच चुकी थी पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से युवती को जिला सीतापुर के लिए भेजा और उसके परिजनों की इस घटना की जानकारी भेजी परिजनों को सूचना मिलने के बाद उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उधर वहाँ एम्बुलेंस जिला अस्पताल सीतापुर पहुँचने के बाद युवती को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# तक्षशिला एक बार फिर से उठ खड़ा हुआ

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

बर्बर आक्रान्ताओं एवं मज़हबी उन्मादियों द्वारा तक्षशिला शिक्षण संस्थान के ध्वंस की दुःखद गाथा से आज अधिकतर लोग शायद परिचित न हों परंतु काल के कपाल पर अंकित इस महान संस्थान के पराभव की कहानी भारतीय इतिहास की सबसे दुःखद त्रासदियों में से एक रही है। प्रमुखतः 5वीं शताब्दी में हूणों द्वारा तक्षशिला को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया गया जिसके उपरान्त सामूहिक प्रयासों ने उसे एक बार फिर से आंशिक रूप से खड़ा कर दिया परंतु उसके बाद पुनः 11वीं शताब्दी में महमूद गज़नवी के द्वारा फिर से इसे पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया गया जो फिर कभी भी अपने मूल स्वरूप में वापसी न कर सका और एक इतिहास बनकर रह गया। उसके बाद गत एक सहस्त्राब्दी से भी अधिक समय से तक्षशिला की आत्मा भारत के जनमानस से यह प्रश्न कर रही थी कि आख़िर उसकी वह कौन सी त्रुटि थी कि जिसके कारण उसके पुनर्स्थापन के प्रयास करना तो दूर, उसके विषय में सोचना भी आवश्यक न समझा गया और उसे धीरे-धीरे स्मृतियों से भुला दिया गया।आख़िर एक समूह विशेष ने इस महान संस्थान को दोबारा से स्थापित करने का निश्चय किया और वर्ष 2020 में हिंगलाज मानव सेवा संस्थान न्यास की स्थापना के साथ ही इस महान संस्थान के लिए आधार तलाशना प्रारंभ कर दिया। दिनांक 24 जून, 2022 को एड0 राहुल तिवारी के आमंत्रण पर हिंगलाज मानव सेवा संस्थान की न्यास परिषद ने आचार्य श्रीवृत्त को आगामी 1000 दिनों के अंदर इस संस्थान को उसके समस्त आवश्यक नैसर्गिक अवयवों के साथ खड़ा करने का एक कठिन लक्ष्य प्रदान किया। इस पहल को 'तक्षशिला परियोजना' (प्रोजेक्ट तक्षशिला) नाम दिया गया जिसने बहुत ही अल्प समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहद मज़बूत कार्यकारिणी का गठन कर डाला।उसके बाद वह हुआ जो कि एक इतिहास बन गया। इंजी0 रवि सिंह एवं आर्किटेक्ट आशुतोष सिंह ने त्वरितता से अपने समस्त संसाधनों को प्रोजेक्ट तक्षशिला के लिए समर्पित कर रिकॉर्ड 69 दिनों के अंदर तक्षशिला विश्वविद्यापीठ के प्राथमिक भवन के ढांचे को खड़ा कर दिया। इस तरह विचार के धरातल पर कदम रखने के 1000 दिनों के अंदर तक्षशिला का प्रथम आधुनिक भौतिक स्वरूप सामने आया और गत 19 मार्च, 2025 को विजय मुहूर्त में टीम तक्षशिला ने इसे पुनर्स्थापित कर भारतीय समाज को समर्पित कर दिया। ज्ञात हो कि हिंगलाज मानव सेवा संस्थान न्यास की तक्षशिला परियोजना के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले उपरोक्त पुनर्स्थापित गुरुकुल में समाज के सभी वर्गों के योग्य छात्रों को निःशुल्क आधुनिक आवासीय शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा गुरुकुल अपने यहां अध्यनरत छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की पूर्व-तैयारी भी करवाएगा एवं उनकी आत्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के उन्नयन व विकास के लिए योग एवं वैदिक शिक्षा पर आधारित विभिन्न पाठ्यक्रम एवं सत्र भी संचालित करेगा। न्यास द्वारा संचालित की जा रही इस तक्षशिला परियोजना के अंतर्गत 4 वर्ष से लेकर 7 वर्ष तक की आयु के बालक प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे बालक जिनके माता अथवा पिता में से कोई एक अथवा दोनों नहीं हैं अथवा जो आर्थिक रूप से अक्षम परिवारों से संबंध रखते हैं, तक्षशिला गुरुकुल उन्हें अपने यहां प्राथमिकता से प्रवेश प्रदान करेगा।

# चीनी मिल खम्भारखेड़ा द्वारा कृषक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

- बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं गन्ने में लगने वाले कीट-रोग को लेकर चीनी मिल द्वारा कृषकों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

खम्भारखेड़ा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा द्वारा ग्राम ज्ञानपुर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं गन्ने में लगने वाले कीट-रोगों के सम्बन्ध जागरुकता हेतु एक वृहद कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गन्ना विकास परिषद, खम्भारखेडा के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चैधरी, बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा के इकाई प्रमुख अवधेश कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) राजेन्द्र सिंह, कमल कुमार सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इकाई प्रमुख द्वारा किसानों को उन्नत खेती के महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये तथा बसंतकालीन गन्ना बुवाई, भूमि शोधन, बीज शोधन, एवं अधिकतम उत्पादन तकनीकों के साथ साथ सहफसली खेती के लाभों पर किसानों को जागरूक किया। उन्होंने किसानों को गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की न्यूनतम दूरी 4 फिट रखने, मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने और नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिबंधित एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करें। उन्होंने बसंतकालीन बुवाई हेतु को. 0118, को.15023, को.लख.14201, को.शा.13235, को.लख.16202, को.शा.17231, को.शा.13231, को.98014 एवं को.लख.94184 जैसी उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों को अपनाने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने ट्रेंच विधि से बुवाई करने एवं बीज व भूमि को ट्राइकोडर्मा तथा फफूंदनाशक घोल से उपचारित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने हेतु कृषकों को आगाह किया। महाप्रबन्धक गन्ना पुष्पेन्द्र ढाका ने किसानों को गन्ने की फसल पर लगने वाले प्रमुख कीटों एवं बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के उपाय बताए। उन्होंने स्वीकृत गन्ना किस्मों, बीज उपचार (थायोफिनेट मिथाइल द्वारा), भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा द्वारा), सिंगल बड तकनीक, ट्रेंच विधि, जैविक खाद, संतुलित उर्वरक प्रयोग एवं पेड़ी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

# सात दिवसीय शिविर में सड़क सुरक्षा जागरूकता का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

राष्ट्रीय सेवा योजना कृषक समाज इंटर कॉलेज के साथ दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के छठवें दिन सड़क सुरक्षा जागरुकता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि केन ग्रोवर्स डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार अग्रहरी जी रहे उन्होंने बताया कि आए दिन सड़क सुरक्षा के नियम को नजर अंदाज करते लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और सड़कों पर दुर्घटना भी बड़ी है जिला अधिकारी महोदय का भी यही मानना है कि जो नो डेथ जोन बनाया जाए और इस पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है मनुष्य का जीवन बहुत ही अनमोल है सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर हेलमेट लगाकर एवं जूता पहन कर वाहन चलाने का सुझाव दिया। कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। सड़क पर बाइक चलाते समय हेलमेट लगाना, रात में लाइट का उपयोग करना, मोड़ पर साइड इंडिकेटर का उपयोग करना, अधिक स्पीड नहीं चलने आदि बिंदुओं पर जानकारी दी। बताया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले बाइक चालकों पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस की बाइक चलाने वाले लोगों को यातायात नियमों के तहत चालान काटे जायेंगे।

अंत में जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने बताया कि आज गौरैया दिवस भी बनाया गया गौरैया संरक्षण आज की आवश्यकता ही नहीं बल्कि जरूरत है क्योंकि गौरैया हमारे एक पारितंत्र का एक हिस्सा है जिसके संवर्धन में हम सभी को योगदान देना चाहिए कार्यक्रम में ओमप्रकाश यादव सत्यवती गौतम मनीष। उत्कर्ष वर्धन वग्राम प्रधान जहीरूद्दीन मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर मरीजों को जागरूक किया गया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर हैप्पी माउथ इस ए हैप्पी माइंड की थीम पर जिला चिकित्सालय के दंत विभाग में कार्यक्रम का आयोजन सीएमएस डॉ आरके कोली के नेतृत्व में किया गया। इस आयोजन के द्वारा अस्पताल परिसर में आने वाले सभी मरीजों को दंत व मुख रोगों के प्रति जागरूक किया गया व उससे बचने के उपाय बताए गए। इस दौरान पर दंत शल्यकों के द्वारा बताया गया कि हमारे मुंह की सेहत हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ पर गहरा प्रभाव डालती है। साथ ही तंबाकू व तंबाकू से बने खाद्य पदार्थों को लेने से होने वाले रोग के बारे में अवगत कराया गया। आने वाले माह में इस कार्यक्रम के तहत जनपद में विभिन्न तरह के जागरूकता अभियान व कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नेत्र सर्जन डॉ पूनम वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा, ईएनटी सर्जन मनोज शर्मा, दंत शल्यक डॉ.मंजेश कुमार वर्मा, दंत शल्यक डॉ इंद्रेश राजावत, डेंटल हाइजीनिस्ट आशुतोष कुमार व आलोक अवस्थी उपस्थित रहे।

# एसआईटी की टीम ने लोहे के व्यापारी के प्रतिष्ठान पर मारा छापा

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

नगर के मोहल्ला मन्नू गंज स्थित बृहस्पतिवार को एक लोहे के व्यापारी के प्रतिष्ठान पर एस आई टी की टीम ने मारा छापा। छापा मारी से दुकनदारों में हड़कम्प मच गया। नगर में जीएसटी अधिकारी एवं एस आई टी की टीम लोहे के व्यापारी के छापे मारी खबर अन्य दुकानदारों लगी तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बृहस्पति को दोपहर बाद एसआईटी की एक टीम नरायण लोहिया वाली गली में रवि लोहिया की दुकान पर छापा मारा एसआईटी जीएसटी सीतापुर के उपायुक्त सुनील कुमार, डा.आरसी वर्मा असिस्टेंट कमिश्नर सीतापुर, महिला आयकर अधिकारी सपना, बालक राम सहित पूरी टीम ने छापामारा। तमाम रिकार्ड देखे और देर शाम तक जी एस टी अधिकारियों की जांच चल रही थी। एस आई टी टीम में जांच करअसिस्टेंट कमिश्नर डॉक्टर आर के वर्मा से मीडिया ने कुछ जानकारी चाहीकी क्या किसी की शिकायत पर आप जांच कर रहे हैं तो उन्होंने बताया रूटीन बी के हिसाब से जांच की जा रही है उसी के अनुसार जांच करने आए हैं और यह बताया कि अभी जांच चल रही है जांच करने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। समाचार लिखे जाने तक अधिकारियो की टीम द्वारा जांच चल रही थी। एस आई टी टीम की छापा मारी से दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों व शिक्षकों का किया उत्साहवर्धन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। महमूदाबाद।** निपुण प्रदेश बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिवार पूरी तरह से तन मन धन से लगा हुआ है। विभाग में कार्यरत सभी लोगों की टीम भावना का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालय नित नये आयाम गढ़ते जा रहे हैं। धरातल पर काम करने वाले सभी शिक्षक इसके लिए विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। उक्त बातें महमूदाबाद स्थित एक निजी मैरिज लान में आयोजित 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुये महमूदाबाद की खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा चौहान ने कहीं। उन्होंने निपुण हो चुके सभी विद्यालयों के शिक्षकों, बच्चों के साथ निपुण बनने की ओर अग्रसर सभी विद्यालयों को बधाई दी। इस मौके पर निपुण हुए बच्चों उनके अभिभावकों, शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में एसआरजी आलोक श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार दीनानाथ, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री हंसराज वर्मा, उपाध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संदीप वर्मा, विजय वर्मा, एआरपी दिनेश वर्मा, सिराज अहमद, अभिषेक परिहार, विजय वर्मा समेत कुल 54 विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी पीयूष वर्मा ने किया। नोडल शिक्षकों व एआरपी टीम को टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आम निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आम निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्ययोजना तैयार किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आम उत्पादन से संबंधित किसानों तथा एफपीओ के सदस्यों एवं आम निर्यातकों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना एवं निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आम के निर्यात में आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसानों को एफपीओ बनाकर इसके माध्यम से आम निर्यात कराए जाने हेतु भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्तायुक्त आम के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों की कार्यशाला आयोजित करायी जाये। कार्यशाला में किसानों को आम में लगने वाले कीड़े, रोग इत्यादि से निदान के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाए। निर्यातकों को आम विक्रय हेतु कान्ट्रेक्ट बनाने हेतु भी सहायता उपलब्ध करायी जाए। निर्यातकों के पंजीकरण हेतु भी सुविधाजनक व्यवस्था बनाए जाने हेतु भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी राजश्री सहित संबंधित अधिकारी संबंधित अधिकारी, आम उत्पादक कृषक तथा निर्यातक, व्यापारी आदि उपस्थित रहे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय, टिकौला में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बेहजम ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकौला मे वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बेहजम देवेश राय, तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त न्याय पंचायत प्रभारी रामदत्त शुक्ला ने कार्यक्रम में भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। खेल व शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक प्रितेश पांडे ने विद्यालय की उपलब्धियों को साझा किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान, संदीप पांडेय, अक्षिता त्रिपाठी, अनुराधा तिवारी, नेहा वाशवानी, गौरव शुक्ला अमित वर्मा व सेवा निवृत शिक्षक गण, ग्राम वासी, अभिभावकगण आदि मौजूद रहे।

## अश्लील गाना और फोटो भेजकर, विवाहिता को परेशान करने वाले युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

थाना भीरा क्षेत्र की विवाहिता को एक युवक द्वारा अश्लील गाना और फोटो भेजकर और विवाहिता की फोटो डीपी में लगा कर तंग करने वाले युवक के विरुद्ध विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बताते चलें थाना फूलबेहड़ के गांव दाउदपुर निवासी शाहरुख नाम के युवक ने किसी से विवाहिता का नंबर ले लिया और उस पर दिन-रात कॉल कर कर और व्हाट्सएप पर अश्लील गाने और फोटो भेज परेशान करने लगा। विवाहिता ने बताया कि आरोपी ने उसकी फोटो भी अपनी डीपी में लगा रखी है। इससे उसकी और उसके परिवार की समाज में काफी बदनामी हो रही है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। परेशान होकर उन्होंने अपने पति को पूरी बात बताई। पति ने जब आरोपी को फोन किया और उसे समझाने की कोशिश की तो आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मार देने और समाज में बदनाम करने की धमकी दे रहा है। इससे विवाहिता और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## युवक ने बीच रास्ते पर की ऐसी करतूत, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** बरेली के फरीदपुर में स्कूल जा रही छात्राओं के सामने रास्ते पर युवक ने डांस करते रील बनाई, जिसे उसने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर दिया। रील देखने के बाद लोगों ने आपत्ति की और पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फरीदपुर कस्बा के गली गन्ना दफ्तर का रहने वाला युवक घर पर ही कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है।

# हिस्ट्रीशीटर समेत छह गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा बरामद

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के बारादरी थाने का हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र उर्फ चिरकुंडा अपने गिरोह के साथ कैंट थाना क्षेत्र के खंडहर में अवैध शस्त्रों की फैक्टरी चला रहा था। कैंट थाना पुलिस ने बुधवार रात छापा मारकर चिरकुंडा समेत उसके गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खंडहर से कई बने और अधबने हथियार समेत 37 कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मुखबिर की सूचना पर कैंट पुलिस ने नकटिया क्षेत्र में कृष्णा कॉलोनी के पास खंडहर में छापा मारा। खंडहर में कालीबाड़ी निवासी हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र उर्फ चिरकुंडा, राजेश, आकाश व कालीबाड़ी हाता फाल्तूनगंज निवासी अभिषेक, अक्षय और प्रेम उर्फ किच्छू अवैध हथियार बनाते हुए पकड़े गए। पुलिस ने सभी लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया है। पकड़े गए छह बदमाशों को जेल भेजा गया है।

सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने खुलासे के दौरान बताया कि हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र उर्फ चिरकुंडा और उसके साथी खंडहर में अवैध देशी बंदूकें और तमंचे बनाने के साथ ही पुराने अवैध हथियारों की मरम्मत भी करते थे। चिरकुंडा गिरोह का बड़ा नेटवर्क गंगापुर, कालीबाड़ी और सिकलापुर में है। इसलिए चिरकुंडा अवैध हथियारों को बड़े पैमाने पर इन इलाकों में सप्लाई करता था। सुराग मिला है कि शहर के बाहर भी अवैध हथियारों की सप्लाई की जाती थी। चिरकुंडा और उसके साथियों से पूछताछ की जा रही है कि इन लोगों से बड़े पैमाने पर अवैध हथियार किस-किसने खरीदे हैं। पुलिस अवैध हथियार खरीदने वालों पर भी शिकंजा कसेगी।

राजेंद्र उर्फ चिरकुंडा पर मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ, सट्टा, शराब तस्करी, आर्म्स एक्ट आदि के कई मुकदमे दर्ज हैं। उस पर जेबकतरों का अंतरराज्यीय गिरोह चलाने के आरोप भी लगते रहे हैं। चिरकुंडा बारादरी क्षेत्र के कालीबाड़ी और गंगापुर क्षेत्र में सक्रिय रहता था। 2019 में तस्करी को लेकर हुए विवाद में चिरकुंडा के श्यामगंज में गोली भी मारी गई थी। अस्पताल में कुछ दिन इलाज चलने के बाद चिरकुंडा दोबारा अपराध में सक्रिय हो गया। अब चिरकुंडा और उसके साथी अवैध हथियारों का निर्माण कर तस्करी कर रहे थे। इस आमदनी से जीवनयापन कर रहे थे। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

हाल ही में सिकलापुर चौराहे पर घर के अंदर सोते वक्त दयाशंकर नाम के आरोपी की गोली मारकर हत्या की गई थी। दयाशंकर की हत्या में उनका भतीजा रितिक गिरफ्तार किया गया था। रितिक को जेल भेजने से पहले कोतवाली पुलिस ने उससे पूछताछ की थी। रितिक के पास मौजूद तमंचे के बारे में जानकारी की गई। पता लगा कि रितिक का उस्ताद राहुल शिकंजी है जो सिरौली थाने से जेल भेजा गया है। राहुल ही हथियारों का सौदागर है और दिखावे के लिए बरेली कॉलेज के बाद गोलगप्पे व शिकंजी का ठेला लगवाता है।

रितिक भी गोलगप्पे बनवाकर उसी को सप्लाई करता था। रितिक को तमंचा भी राहुल ने ही दिया था। पता लगा कि राहुल और चिरकुंडा ने साझे में हथियार बनाने की फैक्टरी खोल रखी है।

पुलिस ने उससे जानकारी जुटाई तो पता लगा कि यह काम कैंट इलाके में किया जा रहा है। एसपी सिटी ने कैंट पुलिस को लोकेशन और निर्देश दिए तो इंस्पेक्टर राजेश यादव की टीम ने गुडवर्क कर लिया।

## दो बच्चों को छोड़ घर से गई महिला, प्रेमी संग लौटी तो पति ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** बरेली के नवाबगंज में सात माह पहले प्रेमी के साथ गई दो बच्चों की मां को उसके पति ने प्रेमी के साथ पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस महिला और उसके प्रेमी को पकड़ कर थाने ले आई। पति ने पत्नी के प्रेमी के खिलाफ थाना नवाबगंज में तहरीर दी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी से पूछताछ की। इस पर महिला प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। शीशगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक का विवाह 13 वर्ष पहले झारखंड की युवती से हुआ था। उनके 11 साल का बेटी और नौ साल की बेटा है। कुछ समय पहले महिला का नवाबगंज थाना क्षेत्र के रामनगरिया गांव में रहने वाले कारपेंटर से प्रेम प्रसंग हो गया। महिला के पति का आरोप है कि सात माह पूर्व कारपेंटर उसकी पत्नी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। उसने अपनी पत्नी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं मिला। जिससे परेशान होकर उसने पुलिस को भी तहरीर दी। बृहस्पतिवार को आरोपी उसे लेकर अपने घर पहुंचा तो इसकी खबर पति को लग गई। जिसपर उसने वहां पहुंच कर उन दोनों को पकड़ लिया। इसकी शिकायत महिला के पति ने डायल 112 पर की तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उन दोनों को पकड़ लिया। दोनों में थाने लाया गया। महिला अपने प्रेमी के साथ ही जाने की जिद पर अड़ गई। जबकि उसका पति और दोनों बच्चे उसे मनाने में लगे हुए थे।

# संक्रमण के खतरे से मुक्त होगा वंदे भारत का सफर, लगाया गया हाई क्वालिटी का यह सिस्टम

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वंदे भारत ट्रेनों में फोटो कैटेलिटिक अल्ट्रावायलेट एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम लगाया जा रहा है। यह सिस्टम कोच के अंदर मौजूद हानिकारक कीटाणुओं बैक्टीरिया और वायरस को खत्म कर हवा को शुद्ध रखेगा। इस तकनीक से यात्रियों को संक्रमण से मुक्त और ताजी हवा में यात्रा करने का अनुभव होगा।

वंदे भारत ट्रेनों में फोटो कैटेलिटिक अल्ट्रावायलेट एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम इंस्टाल किए जा रहे हैं। इससे सेमी हाईस्पीड ट्रेन का सफर संक्रमण के खतरे से मुक्त होगा। पूरी तरह से बंद वातानुकूलित कोच में भी यात्रियों को बाहर की ताजी हवा मिलती रहेगी।

गोरखपुर-अयोध्या-लखनऊ-प्रयागराज वंदे भारत में सिस्टम लगा दिया गया है। यह सिस्टम कोच के अंदर मौजूद हानिकारक कीटाणु, बैक्टीरिया और वायरस को खत्म कर हवा को शुद्ध करता रहेगा। इसमें लगा सेंसर कोच की हवा में एक हजार व उससे अधिक पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा होने पर बाहर की ताजी हवा को खींचकर अंदर कर देगा। कोच के अंदर की हवा सामान्य होने पर सिस्टम अपने आप बंद हो जाएगा। यानी, यह सिस्टम आटोमेटिक कोच के अंदर के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस में एयर प्यूरिफिकेशन के लिए फोटो कैटेलिटिक अल्ट्रावायलेट एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम इंस्टाल किया गया है। इस तकनीक की मदद से हवा में मौजूद हानिकारक कीटाणु, बैक्टीरिया और वायरस को खत्म कर शुद्ध किया जाता है।

वंदे भारत एक्स्प्रेस में एयर प्यूरिफिकेशन के लिए एक फोटो कैटलिटिक अल्ट्रावायलेट एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम इंस्टाल किया गया है। इस तकनीकी की मदद से फोटो कैटेलिस्ट एयर में मौजूद हानिकारक कीटाणु, बैक्टीरिया एवं वायरस को खत्म कर एयर को शुद्ध किया जाता है। -पंकज कुमार सिंह, मुख्य, जनसंपर्क अधिकारी- पूर्वोत्तर रेलवे

आने वाले दिनों में पूर्वोत्तर रेलवे ही नहीं भारतीय रेलवे के सभी प्रमुख रेलमागों पर वंदे भारत ट्रेनें चलाई जानी हैं। गोरखपुर से दिल्ली और आगरा के बीच स्लीपर वंदे भारत के अलावा वाराणसी के रास्ते प्रयागराज सहित कुल सात वंदे भारत ट्रेन चलाने की योजना है। गोरखपुर से वाराणसी और पटना रेलमार्ग पर भी वंदे भारत चलाने की तैयारी है।

रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुविधा के लिए वातानुकूलित (एसी), शयनयान (स्लीपर) और साधारण (जनरल) कोच की अलग-अलग वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन चलाने की योजना तैयार की है। संभावना जताई जा रही है कि गोरखपुर से दिल्ली के बीच भी गुलाबी रंग की स्लीपर वंदे भारत जल्द चलने लगेगी।

रेलवे के अफसरों का कहना है कि 26 हजार करोड़ से हवाई जहाज जैसी सुविधा वाली 200 स्लीपर वंदे भारत तैयार की जा रही हैं। इसके अलावा रेलवे बोर्ड ने दो वित्तीय वर्ष में वंदे भारत के और 3200 कोच तैयार करने का लक्ष्य रखा है।

इन कोचों से वर्ष 2027 तक कम से कम आठ कोचों वाली 400 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें तैयार हो जाएंगी। यह सभी कोच इंटीग्रल कोच फैक्टी (आइसीएफ) चेन्नई, रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) कपूरथला और माडर्न कोच फैक्ट्री राय बरेली में बनाए जा रहे हैं।

# होली मिलन कार्यक्रम से बढ़ता है आपसी सौहार्द

- कृष्णा महिला पीजी कालेज में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन
- पंचायत प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, शिक्षकों और गणमान्य जनों ने खेली फूलों की होली

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**

कृष्णा महिला पीजी कालेज बड़वार (पनियरा) के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, शिक्षकों और गणमान्य जनों ने फूलो की होली खेल एक दूसरे से गले मिले। वक्ताओं ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम से आपसी सौहार्द बढ़ता है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयनाथ सिंह ने कहा कि होली भारतीयों का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो बसंत ऋतु में मनाया जाता है।होली रंगों का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत है, और बसंत ऋतु के शुभारंभ का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। डॉ0 सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली प्यार और उमंग का त्योहार है। यह आपसी भेदभाव भुलाकर एक जुट रहने का संदेश देता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.इन्द्रेश चौधरी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है। ऐसे में शिक्षित समाज की रचना में शिक्षकों की विशेष जिम्मेदारी और हिस्सेदारी मानी जाती है। हम सभी को शिक्षित समाज की रचना में अपना विशेष योगदान देते रहना है। होली मिलन कार्यक्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन अजय बहादुर सिंह ने कहा कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होने ने जहां उपस्थित गणमान्य जनों के ऊपर फूलों की वर्षा की। उपस्थित लोगों ने एक दूसरों को फूल देकर स्नेह मिलन किया। अंत में चेयरमैन अजय बहादुर सिंह तथा प्रबंधक राजाराम सिंह ने उपस्थित जनों को होली की बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर डॉ0 सतेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, रामबहाल, डॉ राकेश कुमार गुप्ता, योगेन्द्र प्रताप सिंह, श्याम वर्मा, मनोज सिंह, योगेन्द्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, इश्तियाक आलम, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमिला सिंह, राजेश पाल, वशिष्ट सिंह, शिवम जायसवाल, तथा राम कुमार इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विकेन्द्र सिंह आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

# हुंडी कारोबार में संलिप्त दो व्यक्ति गिरफ्तार

- 12 लाख रुपए नेपाली मुद्रा व भारतीय नंबर प्लेट की दो बाइक बरामद
- सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तरीके से हुंडी व हवाला और मनी एक्सचेंज का चल रहा कारोबार

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**

भारतीय सीमा से सटे पड़ोसी राष्ट्र के नेपाल पुलिस प्रशासन ने दो संदिग्ध व्यक्तियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बारह लाख रुपए नेपाली मुद्रा सहित भारतीय नंबर प्लेट की दो मोटरसाइकिल को बरामद किया है। नेपाल पुलिस के मुताबिक मुद्रा के साथ पकड़े गए दोनो नेपाली नागरिक हुंडी कारोबार में संलिप्त थे। सूत्रों की माने तो सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तरीके से हुंडी व हवाला और मनी एक्सचेंज का कारोबार चल रहा है।

मिलीं जानकारी के मुताबिक इंडो-नेपाल बार्डर के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तरीके से हुंडी व हवाला और मनी एक्सचेंज का कारोबार धडल्ले फल फूल रहा है। हालाकि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा मुखबिर के सूचना पर बार्डर एरिया में भारतीय और नेपाली करेंसी बरामद होती रही है। हुंडी कारोबार रोकथाम के क्रम में मित्र देश नेपाल की जिला प्रहरी कार्यालय नवलपरासी (पुलिस प्रशासन) ने मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान क्षेत्र के रामग्राम वार्ड संख्या पांच बाईपास के समीप से भारतीय नंबर प्लेट की दो बाइक पर सवार दो संदिध व्यक्तियो को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 12 लाख रुपए नेपाली करेंसी की बड़ी खेप बरामद किया है। नोटो की गिनती करने पर एक एक हजार की पांच सौ नोट और पांच सौ के चौदह सौ नोट सहित भारतीय नंबर प्लेट की क्क6ं॥2573 और क्क6ं॥ 1204 मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। आशंका है की करेंसी के साथ पकड़े गए दोनो व्यक्ति अवैध हुंडी कारोबार में संलिप्त हो सकते है। वही जबकि नेपाल पुलिस प्रशासन इस पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल में जुट गई है। पूछताछ के दौरान युवकों को पहचान क्रमशः शिवेंद्र प्रसाद बनिया निवासी प्रतापपुर गांव पालिका वार्ड संख्या 8 और सुख सागर यादव निवासी भख्सीपुर जिला नवलपरासी राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है।

इस संबंध में प्रहरी निरीक्षक/सूचना अधिकारी नारायण थापा ने बताया की हुंडी लेन देन से संबंधित दो व्यक्ति को 12 लाख नेपाल मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया है, दोनो व्यक्तियो को नवलपरासी जिला न्यायालय भेज दिया गया है।

# गोरखपुर में फर्जी स्टांप गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

- सिवान का नवाब आरजू गिरोह का सरगना, 10 सहयोगियों पर कैंट पुलिस ने किया मुकदमा
- बिहार, देवरिया व कुशीनगर तक फैला था नेटवर्क,बरामद हुए थे फर्जी स्टांप, जाली नोट व टिकट

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में फर्जी स्टांप गिरोह पर शिकंजा कसा गया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना नवाब आरजू और उसके 10 साथियों पर गैंग्सटर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह गिरोह करोड़ों रुपये के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा था। गिरोह के सदस्यों के पास से फर्जी स्टांप और जाली नोट बरामद किए गए हैं।

करोड़ों रुपये के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले फर्जी स्टांप गिरोह पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। कैंट थानेदार ने गिरोह के सरगना नवाब आरजू और उसके 10 सहयोगियों पर गैंग्सटर एक्ट के तहत मुकदमा कराया है। आरोपितों में चार कुशीनगर, चार सिवान, दो गोरखपुर और एक देवरिया जिले का रहने वाला है। यह गिरोह फर्जी स्टांप, जाली नोट व सरकारी टिकटों की छपाई व बिक्री करता था। गिरोह के सदस्यों के कब्जे से फर्जी स्टांप और जाली नोट बरामद किए थे।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि बिहार के सिवान, मोफस्सिल नई बस्ती में रहने वाला नवाब आरजू कूटरचित भारतीय स्टांप पेपर और टिकट छापकर अपने गिरोह के साथियों की मदद से गोरखपुर समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बेचता है। पिता के साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों को पुलिस ने पहले पकड़कर जेल भेजा था।

एक सितंबर को एटीएस की टीम ने रेलवे स्टेशन के पास नवाब आरजू व उसके साथी सिवान के किशनपुर, चंद्रपाली के रहने वाले राजू यादव को गिरफ्तार करने के साथ ही कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों के कब्जे से 6.72 लाख रुपये के फर्जी स्टांप व 72 हजार रुपये के डाक टिकट,तीन मोबाइल फोन व क्रेटा गाड़ी मिली थी।

जिलाधिकारी के अनुमोदन में कैंट थाना प्रभारी ने बुधवार की सुबह नवाब आरजू के साथ ही उसके गिरोह के सदस्यों पर गैंग्सटर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया।आरोपितों की तलाश चल रही है।जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आरोपितों में सिवान जिले के थाना मुफ्फसिल, नई बस्ती में रहने वाला गैंग लीडर नवाब आरजू उर्फ लालू,साहेबजादे,महादेवा क्षेत्र के किशुनपुर मिश्रौली का राजू यादव,हकाम गांव की रिंकू देवी उर्फ नीलू पत्नी गणेश कुमार,कुशीनगर जिले के कसया गोला बाजार में रहने वाले ऐश मोहम्मद, पड़रौना के सिरसिया में रहने वाले रविन्द्र कुमार दीक्षित, जंगल बकुलहा में रहने वाले नन्दू उर्फ नन्दलाल प्रसाद,कसया के चिरगोडा गांव में रहने वाले गोपाल तिवारी,गोरखपुर के कोतवाली क्षेत्र स्थित दीवान बाजार में रहने वाले रामलखन जायसवाल,जगरनाथपुर में रहने वाले रविदत्त मिश्रा व देवरिया जिले के तहसील रोड पर रहने वाले संतोष गुप्ता का नाम शामिल है।

हुमायूपुर दक्षिणी,दुर्गाबाड़ी रोड के रहने वाले राजेश मोहन सरकार ने सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, गोरखपुर के कार्यालय में 28 फरवरी 2023 को 53 हजार का स्टांप रिफण्ड करने के लिए आवेदन किया था। कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबन्धन ने 25 अप्रैल, 2023 को मुख्य कोषाधिकारी के माध्यम से 13 स्टांप का सत्यापन कराया तो पता चला कि 53 हजार के स्टांप में केवल तीन हजार के ही सही है। बाकी 10 स्टांप की प्रमाणिकता को सत्यापित करने लिए निदेशक भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक, महाराष्ट्र को जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित किया गया। भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, महाराष्ट्र द्वारा पांच दिसंबर, 2023 को पत्र भेजकर बताया गया कि सभी 10 स्टांप फर्जी है। जिसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर उपनिबंधन सदर प्रथम सुबोध कुमार राय ने कैंट थाने में राजेश मोहन सरकार पुत्र प्यारे मोहन और दीवानी कचहरी के स्टैंप विक्रेता लालजी सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जांच की जांच में दोनों लोग निर्दोष मिले।छानबीन करने पर पता चला कि वेंडर रवि मिश्रा ने फर्जी स्टांप बेचा था।जिसे पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा। पूछताछ में जांच में मिली जानकारी को तस्दीक करने पर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने नवाब आरजू के पिता मोहम्मद कमरूद्दीन और भांजे साहेबजादे समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अन्य आरोपित बाद में पकड़े गए।

# धर्म परिवर्तन कराने वाला मुख्य सरगना गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**

- लोगो को बहला फुसलाकर और पैसे की लालच देकर करा रहा धर्म परिवर्तन

प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराने वाला मुख्य सरगना सुग्रीव आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। इस प्रकरण में पुलिस ने टीम गठित कर उपरोक्त आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है की गरीब तबके के लोगो को बहला फुसलाकर और पैसे की लालच देकर जबरन तरीके से धर्म परिवर्तन कराने का गोरख धंधा खोल रखा था। इस मामले में वह कई दिन से वह फरार चल रहा था।

मिली जानकारी के मुताबिक धर्म परिवर्तन कराने वाला आरोपी 20 साल से भोले-भाले लोगों को बहला-फुसलाकर और आर्थिक प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराने में जुटा था। बीते रविवार को हिंदू संगठनों ने पुलिस को इस मामले की सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस ने प्रार्थना सभा में पहुंचकर वहां से नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। बजरंग दल के जिला संयोजक बलराम गुप्ता की तहरीर पर पुलिस दो महिलाओं समेत 10 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही थी। बीते कई दिनों से मुख्य सरगना सुग्रीव फरार चल रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि सुग्रीव के खिलाफ इसके पहले भी एक केस दर्ज है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी एक संगठित गिरोह के साथ मिलकर धर्म परिवर्तन कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करता है। रविवार को हुई कार्रवाई के दौरान उसके सभा स्थल से कई संदिग्ध पुस्तकें भी बरामद की गई थीं।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सूदखोरों से परेशान सब्जी विक्रेता ने दे दी जान

- वीडियो में लिया दो लोगों का नाम, कहा-सूद चुका चुका हूं, फिर भी नहीं छोड़ रहे
- अपने मोबाइल फोन में अजय ने 55 सेकंड और 1.05 मिनट के दो वीडियो बनाए थे

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

साऊखोर गांव के अजय तिवारी ने सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने अपने मोबाइल पर दो वीडियो रिकार्ड किए जिसमें उन्होंने बगल के गांव के दो युवकों को अपनी मृत्यु के लिए जिम्मेदार ठहराया। अजय तिवारी की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर साऊखोर गांव के अजय तिवारी (48) ने मंगलवार की रात घर के सामने स्थित घारी (पशुओं के रहने का स्थान) में फंदे से लटककर जान दे दी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले उन्होंने अपने मोबाइल पर दो वीडियो रिकार्ड किए, जिसमें बगल के गांव के दो युवकों को अपनी मृत्यु के लिए जिम्मेदार ठहराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।अजय तिवारी की साऊखोर चौराहे पर सब्जी की दुकान थी, जिससे वह अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक, उन्होंने कुछ समय पहले सूद पर रुपये लिए थे और मूलधन से अधिक रकम चुका चुके थे। बावजूद इसके सूदखोरों की प्रताड़ना कम नहीं हुई।रुपये लौटाने के बावजूद दोनों युवक उनसे और अधिक रुपये की मांग कर रहे थे। इस मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी से जूझते हुए अजय तिवारी ने आत्महत्या का रास्ता चुन लिया। फंदे पर लटकने से पहले अपने मोबाइल में अजय ने 55 सेकंड और 1.05 मिनट के दो वीडियो बनाए थे।

जिसमें वह कह रहे हैं कि जितने रुपये लिए थे,उससे ज्यादा लौटा चुका हूं। फिर भी रोज-रोज पैसे के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। अब हिम्मत नहीं बची। किसी तरह नमक-रोटी खाकर जी रहा था, लेकिन अब ऊब चुका हूं। घर में भी रोज झगड़ा हो रहा है। मेरी मृत्यु के लिए वही दोनों लोग जिम्मेदार हैं। अजय तिवारी की पत्नी अनुराधा,बेटियां अंशु,अंजली और बेटे आयुष का रो-रोकर बुरा हाल है। एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया स्वजन ने आत्महत्या करने की जानकारी दी थी।वीडियो मिलने की जानकारी नहीं है।तहरीर मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी। ÷मैंने जो लिया, उससे ज्यादा चुका दिया... अब और नहीं सह सकता।÷ यह शब्द थे अजय तिवारी के, जो सूदखोरों की बेदर्दी के आगे हार गए। परिवार की जिम्मेदारियों का बोझ, समाज का तिरस्कार और रोज-रोज की प्रताड़ना ने उन्हें इस हद तक तोड़ दिया कि उन्होंने अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला कर लिया। अजय तिवारी एक मेहनती इंसान थे। भोर होते ही वह सब्जी मंडी चले जाते, ताजी सब्जियां खरीदकर साऊखोर चौराहे पर अपनी दुकान लगाते। दिनभर ग्राहकों को सब्जी बेचकर जो भी आमदनी होती, उससे घर चलता। तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। लेकिन कुछ वक्त पहले उन्हें मजबूरी में कर्ज लेना पड़ा। स्वजन का कहना है कि उन्होंने ईमानदारी से हर महीने रुपये लौटाए, लेकिन सूदखोरों की भूख बढ़ती गई। मूलधन चुकता होने के बावजूद ब्याज का खेल खत्म नहीं हुआ। हर दिन नए-नए ताने, धमकियां और गालियां उन्हें मिलतीं। घर में कलह बढ़ती गई।

मंगलवार की रात, जब अंधेरा गहरा रहा था, अजय तिवारी की आंखों में भी जीवन की रोशनी बुझने लगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## चौथे दिन मृतक के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**

बरगदवां थाना क्षेत्र के ग्राम रमगढवा निवासी धीरज चौहान उम्र 30 का सोमवार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना विदेश सौदी अरब कमाने गए मृतक के पिता जगरनाथ चौहान को दी और शव का दाह संस्कार करने में जुट गये। जिस पर मृतक के पिता जगरनाथ फोन कर शव का दाह संस्कार करने से मना कर शव को सुरक्षित रखने की सलाह देते हुए विदेश से घर के लिए रवाना हो गया। बुधवार देर रात वह घर पहुंचा वृहस्पतिवार को वह बरगदवां पुलिस को सूचना देकर घटना के बारे में अवगत कराया।जिस पर मृतक के पिता जगरनाथ फोन कर शव का दाह संस्कार करने से मना कर शव को सुरक्षित रखने की सलाह देते हुए विदेश से घर के लिए रवाना हो गया। बुधवार देर रात वह घर पहुंचा वृहस्पतिवार को वह बरगदवां पुलिस को सूचना देकर घटना के बारे में अवगत कराया। सूचना पर पहुंची बरगदवां पुलिस बर्फ की पेंटी में रखा धीरज के शव को भारतीय अनुसंधान व फोरेंसिक टीम बारिकियों से शव की जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में बरगदवां थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया की पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **14.04.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 03002025 दिनांक 19.03.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 45-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | **कार्य का नाम :** सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत पीएफएम–जेएनएच सेक्शन में किमी 9/6ए–7ए (बरयाराम यार्ड का पश्चिमी छोर) पर अतिक्रमण वाले स्थानों के बदले में सड़क के नीचे पुल का प्रावधान, यूसीआर–आरबीएल सेक्शन में एलएमएन–डीवाईपी स्टेशनों के बीच किमी 98/16–99/1 पर अतिक्रमण वाले स्थानों पर आरयूबी का निर्माण, जेएनएच–पीएफएम सेक्शन में बरयाराम–उग्रसेनपुर स्टेशनों के बीच किमी 11/2–3 पर अतिक्रमण वाले स्थानों के बदले में आरयूबी/सबवे का प्रावधान और ऊंचाहार–लछमनपुर स्टेशन के बीच किमी 73/6–73/7 के बीच लेवल एक्सिंग नंबर 44–ए पर आरयूबी/एलएचएस का प्रावधान का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 26,30,15,557.66 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 14,65,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 31.03.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 14.04.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 861/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गर्मी में ठंडा पीने से पहले हो जाएं सावधान! डेट बदलकर बेच रहे हैं एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गोरखपुर में छापा मारकर एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक बेचने का भंडाफोड़ किया है। कारोबारी लेजर की मदद से एक्सपायरी डेट को बदलकर कोल्ड ड्रिंक बेच रहे थे। संदीप ट्रेडर्स के गोदाम से 110 बोतल एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक जब्त की गई हैं। लक्ष्मी ट्रेडर्स में भी छापा मारा गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

धन की लालच में कुछ कारोबारियों को नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य से कोई वास्ता नहीं रह गया है। खाद्य पदार्थों में मिलावट के बीच लोगों को एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक पिलाने का पर्दाफाश हुआ है। कारोबारियों ने एक्सपायर हो चुके कोल्ड ड्रिंक के बोतल पर दर्ज तिथि को लेजर की सहायता से बदलकर बेचना शुरू कर दिया है।

महेवा मंडी में संदीप ट्रेडर्स के गोदाम से एक लीटर स्प्राइट ब्रांड के 110 बोतल जब्त कर नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। संदीप ट्रेडर्स के बेचे गए कोल्ड ड्रिंक की तलाश में डोमिगनगढ़ स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स में छापा मारा। यहां भारी मात्रा में एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक मिलने के बाद खरीद व बिक्री पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया गया है। कंपनी से बैच नंबर मांगा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम पूरे नेटवर्क की जड़ में जाने में जुट गई है।

सहायक आयुक्त खाद्य डा. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक्सपायर हो चुके कोल्ड ड्रिंक की निर्माण व एक्सपायर होने की तिथि को बदलकर बिक्री कर रहे हैं। बुधवार को टीम ने संदीप ट्रेडर्स महेवा मंडी में छापा मारा। यहां एक लीटर के स्प्राइट ब्रांड की बोतल पर एक्सपायरी तिथि देखी गई। निर्माण तिथि 31 अगस्त, 2024 और एक्सपायर होने की तिथि 28 अगस्त, 2025 दर्ज मिली।

कोल्ड ड्रिंक के निर्माण और एक्सपायर होने की तिथि के बीच में छह महीने का अंतर होता है। कंपनी ने बोतल पर निर्माण तिथि 31 अगस्त 2024 और एक्सपायर होने की तिथि 28 फरवरी 2025 दर्ज की थी। यानी छह महीने में फरवरी में कोल्ड ड्रिंक एक्सपायर हो चुका था। गोदाम से 110 बोतल मिली।

संदीप ट्रेडर्स के मालिक से पूछताछ में पता चला कि कोल्ड ड्रिंक की आपूर्ति लक्ष्मी ट्रेडर्स डोमिनगढ़ से हुई है। डा. सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम तत्काल डोमिनगढ़ पहुंची। यहां भारी मात्रा में एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक मिली। पूछने पर मालिक ने बताया कि कंपनी कोल्ड ड्रिंक वापस मंगा लेती है लेकिन वह वापसी को लेकर किसी भी तरह का पत्राचार नहीं दिखा सके।

बोले कि मौखिक बात में ही एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक वापस कर दिया जाता है। संदीप ट्रेडर्स को बेचे गए बैच नंबर को कोल्ड ड्रिंक की जांच की गई तो पता चला कि फरवरी में ही कोल्ड ड्रिंक एक्सपायर हो चुकी है। डा. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी से बैच नंबर मांगा जा रहा है। इसके बाद संबंधित बैच नंबर के कोल्ड ड्रिंक के निर्माण और एक्सपायर होने की तिथि की जानकारी मिल जाएगी।

कोल्ड ड्रिंक के बोतल पर दर्ज निर्माण व एक्सपायर तिथि बदलने के लिए बड़ा रैकेट काम कर रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम अब इस रैकेट को पकड़ने में जुट गई है। जिस तरह लेजर की सहायता से डेट बदला गया है, उससे तय है कि बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।

कई ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक कागज के पैकेट में आते हैं। इनके पैकेट पर निर्माण व एक्सपायर तिथि दर्ज होती है। अधिकारियों को आशंका है कि इस तिथि को भी बदला जा रहा है।

एक गत्ते में चार से पांच एक्सपायर बोतल

कंपनियां एक गत्ते में कोल्ड ड्रिंक की 15 बोतल रखती हैं। कारोबारियों ने गत्ते में ही एक्सपायर बोतल रखकर छोटे कारोबारियों को बेचना शुरू किया है। 10 से 11 बोतल नए निर्माण तो चार से पांच एक्सपायर हो चुके बोतलों पर तिथि बदलकर गत्ते में रख दिया जाता है। इन बोतलों को बेचने के लिए बिचौलियों की भी सहायता ली जा रही है। एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक कम रेट में बेचा जाता है।

# अब आंगन में नहीं फुदकती छोटी गौरैया

- गौरैया के लुप्त होने के कारणों में कीटनाशकों का बेशुमार इस्तेमाल भी है जिम्मेदार
- दिनों दिन बढ़ते जा रहे कंकरीट के जंगलों ने छीन लिए हैं गौरैया के आशियाने

**जन एक्सप्रेस । बुलंदशहर**

**खुर्जा।** घटती हरियाली और दिनों दिन बढ़ते जा रहे कंकरीट के जंगलों ने घरों के आंगनों में फुदकने वाली चुलबुली गौरैया को इंसानों से दूर कर दिया है। अब यह छोटी सी चिरैया आंगन में नहीं फुदकती है। पर्यावरणविदों की मानें तो बीते करीब एक दशक से गौरैया की आबादी में खासी कमी आई है। यह कमी पचास प्रतिशत से भी अधिक की है। आंध्र विश्व विद्यालय का अध्ययन बताता है कि गौरैया की आबादी में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ तो गौरैया को विलुप्तप्राय चिड़ियों में शामिल कर चुका है। ऐसे में विश्व गौरैया दिवस पर कभी प्रातकाल में अपनी चहचहाट से लोगों को जगाने वाली गौरैया के संरक्षण और बचाव की अहमियत पर कुछ चर्चा करना बेहद जरूरी है। जिससे पर्यावरण के संरक्षण को इस छोटी सी गौरैया का फिर से आंगन में फुदकना और मुंडेलों पर चहचहाना सुनिश्चित किया जा सके और लौटाए जा सकें पक्षियों की चहचहाट के वो बीते हुए दिन।

एक जमाना हुआ करता था, जब कच्चे मकानों और उन पर पड़े छप्परों में छोटी गौरैया के ठिकाने हुआ करते थे। दिन में घूम फिरने के बाद गौरैया कभी भी छप्परों में बनाए गए अपने घौंसलों में आकर अपने चूजों को दाने लाकर देती थी। रात को इन घौंसलों में ही बच्चों के साथ सोना और सुबह चहचहाट करना गौरैया की दिनचर्या हुआ करती थी। तब इंसान भी आज जितना स्वार्थी नहीं हुआ करता था। जीव जंतुओं और पक्षियों के प्रति प्रेम उमड़ता था उसके दिल में। यह उसके प्रेम का ही उदाहरण था कि वह नया छप्पर बनवाने के लिए गौरैया के चूजों के बड़े होकर उड़ने योग्य होने का इंतजार किया करता था। गौरैया भी अपने घौंसले और चूजों को लेकर बेफिक्र रहती थी। वह जानती थी कि वह, उसका परिवार और उसका आशियाना सुरक्षित है। लेकिन अब वह बात कहां ! आज ऐसा नहीं है। अब न तो कच्चे मकान ही हैं और न ही उन पर पड़े छप्पर। अब इंसान भी बेहद स्वार्थी हो गया है। लगता है कि अब उसे न तो पर्यावरण संरक्षण की ही चिंता है और न गौरैया सरीखे चुलबुले पक्षियों की फिक्र। रात दिन कंकरीट के जंगल खड़े करता चला जा रहा है। बहुमंजिले मकानों के लिए वनों के कटान और हरियाली के गायब होने से वह बेपरवाह है। तभी तो आज भोर भए आंगन और मुंडेलों पर गौरैया का फुदकना गायब है। सच तो यह है कि आज गौरैया अपने अस्तित्व के लिए छटपटा रही है।

### क्यों विलुप्त है गौरैया

- शहरीकरण के नए दौर में बने मकानों में बगीचों के लिए स्पेस नहीं है। इन बगीचों में छोटे छोटे कीट पाए जाते थे जो गौरैया और उसके चूजों के लिए भोजन हुआ करते थे।
- अधिक उत्पादन की लालसा में खेतों में अत्यधिक कीटनाशकों का इस्तेमाल होने लगा है।
- बहुमंजिली और बड़े मकान निर्माण और बेसुमार वृक्ष कटान से हरियाली समाप्त होती जा रही है। आधुनिक भवनों में गौरैया के घौंसलों के लिए मुफीद ठिकाने नहीं हैं।
- मोबाइल टावरों से निकलने बाले रेडिएशन ने भी गौरैया का जीवन दुश्वार कर दिया है।
- अब घरों में अनाज सुखाने और चबैना बनाने की इंसानी आदतों में कमी आ गई है।

### बचाब के कुछ उपाय

- घरों की छत या मुंडेलों पर अनाज या खवल के दाने डालें।
- मकान में स्पेस हो तो बागवानी करें और पक्षियों के लिए साफ जल रखें।
- घौंसलों में या फिर उनके स्थान के निकट किसी छोटे बर्तन में कुछ खाद्य पदार्थ जैसे गेंहू, चावल, मक्का, और बाजरा रखें।
- घर के आंगन, बालकनी, छत पर एक छोटे बाउल में साफ पानी रखें।
- छतों पर गत्ता या सूखी ठहनियों के घौंसले बना कर रखें।

### कई नाम हैं गौरैया के

गौरैया को अलग-अलग प्रदेशों में चिरैया, झिरकी, चिरी, चैर चढ़ाई पक्षी, घराछतिया, चकली और चिमनी के नाम से भी जाना जाता है।

# सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में होगा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद में प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासना द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में आगामी 25, 26 एवं 27 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रमों के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार व मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में एन0आई0सी0 कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय (25 से 27 मार्च तक) कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं विभागीय दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में उक्त तीन तिथियों में समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय योजनाओं के स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी, योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे एवं आवेदन फार्म प्राप्त किए जाएंगे। इसी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। विभिन्न विभागों के योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए जाएंगे। योजनाओं से आच्छादित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को अपने-अपने विभाग से संबंधित अपेक्षित तैयारी को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडी (डीआरडीए), उपनिदेशक कृषि, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी आदि संबंधित विभाग के अधिकारी के उपस्थित रहे।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने उक्त अधिकारियों के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम के स्थल के चयन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम का भव्य आयोजन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# विभागीय बैठक में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों पर हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग में गुरुवार को विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण विभागीय बैठक आयोजित की गई । बैठक में माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के अनुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के संचालन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभागाध्यक्ष के साथ सभी प्राध्यापकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष ने विश्वविद्यालय के नवीनतम दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला और पाठ्यक्रमों के समायोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना के अनुरूप बनाना अत्यंत आवश्यक है । बैठक में उपस्थित प्राध्यापकों ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की और पाठ्यक्रम को अधिक व्यावहारिक एवं शोध परक बनाने के सुझाव दिए। साथ ही, छात्र-छात्राओं के लिए नए अध्ययन संसाधनों, अनुसंधान अवसरों और उद्योग से जुड़ाव को बढ़ाने के तरीकों पर भी विचार किया गया। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम को अद्यतन करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी और इसके लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। सभी प्राध्यापकों ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसे छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ मो अकमल, डॉ शिव महेन्द्र सिंह, राहुल कुमार, राहुल यादव, श्रवण कुमार, डॉ वीर प्रताप सिंह, विपिन कुमार, सौम्या शुक्ला एवं राशी सिंह मौजूद रहे।

# जंतु विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय गौरैया दिवस का अयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के जन्तु विज्ञान विभाग में गुरुवार को राष्ट्रीय गौरैया दिवस मनाया गया ।

जानकारी के अनुसार 20 मार्च को एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर में जूलॉजी विभाग ने प्राचार्य प्रोश जेपी पांडे के नेतृत्व में गौरैया दिवस के अवसर पर एक जीवंत उत्सव का आयोजन किया। पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में गौरैया और अन्य छोटी पक्षी प्रजातियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर संकाय और छात्र-छात्राओं दोनों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। प्रो जेपी पांडेय ने गौरैया संरक्षण के महत्व पर जोर दिया, जो शहरीकरण और आवास विनाश के कारण अपनी आबादी में गिरावट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने इन महत्वपूर्ण प्राणियों की रक्षा के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जिनकी उपस्थिति पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विभाग अध्यक्ष प्रोश अशोक कुमार ने पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने में इस तरह के आयोजनों के महत्व पर बल देते हुए प्राचार्य की भावनाओं को प्रतिध्वनित किया। डॉ. सदुरु प्रकाश ने गौरैया दिवस केवल गौरैया को मनाने के बारे में नहीं है, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाने के बारे में भी है। भोजन प्रदान करने, आश्रय बनाने और पेड़ लगाने जैसे छोटे कार्य

गौरैया संरक्षण में महत्वपूर्ण अंतर ला सकते हैं । डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी, डॉ. कमलेश कुमार और डॉ. मानसी पटेल इन सत्रों के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। डॉ. आरबी त्रिपाठी, डॉ. अल्पना परमार और डॉ. आनंद बाजपेयी ने भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे गौरैया की आबादी में गिरावट व्यापक पर्यावरणीय चुनौतियों और जैव विविधता संरक्षण के महत्व का संकेत है। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और कृषि तथा कीट नियंत्रण में गौरैया की भूमिका के बारे में बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त किया। दिन का समापन जंगलों में गौरैया की प्रतीकात्मक रिहाई के साथ हुआ, जो इन छोटे लेकिन महत्वपूर्ण जीवों को संरक्षित करने के लिए कॉलेज समुदाय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एमएलके पीजी कॉलेज में गौरैया दिवस के उत्सव ने न केवल छात्रों, बल्कि शिक्षकों को भी शिक्षित किया । साथ ही प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी प्रेरित की ।

# मुख्यमंत्री द्वारा की गई देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

- मंडलीय समीक्षा बैठक में वर्चुअल रूप से जुड़े रहे सभी विधायक, जनप्रतिनिधि एवं डीएम व एसपी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार गोंडा से किया गया।।

मंडलीय समीक्षा बैठक में जनपद के एनआईसी सभागार में डीएम पवन अग्रवाल , पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं विधायक सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र , जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी , जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा , चेयरमैन नगर पालिका बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बलरामपुर में संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी विकास योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वाद के निस्तारण में तेजी लाई जाए , मिशन मोड में राजस्व वादों को निस्तारित किया जाए । जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को नया किए जाने का निर्देश दिया , उन्होंने कहा कि यदि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री जी ने निर्माणधीन परियोजनाओं के लिए नोडल अधिकारी बनाए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बाढ़ की बचाव के दृष्टिगत महत्वपूर्ण प्रस्ताव शासन में भेजे , सभी को स्वीकृति प्रदान की जाएगी , उन्होंने कहा कि नदियों की चैनलाइज करने के कार्य को ड्रेजिंग के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए , जनपद के बड़े जलाशयों को भी ड्रेजिंग की कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जैसी योजनाओं में प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा स्वरोजगार योजनाओ में ऋण प्रदान करने में कोई कोताही न हो ,यह सुनिश्चित किया जाए। समय समय पर रोजगार मेले को आयोजन किए जाए। महत्वाकांक्षी जनपद के तहत नीति आयोग के सूचकांक पर शतप्रतिशत प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने का निर्देश दिया।

अंतर्राष्ट्रीय नेपाल सीमा पर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम द्वारा सघन पेट्रोलिंग करे , अंतरराष्ट्रीय नेपाल सीमा पर किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि संचालित ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी , डीएफओ व अन्य संबंधित अधिकारी /कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### जिला अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्र ने प्रदेश नेतृत्व से भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने गुरुवार को अटल भवन में साकेत मिश्र एंव लोक सभा क्षेत्र से आये पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत अभिनंदन किया।

जानकारी के अनुसार 20 मार्च को नवनियुक्त अध्यक्ष रवि कुमार मिश्र ने प्रदेश नेतृत्व के सभी पदाधिकारियों नेताओं से भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया आज वापस आकर अटल भवन भाजपा कार्यालय पर लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी एंव एम एल सी साकेत मिश्र के साथ साथ पूरे लोक सभा क्षेत्र से पधारे पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं शुभचिंतकों से भेंट कर स्वागत एंव अभिन्नदन किया। तथा सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से बूथ समितियों के गठन सम्बन्धित निर्देश के साथ शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता अशोक पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष श्रावस्ती पूजा पांडेय, जनार्दन मिश्र, डीपी सिंह बैस, वरूण सिंह मोनू, अवधेश तिवारी तरूण, शैलेन्द्र सिंह,संदीप उपाध्याय,सानू सिंह, डा.प्राजंल त्रिपाठी, डा.श्रद्धा सिंह व ओम प्रकाश शुक्ला सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमएलके कॉलेज मे तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में गुरुवार को तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । जानकारी के अनुसार 20 मार्च 2025 को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे आज के प्रथम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । प्राचार्य प्रो पाण्डेय के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सरस्वती वंदना जया ,शिखा तथा ममता द्वारा किया गया। स्वागत गीत सौम्या, अनन्या, अक्षरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। पहले दिन के कार्यक्रम का विषय था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कला विज्ञान तथा वाणिज्य के स्नातक तथा स्नातकोत्तर तथा बी एड, बी बी ए व बी सी ए के छात्र छात्राओ ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम का संचालन डॉ अभय नाथ ठाकुर ने किया । इससे पूर्व प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय का स्वागत परंपरागत ढंग से विभाग मे विभागाध्यक्ष डॉ आर के शुक्ल के द्वारा किया गया । प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष डॉ आर के शुक्ल को त्रिदिवसीय कार्यशाला के आयोजन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । प्रो पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय मे स्पोकन इंग्लिश तथा फंगसनल ईंगलीश के कोर्स को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है तथा इसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं । प्राचार्य ने वर्तमान वैश्विक परिपेक्ष्य मे अंग्रेजी के बढते हुए महत्व पर छात्र छात्राओ को संक्षेप मे जानकारी दी । प्राचार्य ने कहा कि अंग्रेजी बोलने ,लिखने तथा पढने की क्षमता का विकास छात्र छात्राओ के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास मे अत्यन्त सहायक सिद्ध होता है ।साथ ही ,प्राचार्य प्रो पाण्डेय ने विभागाध्यक्ष डॉ शुकल को महाविद्यालय मे स्पोकन इंग्लिश ,फंगसनल इंग्लिश आदि की कक्षाओ को सफलतापूर्वक संचालित करने पर शुभकामनाएं दी तथा इसके लिए भविष्य मे हर संभव सहयोग की बात कही । विभागाध्यक्ष डॉ शुक्ल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र छात्राओ को अंग्रेजी मे कम्यूनिकेशन के महत्व की जानकारी दी । साथ ही , उन्होने प्राचीन ग्रीस के महान वक्ता सुकरात के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला । उन्होने कहा कि सम्पूर्ण पाश्चात्य दर्शन का आधार सुकरात के चिंतन से प्रारंभ होता है । कार्यक्रम मे जिन छात्र छात्राओ ने अपने विचार व्यक्त किए उनमे प्रमुख हैं गौरी ,सौम्या , विश्वजीत सुभाष , रचित , दीपशिखा ,ममता ,जया आदि ने अपने विचार व्यक्त किए ।

कार्यक्रम मे शिक्षक डॉ बी एल गुप्ता डॉ अभय नाथ ठाकुर , डॉ श्रद्धा सिंह शिवम सिंह उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

# होनहार चिकित्सक को महामाया मेडिकल कॉलेज में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.एस. मौर्य (मौर्य हॉस्पिटल, बसखारी) के सुपुत्र डॉ. दीपक मौर्य ने चिकित्सा जगत में अपनी अलग पहचान बनाते हुए महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में ऑर्थोपेडिक्स विभाग के सहायक आचार्य के रूप में अपनी सेवाएं देने का गौरव प्राप्त किया है।

5 दिसंबर 1984 को जन्मे डॉ. दीपक मौर्य ने शिक्षा और मेहनत के उस कठिन सफर को तय किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जिले के इंदईपुर क्षेत्र से हुई, जहां से उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने एमबीबीएस और एमएस (ऑर्थोपेडिक्स) की पढ़ाई पूरी की और चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई।

बीते वर्षों में उन्होंने बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में सीनियर रेजिडेंट के रूप में कार्य किया।

उनकी इस उपलब्धि पर चिकित्सा जगत, परिवार, शुभचिंतकों और जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी का कहना है कि डॉ. दीपक मौर्य की मेहनत, लगन और सेवा भाव ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है, और अब वे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के स्तर को और ऊंचा उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# मणिपुर दौरे पर जा रहे सुप्रीम जजों को विपक्षी नेताओं का सेल्यूट

- मणिपुर हाई कोर्ट के द्विवार्षिक समारोह के दौरान राहत शिविरों के जायजा लेने की सराहना

**जन एक्सप्रेस । बुलंदशहर**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के बयान में सोमवार को कहा गया है कि 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस वीआर गवई व पांच अन्य जजों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर जाएगा। जजों का यह प्रतिधिमंडल मणिपुर हाई कोर्ट के द्विवार्षिक समारोह के अवसर पर राहत शिविरों का दौरा कर जायजा लेगो। सुप्रीम जजों के मणिपुर दौरे के दौरान राहत शिविरों का जायजा लेने, राहत सामग्री वितरण की और प्रभावित समुदायों को कानूनी और मानवीय सहायता को रेखांकित करने की विपक्षी पार्टियों के नताओं ने सराहना की है और सुप्रीम जजों को सेल्यूट किया है।

कांग्रेस के नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र महावर ने सुप्रीम कोर्ट के छह जजों के प्रतिनिधिमंडल के 22 मार्च को मणिपुर जाने और वहां राहत शिविरों का जायजा लेने की मुक्त कंठ से सराहना की है। उन्होंने कहा कि यू तो सुप्रीम जज मणिपुर हाई कोर्ट के द्विवार्षिक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे है। लेकिन सुप्रीम जजों की वहां दो वर्ष पूर्व 3 मई 2023 को हुई विनाशकारी सांप्रदायिक हिंसा के पीड़ितों और विस्थापितों को बनाए गए राहत शिविरों का दौरा करने और राहत सामग्री वितरित कराने की पहल बेहद स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा, सुप्रीम जजों को सेल्यूट। समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी यासीन कुरैशी ने कहा कि दो वर्ष पूर्व मणिपुर में विनाशकारी हिंसा हुई थी। इस में करीब दौ सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। 50,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी तक मणिपुर नहीं जा सके हैं। न जाने क्यूं प्रधानमंत्री पीड़ितों के आसूं पौंछने के लिए मणिपुर का दौरा नहीं कर सके हैं। वरिष्ठ सपा नेता ने कहा कि 22 मार्च को सुप्रीम जजों का मणिपुर जाने और वहां के राहत शिविरों का जायजा लेने का निर्णय स्वागत योग्य है। सपा नेता बोले, सुप्रीम जजों को सलाम। आजाद समाज पार्टी के खुर्जा विधानसभा क्षेत्र कमैटी के अध्यक्ष विपिन राज ने सुप्रीम कोर्ट के छह जजों के मणिपुर जाने और वहां के राहत शिविरों का जायजा लेने के निर्णय को वहां के विस्थापितों के लिए सुखद हवा का झोका करार दिया है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व हुई जिस विनाशकारी सांप्रदायिक हिंसा ने मणिपुर के वाशिंदों का चैन और सुकून छीन लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तक वहां के विस्थापितों के आंसू पोंछने के लिए नहीं जा सके हैं। वरिष्ठ आसपा नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के छह जजों का मणिपुर जाना और राहत शिविरों का जायजा लेने के निर्णय की जितनी भी सराहना की जाए कम है। बोल, सुप्रीम जजों को सलाम। नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुन्दर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्र्ह मोदी की निंदा करते हुए कहा कि मणिपुर दो वर्ष स`जल रहा है। वहां पर करीब दो सौ लोगों की जानें जा चुकी हैं और पचास हजार से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं, वहां पर देश के प्रधानमंत्री का नहीं जाना निंदनीय है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के छह जजों के प्रतिनिधि मंडल के मणिपुर जाने और वहां के राहत शिविरों के जायजा लेने को स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम जजों का मणिपुर दौरा सांप्रदायिक हिंसा के पीड़ितों और विस्तापितों के जख्मों को राहत का मरहम साबित होगा।

# अनाधिकृत बस संचालन पर एआरटीओ का सख्त रुख

## विशेष चेकिंग अभियान में चार बसों पर कार्रवाई

- दो बसें जब्त, दो का चालान, ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर भी हुई सख्त कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले में अनाधिकृत बस संचालन की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार तड़के विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग एवं पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान चार बसों को रोका गया, जो देहरादून से लखीमपुर खीरी एवं रोहतक से जालंधर होते हुए नानपारा बहराइच जा रही थीं। जांच में पाया गया कि इन बसों के पास सिर्फ कांट्रैक्ट कैरिज परमिट था, लेकिन वे अलग-अलग स्थानों से फुटकर सवारियां बैठा रही थीं, जो मोटर अधिनियम नियमावली का उल्लंघन है। इस पर दो बसों को गजरौला थाने में जब्त कर दिया गया, जबकि दो बसों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

### ओवरलोडिंग पर भी हुई कार्रवाई

चेकिंग अभियान के दौरान तीन वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल लादकर परिवहन करते पाए गए। इन वाहनों को सीज कर पूरनपुर चीनी मिल पुलिस चौकी में खड़ा करा दिया गया। इस अभियान के तहत कुल 2,18,000 रुपये का प्रसमन शुल्क (जुर्माना) वसूला गया। अनधिकृत बस संचालन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी

> भविष्य में भी अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। बस संचालकों और वाहन मालिकों को कानूनी नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई हैं।
>
> **वीरेंद्र सिंह, एआरटीओ पीलीभीत।**

# स्कूल में छात्राओं से सफाई कार्य कराने का आरोप, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**शाहगंज।** नगर के पुरानी बाजार मोहल्ला स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं से आफिस की सफाई कराने का मामला सामने आने पर हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि प्रधानाध्यापक के आदेश पर छात्राएं सफाई कार्य कर रही थी। जिसका विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा विरोध भी किया गया। लेकिन प्रधानाध्यापक ने एक न सूनी। बताया जा रहा है कि प्रधानाध्यापक द्वारा आयें दिन छात्रों से आफिस सफाई कार्य कराया जाता है। जिसका विरोध अध्यापिकाएं भी करतीं हैं। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि जन एक्सप्रेस अखबार नहीं करता। इस बाबत प्रधानाध्यापक वीरेंद्र यादव बताते हैं कि बच्चियां मेरे पीछे पीछे आयी और बगैर कुछ कहें प्रधानाध्यापक कक्ष में सफाई करने लगीं। बताया कि शिक्षा विभाग के कार्यप्रणाली के मुताबिक कार्य करने का आदेश देने पर स्कूल की कुछ अध्यापिकाओं द्वारा साजिश रचा गया। जबकि स्कूल में सीसीटीवी कैमरे वाइस रिकार्डिंग के साथ लगें हैं। शिक्षिकाओं की लेट लतीफी से मना किया गया। साथ ही स्कूल में कक्षा संचालन के वक्त बाहर बैठ बात करने से मना करना भारी पड़ रहा है।

# कढ़ेरचौरा के बाला जी मंदिर से बारहवां जन्था मां पूर्णागिरी हुआ रवाना

- पांच हजार श्रद्धालु पैदल यात्रा कर मां पूर्णागिरि के करेंगे दर्शन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कढ़ेरचौरा से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाला जी मंदिर परिसर कढ़ेरचौरा से पैदल चलकर श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता रानी की मूर्ति लाकर माता रानी का श्रृंगार किया गया और पंडित जी के द्वारा पूरी विधि विधान से माता रानी का पूजन अर्चन किया गया और सभी भक्तों के द्वारा माता रानी के जयकारे लगाए गए जय माता की जयकारे के साथ गूंज उठा कढ़ेरचौरा मंदिर का बाला जी दरबार भक्तिमय हुए सभी श्रद्धालु और उसके बाद जत्थे को पूरे गांव में भ्रमण करवाया इसी बीच सभी ग्राम वासियों ने माता रानी के दर्शन कर अपनी अपनी श्रद्धा अनुसार दान दक्षिणा दी उसके बाद भूमसेन मंदिर पर ले जाकर पूजा अर्चना की गई फिर जत्थे को माता पूर्णागिरि के दर्शन के लिए रवाना किया गया।पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कढेर चौरा से माता पूर्णागिरि के दर्शन करने के लिए पैदल जत्था रवाना हुआ मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए गांव से लगभग 500 लोगों का जत्था रवाना हुआ जिसमें माताओ एवं बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कढ़ेरचौरा से पैदल चलकर आ रहे जत्थे का मोहनपुर चौराहे पर फूल वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया कढ़ेरचौरा से माँ पूर्णागिरी धाम तक पद यात्रा में जाने वाले माता रानी के भक्तों का भारतीय बजरंग दल के जिला विधि प्रमुख रजनीश पाण्डेय (एड.) द्वारा स्वागत, सम्मान व जलपान सभी भक्तों को कराया गया उसके बाद मां पूर्णागिरि धाम जाने वाले सभी भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था पूरनपुर सिरसा चौराहा से पहले रिलायंस टावर के पास कढ़ेरचौरा निवासी भक्त विक्रम राठौर के द्वारा की गई माता रानी के आशीर्वाद से विक्रम राठौर को फौज में देश की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है इस समय वह अपनी सेवा जम्मू कश्मीर में सिपाही के पद पर तैनात होकर दे रहे हैं सभी भक्तों ने रिलायंस टावर के पास रुक कर जलपान किया वहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने बताया कि आज शाम तक जत्था थाने के पास विश्राम करेगा और दूसरा स्टाफ खटीमा में होगा और तीसरा स्टाफ माताजी के दरबार में ही होगा द्य इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालु अवधेश भारद्वाज, सियाराम वर्मा, राम रतन मौर्य, सुनील राठौर, धर्मपाल वर्मा, धनपाल भदोरिया, श्याम सुंदर, अवधेश वर्मा, प्रमोद भदोरिया, धर्मेंद्र वर्मा, राममूर्ति कश्यप, रामकुमार भारद्वाज, धर्मेंद्र लाला, सोनपाल शर्मा एवं समस्त श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहें।

# शासन-प्रशासन के दर्जनों ओहदेदार ने विधायक के घर पहुंच जताई संवेदना

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**खुटहन।** बस्ती बंदगान गांव निवासी व शाहगंज के विधायक रमेश सिंह के छोटे भाई व पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह के पुत्र दुर्गेश सिंह के असामयिक निधन से जहां क्षेत्रीय जनों में शोक छाया हुआ है। वहीं दुख भरी खबर मिलते ही प्रदेश भर से तमाम विधायक, सांसद व प्रशासनिक अमले के ओहदेदारों ने उनके घर पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के सदस्यों से मिल उन्हें संबल प्रदान किया।

पूर्व गृह राज्यमंत्री व भाजपा के प्रत्याशी रहे कृपाशंकर सिंह, पूर्व सांसद बीपी सरोज, पूर्व सांसद केपी सिंह, पूर्व राज्यमंत्री शैलेन्द्र यादव ललई, श्रवण निषाद, विधायक अभय सिंह, विधायक रमेश जायसवाल, विधायक पंकज पटेल, विधायक राजेश गौतम, विधायक डॉ अवधेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती लीना तिवारी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, ब्लाक प्रमुख मम्मन यादव, ब्लाक प्रमुख बिपिन सिंह, ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्या, ईओ शाहगंज प्रदीप गिरी, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, बीडीओ गौरवेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, सपा जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभावती पाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता सिद्धार्थ, कुंवर मृगेंद्र सिंह उर्फ शिवबाबा के अलावा तमाम प्रधान, बीडीसी व क्षेत्रिय जनों ने उनके घर पहुंच शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने निकाली मान वंदना यात्रा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

नगर में विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में मान वंदना यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा से पहले माता श्री यशवंती देवी मंदिर मैदान में एक सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

सभा में मुख्य वक्ता साध्वी प्रवीन सत्येंद्रकार ने कहा कि महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए खुद को मजबूत बनाना होगा। महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा ने महिलाओं को सोशल मीडिया पर समय व्यर्थ करने के बजाय आत्मरक्षा के लिए तलवारबाजी, डंड कला, जूडो-कराटे जैसी विधाएं सीखने पर जोर दिया।

दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका रीना दीदी ने लव जिहाद से सतर्क रहने और आत्मरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। वहीं, क्षेत्र संयोजिका बिमला ने कहा कि अब समय आ गया है कि हर महिला को रानी लक्ष्मीबाई और रानी दुर्गावती की तरह सशक्त बनना होगा ताकि समाज में फैल रही बुराइयों का सामना किया जा सके।

सभा के बाद मान वंदना यात्रा नगर में भ्रमण करते हुए गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई।

इस दौरान दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने तलवारबाजी और डंड कला का प्रदर्शन कर आत्मरक्षा के महत्व को प्रदर्शित किया।

यात्रा में महिला जिला उपाध्यक्ष अनु चौधरी, दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका अंशिका, मातृशक्ति संयोजिका सोनी पटेल, दुर्गा वाहिनी संयोजिका परमजीत कौर, जिला सह संयोजिका रक्षिता पटेल, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, गीता बाजपेई, जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार, जिला संगठन मंत्री प्रिंस गौड़, जिला मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जगदीश सक्सेना, शिरीष सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष संगम अग्रवाल, अमित गुप्ता, नगर अध्यक्ष महेश पाठक, नगर प्रचार प्रमुख अजयपाल राठौर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पुलिस पर विद्युत संविदा कर्मी को पीटने का आरोप, विरोध में कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन

- उपखंड पर एकत्र हुए संविदा कर्मचारियों ने पुलिस के विरोध में की नारेबाजी
- वार्ता के बाद ही काम पर लौटे कर्मचारी, तब जाकर शुरू हुई आपूर्ति

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने पर उसे सही करने जा रहे हैं विद्युत कर्मचारी को पुलिसकर्मियों ने रोकने के बाद मारपीट की। विरोध में संविदा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वार्ता के बाद संविदा कर्मी कार्य पर वापस लौटे।

गुरुवार तड़के पूरनपुर तहसील परिसर में लगे ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए। विद्युत उपखंड में तैनात संविदा कर्मी मासूक अली तडके लगभग ढाई बजे फाल्ट सही करने पंहुचा था। केविल कम पड़ने पर उसे विधुत उप खंड से लेकर आ रहा था। नगर पालिका चौराहे के पास खड़े पुलिसकर्मियों ने संविदा कर्मचारियों को रोक लिया। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। कर्मचारी ने उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता कराने का प्रयास किया। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उच्चाधिकारियों से बात करने के बजाए उसके साथ अभद्रता कर भगा दिया। संविदा कर्मचारियों की ओर से मामले की जानकारी अन्य कर्मचारियों को दी गई। इससे उनमें आक्रोश पनप किया। संविदा कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद सभी कर्मचारी विद्युत उपखंड पर एकत्र हुए। पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कोतवाली इंस्पेक्टर नरेश कुमार त्यागी ने उपखंड अधिकारी के कार्यालय पर पहुंच कर वार्ता की। लेकिन बात नहीं बन सकी। संविदा कर्मचारी पुलिस कर्मियों को निलंबित या फिर लाइन हाजिर करने की बात पर अड गए। इसके बाद संविदा कर्मचारी उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह के पास पहुंचे। पुलिस कर्मियों को उप जिलाधिकारी कार्यालय बुलाकर वार्ता कराई गई। पुलिस और संविदा कर्मियों बीच हुई वार्ता के बाद मामला सुलझ गया। इसके बाद दोपहर दो बजे कर्मचारी काम पर लौटे।

# अंतराष्ट्रीय शातिर चोर गैंग का खुलासा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

एसपी डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को एक अंतर्राष्ट्रीय शातिर चोर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ़ दर्जन मोबाइल और चोरी करने के उपकरण बरामद किया है। पुलिस ने दावा किया कि बरामद मोबाइल शहर कोतवाली के ओलन्दगंज में 11 मार्च को ओलंदगंज स्थित रवि कम्युनिकेशन शॉप का शटर काटकर क़रीब छह लाख की चोरी किया गया था।

जिले में अभी चंद दिन पहले ही कार्यभार ग्रहण करने वाले नए एएसपी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर के सूचना पर एक स्थान पर दबिश देकर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज से पहले ही कर ली गई थी। दो टीमें बनाकर एक बिहार और यूपी में लगाई गई थी। पूछताछ में एक नए अपना नाम अजय कुशवाहा उर्फ़ संजय पुत्र कपिलदेव महतो निवासी कस्बा टोला थाना झरोखर जिला पूर्वी चम्पारण, बिहार। अनीश कुशवाहा पुत्र कामेश्वर निवासी महुआई थाना घोड़ासहन जिला पूर्वी चम्पारण तथा मो अमानुल्लाह पुत्र मो हुसैन निवासी दर्जी मुहल्ला, वार्ड घोड़ासहन, पूर्वी चम्पारण बिहार बताया। ये अपराधी एक संगठित गिरोह बनाकर यूपी, हरियाणा, दिल्ली, बिहार में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। तलाशी में इनके पास उक्त दुकान से चोरी किये गए अलग-अलग कम्पनी के 16 एंड्रॉइड मोबाइल, लोहे का कटर, पेचकस तथा एक बैग बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद हुए मोबाइल की क़ीमत लगभग दो लाख की बताई जाती है। तीनों पर हरियाणा, यूपी और बिहार में कई संगीन मामले दर्ज है ।जिसमे अजय कुशवाहा को चार साल की नेपाल में सजा हो चुकी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्र, उप निरीक्षक सुनील यादव चौकी प्रभारी सरायपोख्ता, रामप्रकाश यादव चौकी प्रभारी राजकालेज, सत्यप्रकाश सिंह, अमित कुमार सिंह, विनय सिंह, विजय प्रकाश अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# पीलीभीत पुलिस ने लूट के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों और एक सुनार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटी गई ज्वेलरी, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और चाकू बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 92/2025 धारा 304(2) बीएनएस के तहत जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जिसमें हरीश कुमार पुत्र नंदलाल राठौर ग्राम भंडारा, थाना न्यूरिया, जनपद पीलीभीत,कमलेश कुशवाहा पुत्र प्यारेलाल कुशवाहा ग्राम सैजना ग्रीन, थाना खटीमा, जनपद उधमसिंहनगर, उत्तराखंड को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने न्यूरिया और कोतवाली क्षेत्र में महिलाओं से जेवर लूटने की बात स्वीकार की। लूटे गए जेवर एक सुनार को बेचने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सुनार सजल अग्रवाल (पुत्र राजेश अग्रवाल, निवासी मोहल्ला शेखचांद, थाना कोतवाली, पीलीभीत) को भी गिरफ्तार कर लिया। जिसमें 02 जोड़ी सोने के कुंडल, 01 सोने की बाली, लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (क्ष्68876), एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक चाकू शामिल हैं।

**लूटी गई ज्वेलरी, मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और चाकू बरामद**

### घटना का विवरण

16 मार्च को पीड़ित चतुरनी लाल अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से बेटी के घर जा रहे थे। बनकटी रोड स्थित पुष्प कॉलेज से 500 मीटर आगे, पीछे से एक बाइक पर आए बदमाशों ने उनकी पत्नी के कान से सोने के कुंडल और बाली लूट ली। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मदद से अपराधियों की पहचान की और मुखबिरों की सूचना के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### अपराधियों का आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार आरोपी हरीश कुमार पूर्व में थाना न्यूरिया में मुकदमा संख्या 367/2020 धारा 60(1) श्वङ्क.ष्ल्ल के तहत वांछित रह चुका है। पुलिस को संदेह है कि ये आरोपी अन्य जिलों में भी अपराधों में लिप्त रहे हैं।

### गिरफ्तारी करने वाली टीम

इस सफलता में निम्नलिखित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं जिसमें निरीक्षक कालिंदवीर सिंह (प्रभारी एसओजी) उपनिरीक्षक विकास कुमार, मनवीर सिंह, प्रकाश चंद्र शर्मा, कांस्टेबल ध्रुव देशवाल, अरुण, सचिन कुमार, शहनवाज, अजय शामिल रहें।

# निषाद समाज को आरक्षण और हक दिलाने तक जारी रहेगी लड़ाई : संजय निषाद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

- विधायक रमेश मिश्र की अगुवाई में जौनपुर में मंत्री संजय का हुआ जोरदार स्वागत
- बदलापुर में भगवान गुहा राज निषाद स्मृति द्वार का हुआ लोकार्पण

**बदलापुर।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद ने गुरुवार को बदलापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भगवान गुह्यराज निषाद स्मृति द्वार राउतपुर रामनगर का लोकार्पण करते हुए समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बदलापुर के विधायक रमेश चंद मिश्र ने हमारे महापुरुषों की याद में लाखों रुपए की लागत से इतना विशाल स्मृति द्वारा बनवाकर निषाद समाज को जो सम्मान दिलाने का काम किया है वह बहुत ही सराहनीय। इसके लिए हमारे बिन्द, मल्लाह, निषाद समाज के लोग विधायक के कार्यों से जीवन भर आभारी रहेंगे। क्योंकि प्रदेश में जब कोई भी व्यक्ति इधर से गुजरेगा तो वह इस स्मृति द्वार को देखने के बाद इसको बनवाने वाले के प्रति आभार जरुर व्यक्त करेंगा। इसके पहले विधायक रमेश मिश्र ने विशाल माला के साथ माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह, सम्मान स्वरूप साल और अभिनंदन पत्र भेंट कर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही फूलों की वर्षा की गई। जय निषाद राज, संजय निषाद जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाते रहे। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि निषाद पार्टी राज्य की राजनीति में एक मजबूत जनाधार रखने वाली पार्टी है । समाज के लोगों को जब तक उनका हक और आरक्षण नहीं मिल जाएगा । इसके लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी । समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए हमने यह रथ यात्रा निकाला है । जिसमें समाज के सभी वर्ग का भरपूर समर्थन मिल रहा है । उन्होंने खुले मंच से बदलापुर के विधायक रमेश मिश्र के कार्यों की सराहना किया। कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक अपनी बात पहुँचाना और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को नजदीक से समझना है। इस मौके पर निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अमरजीत केवट, गंगा प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, मृगेंद्र सिंह शिवबाबा, अवधेश यादव, शनि शुक्ला, सिद्धार्थ सिंह, सिकंदर मौर्य, अमित चौहान बबलू, बलबीर गौड़, संदीप पाठक, लवकुश सिंह, अमित मिश्र, अशोक मौर्य आदि मौजूद रहे।

### विधायक रमेश ने निषाद समाज की याद में किए गए कार्यों का किया बखान

**बदलापुर।** सूबे की प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद की पदयात्रा जिले के शाहगंज खेतासराय खुटहन होते हुए बदलापुर विधानसभा में पहुंची तो यहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। गाँव में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और ढोल-नगाड़ों के साथ गर्मजोशी भरा स्वागत किया। मंच पर माइक संभालते ही विधायक रमेश मिश्रा ने कैबिनेट मंत्री के समझ बदलापुर क्षेत्र में किए गए कार्यों का खूब बखान किया। इस पर लोगों ने तालियां भी खूब बजाई।

### मंत्री की रथयात्रा के फसते ही हांफने लगी पुलिस

**खेतासराय।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की रथ यात्रा गुरुवार को अब्बोपुर से शाहगंज जाने के लिए मुख्य चौराहे पर जैसे ही पहुंचा। इस दौरान एक स्कूल बस का टायर अचानक भ्रष्ट हो गया । रमजान के चलते वैसे भी खेतासराय कस्बे में भारी भीड़ थी। उधर मंत्री का काफिला पहुंचा तो सड़क पर काफी देर तक जाम लग गया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस हाँफने लगी। फिर कस्बा इंचार्ज तारिक अंसारी व अन्य पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद जाम को खाली कराया। फिर मंत्री का काफिला आगे बढ़ा तो राहत की सांस ली।

# शिक्षक सम्मान समारोह, शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन

- प्राथमिक शिक्षा ज्ञान, विज्ञान से समृद्ध होनी चाहिए - देवेन्द्र सिंह, शिक्षक देश, समाज, भविष्य का निर्माता है- अजय सिंह

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बीआरसी हरैया के प्रांगण में गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह एवं शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें गत वर्षों में सेवानिवृत्त हुए 31 शिक्षकों को माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और छड़ी आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि हरैया विधायक अजय सिंह, बीईओ विजय आनन्द और जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा, मंत्री राम प्यारे, तहसील अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, सत्यराम वर्मा, संजीव सिंह, गिरिजेश बहादुर सिंह, विवेक कान्त पाण्डेय, वैभव मिश्र की अगुवाई में अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज, राष्ट्र की चेतना का पुंज है। प्राथमिक शिक्षा ज्ञान, विज्ञान से समृद्ध होनी चाहिए। कहा कि पूरे देश में वन नेशन वन एजुकेशन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए। विधायक ने कहा कि शिक्षक देश, समाज और भविष्य का निर्माता है। शिक्षा के उन्नयन की जिम्मेदारी हम सबकी है जिसमें शिक्षकों की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक समाज के अंतिम पायदान के बच्चों को शिक्षित करके समाज के उन्नयन का काम कर रहे हैं। सेवानिवृत शिक्षक शिव शंकर सिंह, कुलदीप तिवारी, चंद्रभाल शुक्ल, राकेश कुमार लाल, यशोदा देवी, इंद्रा सिंह, रामआज्ञा, रामभवन, राम नयन सहित कुल 31 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कंपोजिट विद्यालय निपनिया के बच्चों द्वारा खो-खो खेल में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के शिक्षक अखिलेश सिंह और प्रेम कुमार को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर शिव पूजन आर्य, दुर्गेश यादव, सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, वीरेन्द्र शुक्ल, प्रवीन श्रीवास्तव, सुरेश गौड़, सनद पटेल, डॉ प्रमोद सिंह, देवेन्द्र सिंह, मुरलीधर, प्रताप नारायण, कुलदीप सिंह, सत्यप्रकाश, नंदलाल, राजेश सिंह, ओम प्रकाश, अरुण शुक्ल, दुखरन शुक्ल, यशोदानंदन ओझा, सर्वदेव सिंह, उदय प्रताप सिंह, संदीप सिंह, डेविड सिंह, चिन्मय राय, अमरचंद, अविनाश सिंह, सुनील शुक्ल, देवेंद्र शुक्ल, गोपाल दूबे, शशांक दूबे, मनीष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, लवकुश त्रिपाठी, निशांत मिश्र, पीयूष मिश्र, विद्यासागर वर्मा, राजीव शरण, राम नरेन्द्र, अशोक वर्मा, हरी सिंह, राकेश सिंह, गिरिजेश सिंह, शैलेश सिंह, आदित्य सिंह, अजीत वर्मा, सर्वेश वर्मा, अजीत, राजकुमार सिंह, किरन शुक्ला, नीलम सिंह, मीरा चौधरी, भारती शुक्ला, निरुपमा तिवारी, श्रेया पाण्डेय, मंजूरानी, एकता सिंह, मधु सिंह, रूपम श्रीवास्तव, सोनिया, सरोज देवी, हरी जी मिश्र, चंद्रमणि वर्मा, राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, ऋषि सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हरैया ब्लॉक के समौड़ी गांव में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा गांव से शुरू होकर मनवर नदी से जल लेने के पश्चात पुनः कथा स्थल पर वापस आकर सम्पन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु गांजे बाजे के साथ पीत वस्त्र पहन कर सिर पर कलश धारण कर शामिल हुए। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक राजेश पाण्डेय सिंटू महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें।

कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।

इस अवसर पर मुख्य यजमान राम सुमति मिश्र, सीता देवी, देवेंद्र नाथ मिश्र, सुरेंद्र नाथ मिश्र, राम जियावन शुक्ल, रामफूल मिश्र, लवकुश मिश्र, अशोक मिश्र, महेन्द्र कुमार मिश्र, विजय मिश्र, हिमांशू तिवारी, संतोष मिश्र, हरीश, गोपाल, रत्नेश शुक्ल, अत्रेय, प्रशान्त शुक्ल, रौनक, रूद्र, बाबूलाल आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार रिजवान मुस्तफा को मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

कोतवाली नगर अन्तर्गत एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा वरिष्ठ पत्रकार को फोन पर जान से मारने की धमकी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कोतवाली प्रभारी नगर ने वरिष्ठ पत्रकार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरु की है। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएषन उत्तर प्रदेष के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक से हिस्ट्रीशीटर के ऊपर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। साथ ही में यह भी कहा है कि अगर हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही नही की तो धरना प्रदर्षन किया जायेगा। जानकारी के अनुसार, बीती 12 मार्च को कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला दयानंद नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद रिजवान मुस्तफा के मोबाइल नं-7985533765 पर दोपहर लगभग 3 बजे एक फोन आया जिस पर हिस्ट्रीषीटर शमील शम्सी द्वारा पत्रकार को अपषब्दो से अपमानित करने के साथ फोन पर ही जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित पत्रकार का कहना था कि हुसैनी टाइगर गैंग के सदस्यों द्वारा यह धमकी दी गयी है। इससे पूर्व भी पिछले वर्ष इन्ही लोगों ने मुझ पर जानलेवा हमला किया था। जिसका मुकदमा राजधानी लखनऊ के चौक कोतवाली में दर्ज है। इसमें पुलिस ने चार्जषीट भी कोर्ट में दाखिल कर दी है। उसी मामले को लेकर शमील शम्सी द्वारा लगातार फोन के माध्यम से पूरी तरह से दबाव बनाया जा रहा है और यह भी धमकी दी जा रही है समझौता कर लो नही तो अंजाम काफी बुरा होगा। पत्रकार रिजवान मुस्तफा ने उक्त घटना की लिखित षिकायत उच्चाधिकारियों से की थी लेकिन बीती 19 मार्च को कोतवाली प्रभारी नगर ने पीड़ित पत्रकार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है। और जांच पड़ताल शुरु कर दी है। वहीं दूसरी तरफ देवा रोड स्थित गांधी भवन सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेष की एक बैठक जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने उक्त घटना की कड़ी निन्दा की है और पुलिस अधीक्षक से मांग करी है कि पत्रकार को धमकाने वाले आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य रुप से दीपक सिंह सरल, उमेष श्रीवास्तव, मो. वसीक, रामशरन मौर्या, मनोज शर्मा, मनीष सिंह, रंजीत गुप्ता, अंकित मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रति वर्ष की भांति आंनद घाट पर सार्वजनिक मेला का आयोजन हुआ

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

गंगा घाट में कई वर्षों से हो रहा है सार्वजनिक गंगा मेला जो कि स्वर्गीय राकेश दीक्षित द्वारा शुरू किया गया था उनके मृत्यु के उपरांत भी उनकी पत्नी द्वारा इस सार्वजनिक मेले का आयोजन प्रति वर्ष गंगा घाट के गंगा तट पर बने हुए आनंद घाट पर किया जाता है जिसमें शुक्लागंज के आस पास के साथ कानपुर के लोग पहुंचकर होली मिलन समारोह में प्रेम व्यवहार और भाईचारे के मिलन को निरंतर बनाए रखते हैं इस प्रोग्राम में कई झांकियां का आयोजन भी किया गया भक्तों को ठंडाई प्रसाद के रूप में वितरण की गई प्रोग्राम में उन्नाव के नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा ने भी पहुंच कर होली के अवसर पर लोगों से गले मिला और शुक्लागंज से कमल वर्मा नीलकमल दीक्षित अंकुर शुक्ला रमेश चंद्र मिश्रा लाल जी अशोक वर्मा सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे

## विद्यालय के रीढ़ की हड्डी होते हैं एसएमसी अध्यक्ष: राम नारायण

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

गुरुवार को देवा विकास खण्ड के संसाधन केंद्र में एक दिवसीय एमएमसी अध्यक्ष व प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी राम नारायण यादव ने किया। इस मौके पर खण्ड षिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में हमारा ब्लॉक जिले में प्रथम स्थान पर चल रहा है। एसएमसी अध्यक्ष विद्यालय की रीढ़ की हड्डी होते हैं। जो समाज से जुड़े होने के कारण विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने में सहायक होते हैं एवं विद्यालय की प्रगति, बच्चों के नामांकन व ठहराव एवम् उपस्थिति में बहुत बड़ा योगदान होता है। वहीं प्रीति वर्मा ने जागरुक करते हुए कहा कि विभाग द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं जैसे निपुण, दीक्षा, बालिका शिक्षा के क्षेत्र में चल रही विभिन्न गतिविधि जैसे मीना मंच, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, मिशन शक्ति के बारे में बताया। वहीं वरिष्ठ शिक्षक सी.बी. सिंह, प्रशिक्षक रुचि चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला, प्रशिक्षक सीमा सावलानी आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस मौके पर एमएमसी अध्यक्ष नीलम देवी, सुमन प्रदीप कुमार, नीरज कुमार यादव, आदित्य कुमार, कमलेश कुमार, शहनाज बानो, उषा मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, वंदना श्रीवास्तव आदि ने भी सम्बोधित किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### किसान की उंगलियां कटी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज।** मोहम्मदपुर खाला कोतवाली इलाके के एंडौरा गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बता दें कि एंडौरा निवासी किसान और आशा कार्यकत्री के पति रामाज्ञा अपने खेत में मसूर की फसल थ्रेसर से कटवा रहे थे। कि इसी दौरान एकाएक उनका दाहिना हाथ थ्रेशर मशीन में जा फंसा। जिसमें किसान का हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उनकी उंगलियां कट गईं। परिजन आनन-फानन उन्हें लेकर सूरतगंज के एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने पीड़ित का इलाज शुरू कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि पीड़ित के हाथों में करीब दो दर्जन टांके लगाए गए हैं।

### पलिया बुजुर्ग गांव में नव विवाहित फांसी के फंदे पर अटारी की सरिया से मकान के पीछे लटकी, मौत

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत पलिया बुजुर्ग गांव में नव विवाहित छत पर पिलर की सरिया में साड़ी के फंदा गले में डालकर पीछे खेतों की तरफ कुदी लटकने पर बहुत तेज चिल्लाती रही जब तक ग्रामीण पहुंचे और उसको उठाया बजन अधिक होने की वजह से तब तक उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है पलिया बुजुर्ग गांव निवासी रंजीत कठेरिया की पत्नी कोमल कठेरिया 20 वर्षीय की शादी लगभग 6 महापूर्व बिल्हौर थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी जगदीश की बेटी के साथ हुआ था जो कि पहले से रिश्तेदार हैं पति रंजीत पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है परियों ने बताया कि मानसिक रूप से बीमार चल रही थी वहीं पर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है आए दिन घर में कहासुनी हुआ करती थी अरौल थानाध्यक्ष जनार्दन यादव ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी मौत का कारण क्या है।

### देर रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक घायल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** अजगैन पुलिस से बदमाशों की गिरफ्तारी के दौरान मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। वहीं भाग रहे दो अन्य को दौड़ाकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने घायल का सीएचसी में इलाज कराने के बाद उसे कोतवाली लेकर गई है बुधवार को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अजगैन मोहान मार्ग पर उसरहा मोड़ के पास चोरी की योजना बना रहे बदमाशों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दी। पुलिस ने बचाव में गोली चलाई तो थाना गंगाघाट के सोलह बीघा गंगापार निवासी नियाज उर्फ सोनू पुत्र छुट्टन के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल होकर गिर गया। वही जनपद लखनऊ थाना गाजीपुर के इंद्रानगर निवासी इरफान पुत्र जलील अहमद व जनपद कानपुर थाना मालवीय नगर के बाजार खाला निवासी मिलन वर्मा पुत्र कमलेश वर्मा मौके से भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर गिरफ्तार किया। घायल बदमाश का पुलिस सीएचसी में इलाज कराने के बाद कोतवाली ले गई। अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीनों बदमाशों पर कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। तीनों को जेल भेजा जा रहा है।

### चौबेपुर थाना क्षेत्र के बेला रोड पर छोटी मानोह गांव के सामने दंपति से मारपीट कर लूटा

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के चौबेपुर थाना अंतर्गत बेला रोड पर छोटी मनोह गांव के सामने दम्पति मोटरसाइकिल से जा रहे थे। शौच क्रिया के लिए रुके इसी दौरान तीन युवकों ने पति की पिटाई कर पत्नी के जेवर और नगदी लूटी पुलिस जांच में जुटी चौबेपुर में बेला रोड पर एक दंपति के साथ लूट की वारदात सामने आई है। उमेशपुर सहझ्योरा गांव के दीपू अपनी पत्नी के साथ बाइक से शिवली जा रहे थे। रास्ते में दिलीप नगर के पास पत्नी की तबियत खराब हो गई। दीपू ने छोटी मनोह गांव के पास एक बगीचे के निकट बाइक रोक दी। पत्नी शौच के लिए गई थी और दीपू वहीं बैठा था। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन युवक वहां आए। उन्होंने डंडों से दीपू की पिटाई कर दी। बदमाशों ने उसका मोबाइल, नगदी और पत्नी का पर्स छीन लिया। शोर सुनकर जब पत्नी मौके पर पहुंची, तो बदमाशों ने उसका मंगलसूत्र समेत सभी जेवर भी लूट लिए। इसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया पुलिस टीम को मौके पर भेजा है। पुलिस बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

### इत्र पार्क में आवेदकों को शीघ्र प्लॉट पर कब्जा दे यूपीसीडा: डीएम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने यूपी सीडा को निर्देश दिये कि जो व्यापारी बंधु इत्र पार्क में उद्योग स्थापित करने हेतु प्लाट के लिये आवेदन किये हैं उन्हें यथाशीघ्र प्लाट एलॉट कर दिये जाये। इंडस्ट्री स्थापित करने हेतु जिन विभागों को जो कार्य सौपे गये है, उसे ससमय पूरा करें। उन्होनें व्यापारी बंधुओं से कहा कि पानी, विद्युत का कनेक्शन आदि का कार्य शुरू कर उद्योग स्थापित करने हेतु कार्य शुरू करें। उन्होनें कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना है। इस योजना के अन्तर्गत जनपद को 700 का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसमें 300 युवाओं को ऋण वितरण का कार्य कर दिया गया है। इसमें सभी बैंके अपनी भूमिकायें अच्छे से निभा रहीं है, निजी बैंकों को भी हिदायत दी गई है कि इस योजना में अपनी महती भूमिका निभायें। व्यापारी बंधु भी अपने स्तर से युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करें, जिससे युवा उद्यमी योजना का लाभ युवाओं को समय से मिल सके। श्री शुक्ल ने गुरसहायगंज में स्थापित एसटीपी की जांच की रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। जनपद में गंगा नदी के इन्ट्री प्वाइंट और एक्जिट प्वांइट के मध्य समय-समय पर जल की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होनें अग्निशमन विभाग को निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये सभी अग्निशमन यंत्र, वाहन मुस्तैदी में रहना चाहिए। समय-समय पर ब्यालर को चेक किया जाये, इसका फिटनेस होना आवश्यक है।

## दस्तक अभियान में घर-घर रोगियों की स्क्रीनिंग करेंगी आशा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिये गुरुवार को स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक हुयी। अप्रैल माह में अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता ई कवच पर रिपोर्टिंग के साथ ही मरीज की स्क्रीनिंग के दौरान उनकी आभा आईडी भी बनाएंगी।

स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, आईएलआई (इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस), क्षय रोग और कुष्ठ रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों के साथ ही कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगी। इसके साथ ही ऐसे मकानों की सूची तैयार करेंगी, जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। प्रतिदिन सभी रिपोर्ट ई-कवच पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

एडीओ आईएसबी मनोज कुमार ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

ऐसे क्षेत्रों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, जल निकासी व्यवस्था, एंटी लार्वा छिड़काव आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस दौरान पशुचिकित्साधिकारी डॉ राजेश मौर्या, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ वसीम, यूनिसेफ से मो आसिफ, नगर पंचायत से संजीव मिश्रा, हर्षित तिवारी व एसबीएम से रोहित गुप्ता, बीपीएम मलखान सिंह, बीसीपीएम संगीता गौतम, प्रशांत दीक्षित पर्यवेक्षक समेत अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रतीक चिह्न, अंग वस्त्र-फूलमाला व गुलदस्ता भेंट कर विधायक ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान द्वारा विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत सुन्दरपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारें मोहान विधायक बृजेश कुमार रावत और संस्था अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने सैकडो ग्रामीणों के बीच पिता विहीन सुन्दरपुर निवासी तीन सगी बहनों अर्चना सुलोचना कल्पना को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर चयनित होने की खुशी में प्रतीक चिह्न अंग वस्त्र और फूलमाला गुलदस्ता भेंट कर जहां सम्मानित किया वही समारोह में उपस्थित्त बेटियों की विधवा माँ राजकुमारी को भी सम्मानित किया गया ज्ञात हो इसी गाँव के निवासी रवींद्र कुमार कुरील जो होमगार्ड की नौकरी करके अपने बच्चों को पाल रहे थे वर्ष 2017 में अचानक रवींद्र कुमार की मृत्यु हो जाने पर बच्चों के सर से पिता का साया उठ जाने पर बड़ी बेटी कल्पना नेमृतक आश्रित कोटे में होमगार्ड की नौकरी कर परिवार का भरण पोषण करना शुरू किया और अपने छोटे भाई कार्तिक और माँ के साथ उन्नाव के मोहल्ला रामपुरी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की जिसका परिणाम यह हुआ कि अभी पुलिस सेवा के आये परिणाम में तीनों बहनों का चयन आरक्षी पद पर हुआ आज इस समारोह में ग्राम वासियों ने खुशी और सम्मान में आतिशबाजी और गोले दागे सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बृजेश कुमार रावत ने कहा कि प्रतिभाएँ किसी संसाधनों की कमी की मोहताज नहीं होती और इन तीनों बेटियों ने अपने गाँव और मेरी विधान सभा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया हैं इस अवसर पर संस्था के विनोद कुमार मनोज मुकेश ग्राम प्रधान मंगली प्रसाद पूर्व प्रधान शिवकुमार पाल कमलेश पाल रामौतार रामपती कैलाशा कुंवारा रमदेई सहित दो सैकड़ा लोग इस समारोह के साक्षी बनें

## जिला प्रशासन द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो पत्रकार

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

होली पर्व के चलते स्थानीय उन्नाव क्लब में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आयोजित होली कार्यक्रम संपन्न हुआ। जनपद के पत्रकार बंधुओं के साथ होली मिलन हाई-टी कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। इस दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा पत्रकार बंधुओं के साथ जन सामान्य की समस्याओं तथा जनपद के विकास को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएं की।जन सामान्य की समस्याओं तथा जनपद के विकास को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हुई। आए हुए पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से प्रशासनिक अफसर और पत्रकारों के बीच अच्छे सामंजस्य बने रहते हैं। वही प्रेस क्लब के महामंत्री भानू सिंह चंदेल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से पत्रकार और अधिकारियों के मध्य वार्तालाप होने के चलते विकास की नई राह दिखाने लगती है। अन्य पत्रकारों ने भी अपने-अपनी बात को जिलाधिकारी के समझ रखा। सभी को आश्वस्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सामने आई बातों पर विचार किया जाएगा। और जल्द से जल्द इनका निदान किया जाएगा। इस दौरान प्रशासनिक अफसर और पत्रकारों के मध्य फूलों की होली खेली गई।

इस मौके पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना, एडीएम वित्त राजस्व सुशील कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित जनपद के वरिष्ठ व सम्मानित पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## पंछियों को बचाने की मुहिम चला रही योगिता रावत, आंगन में चहचहा रहीं गौरैया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़-पौधों के साथ ही पशु-पक्षियों भूमिका अहम होती है लेकिन आधुनिकता की होड़ के चलते पंछियों की संख्या कम ही नहीं विलुप्त भी होती जा रही है। यदि समय रहे लोग जल्द नहीं चेते तो स्थिति भयावह हो सकती है। कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से जहां पक्षियों की संख्या कम होती जा रही हैं, वहीं कुछ प्रजातियां तो विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं। बुजुर्गो की माने तो दो दशक पूर्व छतों से लेकर आंगन तक गौरैया सहित तमाम तरह की चिड़ियां चहकती रहती थी।लेकिन धीरे धीरे सामाजिक, रहन, सहन आदि मे हुए बदलाव की वजह पंछियों के जीवन पर बड़ा हुआ बुरा असर पड़ा और धीरे धीरे ये आंगन से लेकर छतों से नदारद होने लगे पंछियों की घटती संख्या को देखते हुए तमाम पंछी प्रेमी इन्हे बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। जिनमें कुटौली निवासी योगिता रावत भी हैं। जिनके घर से लेकर बाहर तक आज भी गौरैया सहित दर्जनों तरह की पंछियों की चहचहाट सुनाई देती है।योगिता को पंछियों के साथ साथ प्रकृति से अगाध प्रेम है जिसकी वजह से उन्होंने मिलकर घर के एक तिहाई हिस्से की फुलवारी, तरह तरह के पौधे व बेलदार झाड़ियों को लगाकर पंछी विहार की तरह बना रखा है।जिनमें गौरैया, बुलबुल सहित दर्जनों पंछी अपना आशियाना बनाए हुए हैं। योगिता ने बताया कि घर के एक कोने मे बने घोसलें मे गौरैया ने अंडे दिए जिनसे कुछ दिन पहले ही बच्चे भी बन गए हैं। जो सुबह होते ही चहकने लगते हैं।पूरे घर में एक दर्जन से अधिक घोसलें बने हुए हैं। जिनके खाने पीने के लिए पूरा ध्यान देती हैं।चिडियो व पौधे से बेहद लगाव हैं।जिनमें कई प्रजातियों के पंछी अपना घोंसला बनाए हुए हैं।उनके खाने पीने के लिए पूरा ध्यान देती हैं।

# छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़ 30 नक्सली ढेर

## बीजापुर में 26, कांकेर में 4 शव मिले, शव-हथियार बरामद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डीआरजी डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि गुरुवार दोपहर तक दोनों तरफ से फायरिंग जारी थी। घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

### अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सलमुक्त होगा देश: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'नक्सलमुक्त भारत अभियान' की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षाबलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए। मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।

### 2025 की नक्सल घटनाएं

- 9 फरवरी - बीजापुर जिले में मद्देड़-फरसेगढ़ बॉर्डर मुठभेड़, 31 नक्सली ढेर
- 2 फरवरी- बीजापुर के गंगालूर में मुठभेड़, 8 नक्सली ढेर
- 20-21 जनवरी- छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़, 27 नक्सली ढेर
- 16 जनवरी- छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर, कांकेर पुजारी गांव में 18 नक्सली ढेर
- 12 जनवरी- बीजापुर के मद्देड़ इलाके में मुठभेड़, 2 महिला नक्सली समेत 5 नक्सली ढेर
- 9 जनवरी- सुकमा-बीजापुर बॉर्डर में 3 नक्सली ढेर
- 6 जनवरी-आईडी ब्लास्ट की चपेट में जवानों की गाड़ी आई, 8 जवान शहीद, एक ड्राइवर की भी मौत
- 4 जनवरी- अबूझमाड़ के जंगल में मुठभेड़, एक महिला नक्सली समेत 5 नक्सली ढेर, एक डीआरजी जवान शहीद

### दंतेवाड़ा के पास एंड्री इलाके में एक दिन पहले पहुंची थी फोर्स

पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ अभी भी जारी है।

### डीआरजी का एक जवान भी शहीद

बीजापुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किए हैं। मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद हो गए हैं। इस घटना में बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड का एक जवान भी शहीद हो गया है। कांकेर-नारायणपुर सीमा पर माओवादियो की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी रवाना हुई थी।

### इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में रूक-रूक गोलीबारी अब भी हो रही है। इलाके में तलाशी तलाशी अभियान जारी है। जंगलों में और नक्सलियों की छिपे होने की आशंका है।नक्सलियों के खात्मे के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस लगातार अभियान चल रही है। इसी कड़ी में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

### छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर 31 नक्सली मारे थे

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर 1 महीने पहले 9 फरवरी को 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी के शव रिकवर कर लिए गए थे। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई थी। इस मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के एक-एक जवान भी शहीद हुए थे।

### छत्तीसगढ़ के 11 बड़े एनकाउंटर जिसमें 8 से ज्यादा नक्सली मारे गए

पुलिस के मुताबिक छत्तीसगढ़ में इस साल (2025) अब तक 71 नक्सली मारे गए हैं। इनसे 290 हथियार जब्त किए हुए हैं। पिछले साल यानी 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में करीब 300 नक्सली मारे गए थे।

# महापौर सुनीता दयाल के अथक प्रयास से 38 करोड़ की जमीन कब्ज़ा मुक्त

- डूडाहेड़ा में निगम की जमीन पर जमकर चला बुल्डोजर कई मकान और दुकान ध्वस्त
- बिजली आपूर्ति और समस्त सुविधाओं का अंत
- खाली भूमि पर बालिका विद्यालय की भी लगे हाथ घोषणा

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

अपनी छापामार शैली के लिए प्रसिद्ध गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल का आक्रामक तेवर एक बार फिर कहर बनकर टूटा है । इस बार उनके निशाने पर विजयनगर जोन के भू माफिया रहे । निगम की भूमि पर निजी कालोनी काटकर जनता की खून पसीने की कमाई लूटने वालों पर महापौर का गुस्सा फूटा है। गुस्सा भी ऐसा की खुद खड़े होकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दिलवाया । इसके साथ ही बालिक इंटर कालेज की स्थापना की घोषणा भी कर दिया । जिससे नागरिकों और आस पास इलाकों में घोषणा से हर्ष व्याप्त हो गया है। ज्ञात हो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी के ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर कालोनियां विकसित हो रही हैं। जिसमें प्राधिकरण के अधिकारियों और राजनेताओं के साथ भूमाफियों की कथित साठगांठ के चर्चे आम हैं। इसी का फायदा उठाकर भू माफिया सरकारी जमीनों यकंपर अतिक्रमण करके कालोनियां काटकर जनता के खून पसीने की गाढ़ी कमाई लूटने में लगे हैं। जिनके कृत्यों पर महापौर कहर टूटा है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में जनता को लाभ मिलेगा लेकिन अवैध कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । कानूनी प्रक्रियाओं के तहत प्रशासन कार्यवाही करेगा । इसलिए भू माफिया जल्द से जल्द अपनी आदतें सुधार ले। अवैध कूड़ा गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्रों में डंप करने वालों, सामुदायिक केंद्रों की अवस्थाओं, डीजल चोरी और कलाबाजारी सहित जनता से जुड़े अनेकों अनियमितता के खिलाफ महापौर की छापामार शैली ने सबको पसन्द आई है। भले अपने ही संगठन के कुछ तथाकथित नेताओं की ठेकदारों को संरक्षित करने वाले प्रयास चले हो लेकिन उनके आगे सभी ने घुटने टेके हैं। महापौर की इस शैली से जनता एक बार फिर गलत कार्यों को लेकर लोग बोलने लगे हैं। जिसपर कार्यवाही भी निगम प्रशासन द्वारा हो रही है।

### भू माफिया संभल जाए अन्यथा हश्र इससे भी बुरा होगा

महापौर ने सभी अवैध अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दिया है और सख्त लहजे में सरकारी भूमि पर नज़र गड़ाने से बचने की हिदायत भी दे डाली। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगला नंबर अमुक का है। अब उनके नाम लेवा के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जिस कालोनाइजर के बारे में उन्होंने कार्यवाही की बात कही उसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा है। ज्ञात हो कि नगर निगम और ग्रेटर नोएडा की सीमा का लाभ उठाकर भू माफिया निगम और ग्रीन बेल्ट की जमीनों पर भी कब्जा करके उसका लाभ ले रहे हैं। जिसकी शिकायत जनता लगातार करती रही है। लेकिन प्राधिकरण की सुस्ती और कतिपय अधिकारियों की साठगांठ के कारण ऐसे अवैध कार्यों को प्रश्रय लगातार मिलता है।

# पुस्तक समीक्षा

आज हम बात करने वाले हैं एक ऐसी पुस्तक के बारे में। यह पुस्तक है जिसका विमोचन पिछले दिनों होटल ताज लखनऊ में किया गया था। इसके साथ ही इस पुस्तक का विमोचन डॉक्टर्स के एक होली मिलन समारोह में भी लखनऊ आईएमए के पूर्व अध्यक्ष मशहूर पैथोलॉजिस्ट तथा यूपी मेडिकल काउंसिल के सदस्य डॉक्टर पीके गुप्ता ने किया था। पुस्तक का नाम है ये वह शब्द नहीं और इसकी लेखिका है मशहूर चिकित्सक एवं आईवीएफ स्पेशलिस्ट तथा वालनेसिया टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की संचालक डॉक्टर वरदा शुक्ला। डॉक्टर वरदा शुक्ला पेशे से स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ है लेकिन विज्ञान के साथ ही साथ उनकी साहित्य पर कितनी जबरदस्त पकड़ है इसका अंदाज़ तो पुस्तक पढ़ने के बाद ही पता चल जाता है। विज्ञान का कोई व्यक्ति जब साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश करता है तो मिश्रित प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है और उसमें से भी जब लेखिका यह कहती है कि इतने भौतिक तकनीक विकास उपरांत भी क्या नारी कठपुतली है ? जवाब यह है कि एक स्त्री का शरीर वह सारे उत्तर दे देता है जो स्वर नहीं दे पाते। लेखिका ने पुस्तक में आठ कहानियों के जरिए नारी की व्यथा को रेखांकित करने का प्रयास किया है और बताया है कि एक संवेदनशील महिला के हृदय से मानव जाति की खुशी का स्रोत बनता है। लेखिका ने बहुत ही सुंदर ढंग से यह बताने का प्रयास किया है मूल में पैदा हुई लड़की ही सारी समस्याओं का जड़ है। पुस्तक में लेडी डॉक्टर की क्लीनिक के जरिए जिस नाटक कृति सुख की गुड़िया को पिरोया गया है वह यकीनन लाजवाब है। पुस्तक के लेखिका चूंकी पेशे से डॉक्टर है इसलिए उसने अपनी प्रत्येक कहानी में महिलाओं की समस्याओं तथा उनका वैज्ञानिक अध्ययन करने के बाद उचित शब्दों का चयन करने के बाद ही बाजार में उतारा है। जिसे पढ़ा ही जाना चाहिए और समझा भी जाना चाहिए की मात्रा देह नहीं है औरत। लेखिका ने पुस्तक में ही अपनी आत्मकथा को शब्दों में गढते हुए लिखा है कि महिलाओं के रोग का मुख्य कारण अधिकांश जगह समाज की उनके स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता है। लेखिका आगे लिखती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर इसलिए नहीं मिल पाता क्योंकि वे उनकी प्राथमिकता में है ही नहीं।

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

डॉ. वरदा शुक्ला, एक स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं आईवीएफ स्पेशलिस्ट है, (एमबीबीएस-एमएस)। इनका निजी अस्पताल वेलेंशिया टेस्ट-ट्यूब बेबी सेंटर के नाम से लखनऊ आलमबाग में स्थित है। रम्भिक दिनों से ही समाचार पत्र-पत्रिकाओं के लिए लेखन कार्य में इनकी रूचि थी, स्वस्थ्य नारी सशक्त नारी के मंत्र के हत लेखिका भामिनी फाउन्डेशन नामक सामाजिक कार्यों से ड़ी संस्था की संचालिका भी है।

# पीएम मोदी ने भरवाड़ समाज के समारोह को वर्चुअली किया संबोधित, कहा, विकसित भारत के लिए समर्थन की जरूरत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भरवाड़ समाज के समारोह को वर्चुअल तरीके से संबोधित किया है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, कि हमें अगले 25 वर्षों में विकसित भारत का निर्माण करना है और इसके लिए मुझे भरवाड़ समुदाय के समर्थन की आवश्यकता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा, मैं चाहता हूं कि भरवाड़ समुदाय की बेटियों के पास कंप्यूटर हो; हमें परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने - बावलीयाली धाम आस्था, संस्कृति और धर्म का स्थान बताया।

### भरवाड़ समुदाय से पीएम मोदी ने की अपील

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान भरवाड़ समुदाय से प्राकृतिक खेती अपनाने और एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का भी आग्रह किया। पीएम मोदी ने कहा- हमारा पहला कदम हमारे गांवों को विकसित बनाना है।

### पीएम मोदी ने किसान क्रेडिट कार्ड का जिक्र

पीएम मोदी ने इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड का भी जिक्र किया, उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड पहले केवल किसानों को ही जारी किया जाता था। अब हमने इसका लाभ पशुपालकों को भी दिया है, जिससे वे कम ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

# हाउस टैक्स पर 12 प्रतिशत ब्याज लागू होने में 12 दिन शेष, वसूली के लिए निगम की जारी है कड़ी कार्यवाही

- 12 दिन में 36 करोड़ 90 लाख हाउस टैक्स वसूली हेतु निगम का टारगेट
- संपत्ति कर को समय से जमा करें शहरवासी, नगर आयुक्त की अपील

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली को लेकर निरंतर कार्यवाही की जा रही है जिसमें पांचो जोन के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही जोनल स्तर से हो रही है जिसमें बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए सीलिंग की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी संपत्तियों पर संपत्ति कर वसूलने के लिए अवकाश दिवसों में भी टैक्स विभाग कार्य कर रहा है कई स्थानों पर कैंप भी लगाए जा रहे हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव द्वारा बताया गया कि 31 मार्च के उपरांत बकाया हाउस टैक्स पर 12प्रतिशत का ब्याज भी लगेगा जिससे करदाताओं पर हाउस टैक्स की देयता बढ़ जाएगी जिससे पूर्व अपना हाउस टैक्स सभी करदाता जमा कर दें लगातार अपील की जा रही है, 12 प्रतिशत ब्याज लगने के लिए 12 दिन शेष बचे हैं जिसके लिए हाउस टैक्स वसूली की गति भी बढ़ रही है, कवि नगर जोन अंतर्गत बेहतर कार्य आवश्यक वसूली को लेकर किया गया है, 12 दिन के भीतर 21 करोड़ की वसूली वसुंधरा ज़ोन को करनी है, विजयनगर को 90 लाख मोहन नगर को 4 करोड़ कवि नगर को 2 करोड़ तथा सिटी जॉन को 9 करोड़ की वसूली लक्ष्य पूर्ति करते हुए करनी है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी आवासीय तथा व्यवसायिक भवन पर हाउस टैक्स की वसूली जारी है बड़े बकायदार को टारगेट किया जा रहा है 12 दिन के भीतर सभी सम्मानित करदाता अपना हाउस टैक्स अनिवार्य रूप से जमा कर दें अपील की जा रही है, पार्षदों द्वारा भी अपने-अपने वार्ड में हाउस टैक्स वसूली कैंप लगवा कर दाताओं को हाउस टैक्स जमा करने के लिए जागरूक करें तथा टीम को समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 लोगों पर देशद्रोह का मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर**

नागपुर में सांप्रदायिक झड़पों के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम खान सहित 6 आरोपियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत सूचना देकर अशांति फैलाने के आरोप में देशद्रोह का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि मामले की तफ्तीश के दौरान कई अन्य लोगों के खिलाफ भी देशद्रोह की धाराएं लगाई जा सकती हैं। नागपुर पुलिस ने हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति स्थापित होने के बाद चरणबद्ध तरीके से कर्फ्यू में ढील देना शुरू किया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा, हम स्थिति का अध्ययन कर रहे हैं और निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागपुर हिंसा मामले में अब तक 91 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 80 वयस्क और 11 नाबालिग शामिल हैं। आयुक्त सिंघल ने बताया कि नंदनवन और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में लगाया गया कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया है, जबकि लकड़गंज, पंचपावली, शांति नगर, सक्करदरा और इमामवाड़ा क्षेत्रों में दो घंटे की छूट के साथ कर्फ्यू में ढील दी गई है। हालांकि, कोतवाली, तहसील और गणेश पेठ पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में कर्फ्यू पूरी तरह लागू रहेगा। नागपुर साइबर के प्रमुख डीसीपी लोहित मतानी ने कहा कि अब तक चार एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि हमने फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब अधिकारियों से उनके प्लेटफॉर्म पर 230 प्रोफाइल के बारे में जानकारी मांगी है और उन्हें ब्लॉक करने का अनुरोध किया है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि जैसे ही विभाग को जानकारी मिलेगी, आरोपियों की पहचान की जाएगी और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। हमारी जांच से पता चला है कि सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो शेयर किए जाने के बाद शुरू में गलत सूचना फैलाई गई, जिससे हिंसा भड़की और फिर और वीडियो में हिंसा का महिमामंडन किया गया। इस बीच, महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, उन्हें 48 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाना चाहिए। महाराष्ट्र साइबर विभाग ने नागपुर में हुई हिंसा के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सांप्रदायिक अशांति फैलाने के उद्देश्य से पोस्ट और वीडियो सहित 140 से अधिक आपत्तिजनक सामग्री की पहचान की है।

### टिन की चादरों से ढका गया औरंगजेब का मकबरा

महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग के बीच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 18वीं सदी के इस ढांचे को दोनों तरफ से टिन की चादरों से ढंक दिया। यह निर्णय जिला प्रशासन ने दो दिन पहले लिया था। कलेक्टर दिलीप स्वामी और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार राठौड़ ने एएसआई अधिकारियों के साथ दो दिन पूर्व खुलताबाद स्थित मकबरे का दौरा किया था। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को ढांचे के दोनों तरफ टिन की चादरें और तार की बाड़ लगा दी गई। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी ने बताया कि मकबरे के चारों ओर एक गोलाकार बाड़ भी लगाई जाएगी।

# एलन मस्क की कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर किया मुकदमा, आईटी अधिनियम के दुरुपयोग का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाषा में अपशब्दों और गलत शैली के इस्तेमाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट ग्रोक सवालों के घेरे में है। केंद्र सरकार इस मामले में जांच की तैयारी में है। इसे लेकर सरकार एक्स के अधिकारियों के संपर्क में भी है। इसी बीच, एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी %एक्स% ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। अपनी याचिका में एक्स ने गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है। साथ ही एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के उपयोग को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर एक्स ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। एक्स ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकार धारा 69ए में लिखी गई कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए समानांतर कंटेंट को रोकने के लिए तंत्र बनाने के लिए आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) का उपयोग कर रही है। अपनी याचिका में एक्स ने दावा किया कि केंद्र का रुख श्रेया सिंघल मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2015 के फैसले से उलट है। उस फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कंटेंट को केवल उचित न्यायिक प्रक्रिया या धारा 69 ए के तहत कानूनी रूप से रोका जा सकता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) के अनुसार, धारा 79 (3) (बी) ऑनलाइन प्लेटफार्मों को अदालत के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाने का आदेश देती है।

### क्या कहता है आईटी अधिनियम

बता दें कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) का कहना है कि आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को न्यायालय के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाने का आदेश देती है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई प्लेटफॉर्म 36 घंटों के भीतर ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे धारा 79(1) के तहत अपने बचाव के रास्ते खो देगा। इतना ही नहीं उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) सहित विभिन्न कानूनों के तहत जवाबदेह भी ठहराया जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर एक्स ने इस व्याख्या का विरोध किया है। एक्स ने यह तर्क दिया है कि ये प्रावधान सरकार को ऑनलाइन सामग्री को रोकने का स्वतंत्र अधिकार नहीं देता है। साथ ही एक्स ने अधिकारियों पर उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाना सेंसरशिप लगाने के लिए कानून का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

### ग्रोक द्वारा अपशब्दों के प्रयोग को लेकर आईटी मंत्रालय जांच की तैयारी में

वहीं, एक्स ने यह कदम तब उठाया है, जबकि ग्रोक द्वारा अपशब्दों के प्रयोग किए जाने के मामले में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय जांच की तैयारी में है। मंत्रालय मे कहा है कि वह एआई चैटबॉट ग्रोक के हिंदी में अपशब्द बोलने की हालिया घटनाओं को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के संपर्क में है और वह इस मामले की जांच करेगा। सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय उन कारकों की जांच करेगा, जिनके कारण अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। बता दें कि एलन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक ने हाल ही में उपयोगकर्ताओं की तरफ से उकसाने के बाद हिंदी में अपशब्दों से भरी प्रतिक्रिया दी। सोशल मीडिया पर एआई के भविष्य को लेकर बहस छिड़ गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)